CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 07°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 7 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 22 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मायावती ने की फिल्म घूसखोर पंडत पर प्रतिबंध लगाने की मांग पेज 2



वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 विश्वकप के फाइनल में सबसे तेज शतक ठोका खेल टाइम्स



चैनलों का खेल खत्म, सरेंडर हो रहे हैं लाइसेंस सम्पादकीय



अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी पेज 12

# 30 सप्ताह की गर्भावस्था समाप्त करने की अनुमति

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दे दी। न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला को, और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को, उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती है।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका मन नहीं हो कि वह बच्चे को जन्म दे और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार-बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा सकता है, जो उसकी मर्जी के बिना है। अदालत ने कहा कि अदालत किसी भी महिला को, नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो। न्यायालय ने माना कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होगा कि नाबालिग की वह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंततः एक जिंदगी को दुनिया में लाना है, लेकिन इस मामले में नाबालिग की स्पष्ट अनिच्छा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वे सभी आवश्यक चिकित्सा संबंधी उपायों का पालन करते हुए गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की प्रक्रिया शुरू करें। यह फैसला भारत में गर्भपात कानून के तहत 'प्रजनन अधिकारों' की व्याख्या में एक मील का पत्थर माना जा रहा है। कारण यह है कि 24 सप्ताह की कानूनी सीमा के बाद भी विशेष परिस्थितियों में अदालत ने इस लड़की की पसंद को प्राथमिकता दी है। उल्लेखनीय है कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी संशोधन अधिनियम 2021 के अनुसार गर्भपात की समय सीमा को विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित किया गया है। सामान्य परिस्थितियों में सभी महिलाओं के लिए 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति है, मगर इसके लिए डॉक्टर की सलाह आवश्यक है। विशेष श्रेणियों की महिलाओं जैसे कि दुष्कर्म का शिकार बनी लड़कियां, नाबालिग, विधवाओं, दिव्यांगों या गंभीर बीमारी से पीड़ित महिलाओं के लिए यह सीमा 24 सप्ताह तक निर्धारित है और इसके लिए दो डाक्टरों की इजाजत अनिवार्य है। यदि गर्भ में पल रहे भ्रूण को गंभीर बीमारी है, तो राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति के बाद 24 सप्ताह के बाद भी गर्भपात कराया जा सकता है।

**शीर्ष अदालत ने 'प्रजनन स्वायत्तता' को दी प्राथमिकता**



### दल-बदल मामला: तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को दी अवमानना की चेतावनी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के भीतर 'सकारात्मक' रूप से निर्णय लें। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अगर इस समय सीमा का पालन नहीं किया गया, तो उनके विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ शुक्रवार को 31 जुलाई 2025 के अपने उस आदेश के अनुपालन की समीक्षा कर रही थी, जिसके तहत अध्यक्ष को कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था।

# रेपो रेट में बदलाव नहीं, लोन महंगा नहीं होगा

मुंबई,वार्ता

**आरबीआई ने** इस बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 6 फरवरी को मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में लिए फैसलों की जानकारी दी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी, आरबीआई ने दिसम्बर में ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाकर 5.25 फीसदी की थीं। आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। जब आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों को सस्ता कर्ज मिलता है और वो इस फायदे को ग्राहकों तक पहुंचाते हैं। 2025 में चार बार में 1.25 फीसदी की कटौती की गई थी। रिजर्व बैंक ने एक नया फ्रेमवर्क लाने का प्रस्ताव रखा है, जिसके तहत छोटे अमाउंट वाले फ्रॉड ट्रांजैक्शन में नुकसान झेलने वाले ग्राहकों को 25 हजार तक का मुआवजा दिया जाएगा। गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि आप सभी जानते हैं कि हाल के दिनों में कई धोखाधड़ी वाले ट्रांजेक्शन हुए हैं, जिन्हें रोकने के लिए रिजर्व बैंक ने कई कदम उठाए हैं। इसी सिलसिले में हम डिजिटल पेमेंट की सुरक्षा बढ़ाने के उपायों पर एक डिस्कशन पेपर भी जारी करने वाले हैं।



- ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी
- आरबीआई ने ब्याज दर 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखी

### लोन-रिकवरी एजेंट अब ग्राहकों को परेशान नहीं कर सकेंगे

**मुंबई।** बैंक से लोन लेने वाले और डिजिटल ट्रांजैक्शन करने वाले करोड़ों ग्राहकों के लिए राहत की खबर है। आरबीआई ने लोन रिकवरी एजेंटों की मनमानी और बैंकों द्वारा की जा रही मिस-सेलिंग पर लगाम लगाने के लिए सख्त गाइडलाइंस लाने का फैसला किया है। शुक्रवार को एमपीसी)0 की बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बताया कि केंद्रीय बैंक तीन नए ड्राफ्ट रेगुलेशन जारी करने जा रहा है। इनका मकसद ग्राहकों की सुरक्षा को मजबूत करना और बैंकों की जवाबदेही तय करना है। इन नियमों के लागू होने के बाद रिकवरी एजेंट ग्राहकों को डरा-धमका नहीं पाएंगे और न ही बैंक आपको ऐसा इंश्योरेंस या लोन दे पाएंगे, जिसकी आपको जरूरत नहीं है।

# इस्लामाबाद की शिया मस्जिद में धमाका, 31 मरे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की एक मस्जिद में आत्मघाती हमला किया गया। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान तरलाई इलाके की इमाम बारगाह खदीजत-उल-कुबरा में जोरदार धमाका हुआ। इस विस्फोट में कई लोगों के हताहत होने की खबर है। ब्लास्ट के बाद पूरे शहर में इमरजेंसी लगा दी गई है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ा लिया था। जहां यह धमाका हुआ है वो शिया मस्जिद है। इस धमाके में 31 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 169 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। घटना के बाद पूरे इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक यह धमाका एक सुसाइड बॉम्बिंग यानी आत्मघाती हमला था। यह हमला ऐसे वक्त हुआ है, जब उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव पाक की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी पुलिस के -शेष पृष्ठ दो पर

- जुमे की नमाज के दौरान हुआ हमला
- फितना अल-ख्वारिज से जुड़े हमलावर ने गेट पर रोके जाने के बाद खुद को उड़ाया

# उत्तराखंड-नेपाल बॉर्डर पर बारात की बस गहरी खाई में गिरी,13 की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)।** जनपद पिथौरागढ़ के झूलाघाट कस्बे में भारतीय सीमा से लगे नेपाल के बैतड़ी में गुरुवार (5 फरवरी) को देर रात्रि भीषण सड़क हादसा हुआ। हादसे में 13 बारातियों की मौत हो गई, जबकि 34 गंभीर घायल हो गए।

मौत का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। बताया जा रहा है कि बस बारात को लेकर बैतड़ी से बजांग जा रही थी। गुरुवार देर रात्रि बैतड़ी के पुरचूंणी नगरपालिका भवने गांव से दुल्हन लेकर बजांग के सुनकुडा जा रही बस पुरचूंणी के बड़गांव मोड़ पर अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। 34 लोग गंभीर घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में रेस्क्यू कर नजदीकी हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है।

- 34 लोग घायल, कई की हालत गंभीर, गुरुवार देर रात हुआ हादसा

### दुर्घटना में मरने वालों के नाम

केशव राज जोशी (40), अशोक राज जोशी (13), बसंत राज जोशी, बिष्णु दत्त जोशी (41), नरेश राज जोशी (42), बिशन दत्त जोशी (17), दीपक जोशी (28), किशन जोशी (46), (ये सभी बजांग बित्थड चीर गांव पालिका 7 निवासी), मोहन देव भट्ट (60), बजांग केदारस्यु गांव पालिका निवासी, केशव भट्ट (27), बजांग केदारस्यु गांव पालिका निवासी, बसंत राज रतला (40), निवासी बजांग जय पृथ्वी नगर पालिका 7. पुष्पा अवस्थी (40), निवासी बैतड़ी पुरचूंणी नगरपालिका 7. सुशील जोशी, बैतड़ी पुरचूंणी नगरपालिका 7 निवासी

# गढ़चिरौली में मुठभेड़ 25 लाख के इनामी समेत सात नक्सली मारे गए

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ में तेलंगाना का कुख्यात नक्सली प्रभाकर उर्फ लोकेटी चंदर राव, जिस पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था, मारा गया।

कार्रवाई में कुल सात नक्सली ढेर किए गए हैं। प्रभाकर नक्सली संगठन का शीर्ष कैडर नेता था और महाराष्ट्र-तेलंगाना सीमा पर माओवादी गतिविधियों को अंजाम देने में उसकी अहम भूमिका रही है। वह लंबे समय से सुरक्षाबलों की हिट लिस्ट में था और उस पर कई गंभीर नक्सली वारदातों में शामिल होने के आरोप थे। इस अभियान में गढ़चिरौली पुलिस की विशेष नक्सल विरोधी इकाई सी-60 की 14 टुकड़ियों ने नारायणपुर गढ़चिरौली सीमा पर फोडेवाड़ा गांव के पास मोर्चा संभाला। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच यह मुठभेड़ पिछले तीन दिनों से चल रही थी। जंगलों में चलाए गए व्यापक तलाशी और घेराबंदी अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में सात माओवादी मारे गए। मारे गए सात नक्सलियों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। गुरुवार रात को तीन नक्सलियों के शव बरामद किए गए, जबकि शुक्रवार को इलाके से चार और शव मिले। इस बीच नक्सल विरोधी अभियान में घायल होने के बाद सी-60 जवान दीपक चिन्ना मदावी (38), जिनको पहले भामरागड ले जाया गया था, उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

- अभियान में सी- 60 के जवान दीपक चिन्ना मदावी भी शहीद

## संक्षिप्त समाचार

### युवराज मौत मामला : हाईकोर्ट ने दिया बिल्डर अभय कुमार की रिहाई का आदेश

**प्रयागराज।** उप्र के नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की गडढे में गिरने से हुई मौत के मामले में गिरफ्तार बिल्डर अभय कुमार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने तत्काल रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश सिद्धार्थ और न्यायाधीश जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने हैबियस कॉर्पस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया। याचिकाकर्ता अभय कुमार ने अपनी गिरफ्तारी, हिरासत और रिमांड को अवैध घोषित किए जाने तथा अवैध हिरासत से मुक्त करने की मांग की थी।

### आंतरिक रिक्ति के लिए आईपीएस मीणा का दावा खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को तमिलनाडु कैडर के 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने उसी चयन वर्ष के लिए राजस्थान कैडर में एक आंतरिक रिक्ति के आवंटन की मांग की थी। अदालत ने कहा कि इस तरह के विलंबित दावों पर विचार नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे कैडर आवंटन की व्यवस्था को अस्थिर कर देंगे।

# जन सुराज पार्टी की याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रशांत किशोर के नेतृत्व वाली जन सुराज पार्टी द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव, 2025 को चुनौती देने वाली रिट याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिसमें उन्होंने राज्य में नए सिरे से चुनाव कराने का निर्देश देने की मांग की थी।

जब पीठ ने मामले पर सुनवाई करने में अनिच्छा व्यक्त की, तो याचिकाकर्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी और उच्च न्यायालय में अपील करने की स्वतंत्रता मांगी। उन्हें यह स्वतंत्रता प्रदान करते हुए, मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने याचिका को वापस लिया हुआ मानकर खारिज कर दिया। इस रिट याचिका को संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत दायर किया गया था।

- बिहार में नए सिरे से चुनाव कराने की थी मांग

# भारत ने छठी बार जीता अंडर-19 विश्वकप

### इंग्लैंड को फाइनल में 100 रनों से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और छठी बार विश्व कप का खिताब जीत लिया। भारत ने इंग्लैंड को फाइनल में 100 रनों से हराया। भारत ने इंग्लैंड के सामने 412 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन पर सिमट गई।

टीम इंडिया के लिए वैभव सूर्यवंशी फाइनल के सुपरस्टार रहे। उन्होंने 80 गेंद में 175 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं, इंग्लैंड की ओर से कैलब फाल्कनर ने शतक जड़ा, लेकिन टीम को नहीं जिता पाए। फाल्कनर ने 67 गेंद पर 115 रन की पारी खेली। भारत पूरे टूर्नामेंट के दौरान अजेय रहा और ग्रुप चरण से लेकर फाइनल मुकाबले तक कोई टीम आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली टीम को हरा नहीं सकी। भारत के लिए वैभव सूर्यवंशी, आयुष म्हात्रे और अभिज्ञान कुंडू ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान -शेष पृष्ठ दो पर




# धामपुर में फर्जी आईबी डिप्टी कमिश्नर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** खुद को इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) का डिप्टी कमिश्नर बताकर बिजनौर जनपद के पुलिस अधिकारियों, प्रशासनिक सरकारी अधिकारियों के अमले पर रौब गांठने वाले शातिर व्यक्ति को मेरठ एसटीएफ ने धामपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मनोज कुमार पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी ग्राम त्रिलोकवाला, थाना नगीना के रूप में हुई है। वह नगीना मार्ग स्थित गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास बीते करीब पांच वर्षों से किराए के मकान में रह रहा था।

शासन स्तर पर शिकायत पहुंचने के बाद मामले की गोपनीय जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि आरोपी लगातार खुद को आईबी का बड़ा अधिकारी बताकर अधिकारियों पर अपने पक्ष में कार्रवाई कराने का दबाव बनाता रहा। इसके बाद मेरठ एसटीएफ की टीम ने इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में धामपुर पहुंचकर उसे हिरासत में लिया। फिलहाल आरोपी से कोतवाली में पूछताछ जारी है और उसके संपर्कों की भी जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बीते 24 दिसम्बर को मनोज की पत्नी अपर्णा का ईदगाह के सामने एक्सीडेंट हो गया था। गंभीर हालत में उसे मुरादाबाद ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद मनोज ने खुद को आईबी का डिप्टी कमिश्नर बताते हुए बिजनौर के आला पुलिस अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों -शेष पृष्ठ दो पर



- एसटीएफ मेरठ ने किया खुलासा, पुलिस अफसरों और नेताओं पर रौब गांठ कर वर्षों से बनाता रहा दबाव, नेटवर्क खंगाल रही एसटीएफ

### दवाइयों का होलसेल कारोबार, डाक्टरों से भी जान-पहचान

बताया जा रहा है कि मनोज गुलमोहर रेस्टोरेंट के पास गली में स्थित रिटायर्ड कानूनगो के मकान मे किराए पर रहता था। दवाइयों का होलसेल कारोबार करता था। धामपुर के कई निजी चिकित्सकों और मेडिकल स्टोर संचालकों से उसके संपर्क थे। चिकित्सकों से भी वह खुद को आईबी अधिकारी बताकर जान-पहचान बनाता था, जिससे उसका रौब और प्रभाव बना रहता था।

### खुफिया तंत्र पर उठे सवाल

पिछले पांच वर्षों से धामपुर में रह रहे मनोज की पत्नी स्थानीय एक निजी अस्पताल में कार्यरत थी और उसका मायका भी धामपुर क्षेत्र के एक गांव में बताया जा रहा है। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस और जिले का खुफिया विभाग उसकी गतिविधियों को समय रहते पकड़ नहीं सका। गैर जनपद मेरठ से आई एसटीएफ टीम द्वारा की गई कार्रवाई के बाद ही पूरे मामले का पर्दाफाश हो सका। एसटीएफ आरोपी के नेटवर्क, लेन-देन और संपर्कों की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी ने किन-किन मामलों में फर्जी अधिकारी बनकर दबाव बनाया, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

# दिल्ली: सड़क पर खुदे गड्ढे में गिरकर बाइक सवार की मौत

**नई दिल्ली।** वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी इलाके में दिल्ली जल बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गए 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात को हुआ। मृतक की पहचान कैलाशपुरी निवासी कमल भयानी (25) के रूप में हुई है, जो एक प्राइवेट बैंक के कॉल सेंटर में काम करता था। सुबह करीब 8 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक गड्ढा डीजेबी ने कंस्ट्रक्शन के लिए खोदा था और सड़क कुछ दिनों से बंद थी। पुलिस घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तीन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। इनमें एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। साथ ही प्रोजेक्ट कंपनी पर कार्रवाई होगी और डीजेबी पीड़ित परिवार को मुआवजा देगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पीडीए पाठशाला को जनआंदोलन में बदलने का आह्वान

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि 'पीडीए पाठशाला' के सांकेतिक आंदोलन को अब वास्तविक और जमीनी जनआंदोलन में बदलना होगा। तभी शोषित-वंचित समाज की आने वाली पीढ़ियां पढ़-लिखकर आगे बढ़ सकेंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की शिक्षा-विरोधी सोच के कारण प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद कराया जा रहा है। अखिलेश यादव ने अपने बयान में कहा है कि भाजपा जानती है कि शिक्षा से लोगों में जागरूकता और वैज्ञानिक चेतना आती है, जो उसकी दक़ियानूसी, रूढ़िवादी और संकीर्ण सोच के लिए खतरा है। इसी वजह से भाजपा शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान के खिलाफ रहती है और उसके संगी-साथी बच्चों को एकरंगी नकारात्मक विचारधारा में ढालना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों से शिक्षा और तालीम का अधिकार छीनना एक गंभीर सामाजिक अपराध है, जिसका सबसे ज्यादा नुकसान पीडीए समाज को ही उठाना पड़ेगा।

### योगी ने लता को पुण्यतिथि पर दी विनम्र श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय संगीत को अपनी दिव्य स्वर-साधना से विश्व पटल पर प्रतिष्ठित करने वाली स्वर कोकिला, 'भारत रत्न' लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि लता मंगेशकर का अद्वितीय गायन और संगीत के प्रति उनका आजीवन समर्पण कला जगत के लिए एक अमूल्य धरोहर है। उनकी मधुर वाणी और संगीत साधना सदैव हमारे हृदयों में जीवंत रहेगी तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती रहेगी।

# प्रधानमंत्री पद पर बैठा व्यक्ति मनोबल टूटने पर ही बोलेगा अपशब्द

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ हमारे पूछे गए सवालों का जवाब देने की ताकत नहीं: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति यदि अपशब्द और असत्य बोलने लगता है, तो इसका सीधा मतलब यही होता है कि उनमें कोई हताशा है, जिसके कारण उनका मनोबल टूट गया है।

खड़गे ने प्रधानमंत्री के राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर गुरुवार को दिए गए जवाब पर एक वीडियो पोस्ट में शुक्रवार को कहा कि मोदी ने 97 मिनट पर अपना भाषण दिया और इसमें वह सब असत्य ही दोहराते रहे हैं। जब हमने अभिभाषण पर अपनी बातें रखी उनका भी प्रधानमंत्री ने जवाब नहीं दिया। वह सिर्फ 100 साल, 75 साल, 50 साल की बात करते रहे। इसका मतलब यही है कि मोदी के पास हमारे पूछे गए सवालों का जवाब देने की शक्ति ही नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी कांग्रेस पर सिखों का अपमान करने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि सच यह है कि उन्होंने खुद सिखों का अपमान किया है। मोदी ने खुद पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का अपमान किया था। दरअसल सिखों का अपमान तो प्रधानमंत्री ने किया है। मोदी ने कहा कि हमने सिखों का अपमान किया। मतलब सदन के बाहर दो लोगों की बातचीत हुई, उसे सिखों का अपमान कह दिया गया। उनका कहना था कि कांग्रेस सिखों का बहुत आदर करती है, कांग्रेस सरकार में डा. मनमोहन सिंह वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन श्री मोदी न सिखों का आदर करते हैं, न दलितों का और न ही आदिवासियों का। खड़गे ने ये बातें दिखाती हैं कि श्री मोदी का मनोबल टूट चुका है, उनकी रौनक कम हो गई है। वे कहते हैं मुझे गालियां देते हैं, दो किलो गालियां दीं, एक कुंतल गालियां दीं तो क्या गालियां तोलते हैं। उन्होंने मुझे तो बहुत गालियां दी हैं। और खुद के लिए कहते हैं दो-दो किलो, एक-एक कुंतल गालियां मुझे देते हैं और ये क्या है। प्रधानमंत्री पद पर बैठा इंसान अगर लोकतंत्र और देश के लिए अपशब्द कहे, तो ये अच्छी बात नहीं है। उन्होंने लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की पुस्तक के अंश पढ़ने नहीं देने का भी जिक्र किया और कहा ष्वे कहते हैं कि किताब छपी ही नहीं है। जब नरवणे जी की किताब हमें मिल गई, तो सत्ता में बैठे लोगों को कैसे नहीं मिली। वे संसद में कह रहे हैं कि किताब अभी प्रकाशित ही नहीं हुई है। अमित शाह हो या राजनाथ सिंह सभी ने बार-बार किताब न होने की बात की, लेकिन असलियत में किताब मौजूद है। जब नरवणे जी की किताब के बारे में राहुल गांधी ने संसद में बोला, तो पूरे सत्ता पक्ष को जाने क्यों बुरा लगा।

# 'घूसखोर पंडत' पर लगे प्रतिबंध: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वेब सीरीज 'घूसखोर पंडत' में 'पंडित' शब्द को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने इसे बेहद दुखद और चिंताजनक बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं, अब फिल्मों के माध्यम से भी एक विशेष वर्ग का अपमान किया जा रहा है, जिससे पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है।

मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि फिल्म में 'पंडित' को 'घुसपैठिया' बताकर पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर किया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की जातिसूचक टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाली हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। बसपा प्रमुख ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी पार्टी इस तरह की टिप्पणी की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि ऐसी जातिसूचक और समाज को बांटने वाली फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि सामाजिक तनाव को रोका जा सके। मायावती ने कहा कि संविधान सभी वर्गों को सम्मान और समानता का अधिकार देता है, ऐसे में किसी भी माध्यम से किसी समाज को अपमानित करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में त्वरित और कठोर कार्रवाई करने की अपील की।

### पदाधिकारियों की अहम बैठक आज

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शनिवार को पार्टी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। इस बैठक में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों को बुलाया गया है। पार्टी की तरफ से एक आधिकारिक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। बैठक से पूर्व मायावती मीडिया को संबोधित करेंगी।

# यूपी में दावे व आपत्तियों की तारीख एक महीने बढ़ी

**लखनऊ, वार्ता**

■ अब 10 अप्रैल को आएगी फाइनल वोटर लिस्ट: रिणवा


यूपी में एसआईआर पर दावे और आपत्तियों की तारीख एक महीने तक बढ़ा दी गई है। अब 6 फरवरी की जगह 6 मार्च तक फॉर्म-6 और फॉर्म-7 जमा करवाया जा सकता है। नोटिस की सुनवाई की प्रक्रिया 27 मार्च तक चलेगी, इसके बाद 10 अप्रैल को इलेक्शन कमीशन की तरफ से फाइनल मतदाता सूची जारी की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 27 अक्टूबर को एसआईआर की प्रक्रिया की शुरुआत की गई थी। घर-घर जाकर बीएलओ की तरफ से गणना का काम 4 नवंबर से शुरू किया गया था, फिर 6 जनवरी को मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी किया गया था। नवदीप रिणवा ने बताया कि राजनीतिक दलों और नागरिकों की अपील पर चुनाव आयोग ने समय बढ़ाने का निर्णय लिया है। हमारा लक्ष्य है कि मतदाता सूची पूरी तरह से सटीक और समावेशी बने। पहले दावा-आपत्ति की अवधि 6 फरवरी में समाप्त हो रहा था, लेकिन अब यह मार्च तक बढ़ा दिया गया है। विसंगतियों और नोटिस के जवाब का निपटारा 27 मार्च 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। विदेश में रह रहे नागरिक भी फॉर्म 6। भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। नवदीप रिणवा ने कहा कि प्रदेश में देश की सबसे बड़ी मतदाता संख्या है। यहां लगभग 15 करोड़ से अधिक वोटर हैं है। एसआईआर 2026 की प्रक्रिया पिछले साल से चल रही है। एसआईआर का उद्देश्य पुरानी सूचियों से लिंकिंग, डुप्लीकेट नाम हटाना और नई एंट्रीज को सुनिश्चित करना है।

## विधानसभा चुनाव से पहले सभी दल पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटे

# चुनाव से पूर्व यूपी भाजपा में अंतर्विरोधों की आहट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ सरकार-संगठन के बीच खिंचती रेखा बनी चुनौती, विरोधी सुरों ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दल पूरी ताकत के साथ तैयारियों में जुटे हैं। इसी बीच सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के भीतर उभरते विरोधी सुरों ने पार्टी नेतृत्व की चिंता बढ़ा दी है। जनप्रतिनिधियों बनाम अधिकारियों और सरकार बनाम संगठन के बीच खिचती रेखा अब सार्वजनिक बहस का विषय बनती जा रही है। 30 जनवरी को महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और स्थानीय भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के बीच सड़क पर हुआ तीखा विवाद इसी अंतर्विरोध का ताजा उदाहरण माना जा रहा है। हालांकि पार्टी नेतृत्व ने इसे मामूली घटना बताया, लेकिन सियासी गलियारों में इसे सत्ता और संगठन के बीच असंतुलन की एक कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। महोबा में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत के बीच हुई तीखी नोकझोंक को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने संक्षिप्त प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि पूरा मामला पार्टी के संज्ञान में है। इस मामले में दोनों नेताओं से बात कर ली गई है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के भीतर अनुशासन की दीवार में दरार दिखाई दी हो। बीते कुछ वर्षों में ऐसे कई प्रसंग सामने आए हैं, जब जनप्रतिनिधियों की महत्वाकांक्षा और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर असंतोष खुलकर सामने आया। इससे पहले जुलाई 2022 में जलशक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक द्वारा अधिकारियों पर उपेक्षा और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए सार्वजनिक रूप से इस्तीफा देना, इसी बेचैनी का बड़ा संकेत था। हालांकि बाद में मामला संभाल लिया गया, लेकिन तब यह संदेश साफ चला गया कि अंदरखाने सब कुछ ठीक नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी पार्टी के भीतर कलह खुलकर सामने आई थी। मुजफ्फरनगर सीट से चुनाव लड़ रहे केंद्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान और भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम के बीच चली तीखी जुबानी जंग का असर कई सीटों पर पड़ा। चुनाव परिणाम आने के बाद सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ने खुले तौर पर अपनी हार के लिए पार्टी के ही मंत्री और विधायक पर आरोप लगाकर सियासी तापमान और बढ़ा दिया।

### खींचतान खुलकर आने लगी सामने

उत्तर प्रदेश की सियासत में सत्ताधारी भाजपा के भीतर ही नहीं, बल्कि भाजपा और उसके सहयोगी दलों के मंत्रियों के बीच भी खींचतान खुलकर सामने आने लगी है। ताजा मामला कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर और अनिल राजभर के बीच बढ़ते टकराव का है, जो अब सार्वजनिक मंचों तक पहुंच गया है। दोनों नेता न सिर्फ एक ही जाति से आते हैं, बल्कि एक ही इलाके के निवासी हैं और योगी सरकार में कैबिनेट स्तर के मंत्री भी हैं। लंबे समय से चली आ रही आपसी अदावत अब तीखी बयानबाजी में बदलती दिख रही है। कुछ दिन पहले अनिल राजभर एक कार्यक्रम में भाषण दे रहे थे, तभी पीला गमछा पहने कुछ लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इससे नाराज मंत्री अनिल राजभर ने नारेबाजी कर रहे लोगों को ओम प्रकाश राजभर का समर्थक बताते हुए कहा कि जैसा इनका नेता चोर है, वैसे ये भी चोर हैं। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए ओम प्रकाश राजभर ने अनिल राजभर पर पलटवार करते हुए कहा कि उंगली उठाने वाले 23 साल पहले लोहे की दुकान चलाते थे और चोरी करते थे।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 83580.40
निफ्टी 25693.70




सोना 151489
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार देश



चांदी रु. 241184
प्रति किलो



# एफएमसीजी, निजी बैंकों में लिवाली से चढ़े प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को शुरुआती गिरावट के बाद एफएमसीजी और निजी बैंकों के शेयरों में तेजी रही और प्रमुख सूचकांक हरे निशान में बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक (0.32 प्रतिशत) ऊपर 83,580.40 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 50.90 अंक चढ़कर 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। सुबह सेंसेक्स एक समय 388 अंक टूट गया था, लेकिन रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मौद्रिक नीति बयान से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से दोपहर बाद लिवाली से यह 288 अंक चढ़ गया था। केंद्रीय बैंक ने रेपो तथा दूसरी नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने साफ कहा कि लंबे समय तक रेपो दर निचले स्तर पर बनी रहेगी। नीतिगत स्तर पर रिजर्व बैंक ने एमएसएमई के लिए रेहन-मुक्त ऋण की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने की घोषणा की। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.36 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.27 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। एफएमसीजी सेक्टर का सूचकांक 2.27 प्रतिशत चढ़ा। निजी बैंक, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांकों में भी तेजी रही। वहीं निफ्टी आईटी सूचकांक 1.47 प्रतिशत लुढ़क गया। फार्मा, ऑटो, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य और रसायन समूहों में भी गिरावट रही। एनएसई में जिन 3,242 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,781 के शेयर लाल निशान में और 1,340 के हरे निशान में बंद हुए। अन्य 121 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 13 के शेयर हरे निशान में रहे।

# चांदी सस्ती, सोना भी 1.51 लाख पर आया

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 6 फरवरी को गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत आज 13,155 रुपए गिरकर 2,41,184 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2,54,339 रुपए थी। दो दिन में ये 41,278 रुपए सस्ती हो चुकी है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज 1,013 रुपए कम होकर 1,51,489 रुपए पर आ गया है। इससे पहले ये 1,52,502 रुपए पर था। सोना दो दिन में 6,669 रुपए सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोने-चांदी की बढ़ती-घटती कीमतों पर न केवल निवेशकों की नजर है, बल्कि शादी-ब्याह के सीजन के बीच आम खरीदार भी उहापोह में हैं। चांदी की कीमतों में लगातार बदलाव हो रहे हैं। आज फिर से मुनाफावसूली देखी गई है। हालांकि निवेशकों ने खरीदारी पर भी फोकस किया है। आज लखनऊ में सोने की कीमत की बात करें तो 24 कैरेट सोने का भाव 1,52,400 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। 22 कैरेट सोने का दाम 1,39,800 रुपये/10 ग्राम और 18 कैरेट सोने का दाम 1,14,310 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। वहीं, भागलपुर में 24 कैरेट सोने का भाव 1,52,400 रुपये/10 ग्राम चल रहा है।

# चावल, गेहूं सस्ता, दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं में भी नरमी रही। चीनी के दाम कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही टिके रहे। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये घटकर 3,851 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं भी 16 रुपये टूट गया और 2,854 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 13 रुपये सस्ता हुआ।

दाल-दलहनों में तुअर दाल की औसत कीमत 49 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मसूर दाल 16 रुपये और मूंग दाल 15 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल में आठ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 53 रिंगिट टूटकर 4,153 रिंगिट प्रति टन रह गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 0.68 प्रतिशत की गिरावट में 55.27 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 28 रुपये और वनस्पति 22 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल की कीमत 51 रुपये और पाम ऑयल की 44 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मूंगफली तेल 25 रुपये और सोया तेल 24 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 27 रुपये प्रति क्विंटल घट गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इस्लामाबाद की ...**

प्रवक्ता तकी जवाद ने कहा कि धमाके की प्रकृति का पता लगाना अभी जल्दबाजी होगी और फोरेंसिक टीमों को यह तय करना होगा कि यह आत्मघाती हमला था या प्लांट किया गया बम। धमाके के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। लोग अपनी जान बचाते हुए इधर-उधर भागते दिखे। सूचना मिलते ही फौरन पुलिस और रेस्क्यू टीमें पहुंची और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। घटना से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं, जिसमें लोग इमाम बारगाह की जमीन पर बेसुध पड़े हैं। वहीं कुछ लोग एक दूसरे की मदद करते दिखाई दिए। सुरक्षा एजेंसियों ने इमाम बारगाह और आसपास के पूरे इलाके की घेराबंदी करते हुए कड़ी निगरानी रखी जा रही है। राजधानी के पॉलीक्लिनिक, पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमस), और सीडीए अस्पताल में इमरजेंसी लगा दी गई है। पीआईएमएस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ईडी) के निर्देश पर अस्पताल में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य इमरजेंसी, आर्थोपेडिक, बर्न सेंटर और यूएसयूरोलॉजी डिपार्टमेंट को एक्टिव कर दिया गया है।

**भारत ने...** शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने पहले मैच में अमेरिका को छह विकेट से हराया। इसके बाद बांग्लादेश को 18 रन से मात देकर सुपर सिक्स चरण में प्रवेश किया। ग्रुप चरण के आखिरी मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को डीएलएस प्रणाली से सात विकेट से हराया। ग्रुप चरण में दमदार प्रदर्शन के बाद भारत ने सुपर सिक्स चरण में जिम्बाब्वे को 204 रनों के बड़े अंतर से हराया। फिर चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 58 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया और पाकिस्तान को बाहर का रास्ता दिखाया। भारत ने सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इसमें कोई शक नहीं है कि भारत का अंडर-19 विश्व कप में हमेशा ही दबदबा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि भारत अंडर-19 विश्व कप के 16 सत्र में से 10 बार खिताबी मुकाबले में पहुंच चुका है जो सर्वाधिक है। भारत ने लगातार छठी बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया था। टीम ने 2016, 2018, 2020, 2022, 2024 और 2026 में खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। यह आंकड़ा ये बताने के लिए अपने आप में काफी है कि भारतीय टीम का अंडर-19 में कोई सानी नहीं है। यहां तक कि आस्ट्रेलिया टीम भी भारत से काफी पीछे है। आस्ट्रेलिया ने छह बार अंडर-19 टीम के फाइनल में जगह बनाई है और चार बार खिताब जीता है। अंडर-19 विश्व कप का किया था सबसे बड़ा रन चेज-भारत के नाम अंडर-19 विश्व कप में सबसे बड़ा रन चेज का रिकार्ड भी है। टीम ने यह उपलब्धि अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में हासिल की थी। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में भारत के लिए आरोन जार्ज ने शतक लगाया, जबकि वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने अर्धशतक लगाए, जिससे टीम ने 41.1 ओवर में तीन विकेट पर 311 रन बनाकर मैच अपने नाम किया था। भारत ने इस तरह अंडर-19 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज बनाया था। इससे पहले ये रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के नाम था जिन्होंने 2006 में आयरलैंड के खिलाफ 305 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। भारत ने इस तरह 20 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा था।

**धामपुर में....** को फोन कर दबाव बनाया। मामला केंद्रीय एजेंसी से जुड़ा बताने के कारण पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बाद में उच्च स्तर पर संदेह होने पर पूरे प्रकरण की जांच शुरू कराई गई। मेरठ एसटीएफ को इनपुट मिला था कि धामपुर में रह रहा एक व्यक्ति खुद को आईबी अधिकारी बताकर सरकारी कामों में हस्तक्षेप कर रहा है। टीम ने सर्विलांस के जरिए आरोपी की गतिविधियों की निगरानी की और शुक्रवार देर शाम उसे दबोच लिया। आरोपी के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल और संपर्कों की बारीकी से जांच की जा रही है। सूत्र बताते हैं कि आरोपी पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय नेताओं को भी फोन कर खुद को आईबी का वरिष्ठ अधिकारी बताता था। इस रौब के सहारे वह कई बार अपने काम निकलवाने की कोशिश करता रहा। उसकी शातिराना कार्यप्रणाली के चलते मोहल्ले के लोग भी उसकी असल पहचान से अनजान रहे। एसटीएफ ने बताया कि मनोज कुमार एमएससी पास है और उसकी बोलने की शैली काफी प्रभावशाली है। वह लोगों के काम कराने का भरोसा दिलाकर अधिकारियों पर दबाव बनाता था। सरकारी कार्यालयों में खुद को आईबी अधिकारी बताकर वह अपने काम निकलवाने की कोशिश करता था। सर्विलांस डिटेल और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप कर रहा था। पत्नी की सड़क हादसे में मृत्यु के बाद उसने अधिकारियों पर काफी दबाव बनाया था।

# आवारा कुत्तों को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला

## हर जिले में बनेंगे शेल्टर होम व एबीसी सेंटर, जिला मुख्यालयों पर भी जमीन की जा रही चिन्हित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** यूपी में आवारा कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब हर जिले में शेल्टर होम और एबीसी सेंटर बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि सभी 75 जिलों के मुख्यालयों पर जल्द से जल्द ये केंद्र शुरू किए जाएं। शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है।

योगी सरकार ने नगर निगमों और जनपद मुख्यालयों पर डॉग शेल्टर होम व एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर की स्थापना प्रक्रिया तेज कर दी है। शासन स्तर पर इसे प्राथमिकता देते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्रवाई एक साथ आगे बढ़ाई जा रही है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने हाल में ही गाइडलाइंस जारी की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान मानवीय, वैज्ञानिक व स्थायी तरीके से करने का आदेश दिया था। सरकार का मानना है कि डॉग शेल्टर होम और एबीसी सेंटर की प्रभावी व्यवस्था से जहां एक ओर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, वहीं दूसरी ओर पशु कल्याण को भी मजबूती मिलेगी। नगर निगम क्षेत्रों में पहले से संचालित अथवा प्रस्तावित एबीसी सेंटरों के साथ ही डॉग शेल्टर होम विकसित किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक नगर निगम को निर्देशित किया गया है कि वह उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराए और आवश्यक प्रशासनिक औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करे। शासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह पूरी प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस व पशु कल्याण से जुड़े मानकों के अनुरूप की जा रही है। योगी सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रति शेल्टर होम 470 लाख से 531 लाख रुपये तक लागत आएगी। डीपीआर में शेल्टर होम की क्षमता, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पशु चिकित्सा सुविधाएं, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल किया गया है। शासन स्तर पर इन डीपीआर को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है और अब सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप अगले चरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में ग्राम मऊर उपरहट, तहसील सोरांव में डॉग शेल्टर होम के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। लखनऊ नगर निगम में भूमि की उपलब्धता को लेकर कार्यकारिणी बोर्ड से प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। जनपद मुख्यालयों पर भी एबीसी सेंटर एवं शेल्टर होम की स्थापना को लेकर तेजी से कार्यवाई की जा रही है। ललितपुर में 12.182 हेक्टेयर, हरदोई में 0.2 हेक्टेयर, बुलंदशहर में 2000 वर्ग मीटर और फतेहपुर में 0.769 हेक्टेयर भूमि एबीसी सेंटर एवं डॉग शेल्टर होम के लिए चिह्नित कर ली गई है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

## भोपा –बेलड़ा गंग नहर पटरी पर हुआ हादसा

**बेटा भी गंभीर रूप से घायल, जिला चिकित्सालय रैफर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गंग नहर पटरी मार्ग पर बाइक द्वारा जा रहे मां बेटे को पीछे से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गये घायलों को पुलिस द्वारा भोपा सीएचसी पर ले जाया गया।

जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।तथा गंभीर रूप से घायल युवक को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया पुलिस ने मर्तका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा अज्ञात कार के चालक की जांच शुरू कर दी है।

पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव कमहेड़ा निवासी 45 वर्षीय सुमन पत्नी आजादवीर कश्यप अपने बेटे 20 वर्षीय हिमांशु के साथ शुक्रवार की सुबह बाईक द्वारा मोरना किसी कार्य से आए थे। जिसके बाद वह भोपा –बेलड़ा गंग नहर पटरी मार्ग से वापस घर लौट रहे थे।जैसे ही वह भोपा गंग नहर पुल से थोड़ा आगे पहुंचे तभी पीछे से आ रही एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। तेज़ टक्कर लगने से मां बेटे सड़क पर गिरकर घायल हो गये।

मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया गया जहां चिकित्सक ने सुमन को मृत घोषित कर दिया तथा घायल हिमांशु को गंभीर हालत के चलते जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।



सुमन की मौत की खबर परिजनों को दी गयी। परिवार के सुनील, राजेंद्र,राहुल, सचिन, विनोद आदि अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी की पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका सुमन के पति आजादवीर कश्यप मजदूरी का कार्य करते हैं। परिवार में पुत्र हिमांशु,रमन, आर्यन व पुत्री हिमांशी हैं।

थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया घटनास्थल से कार का बफर बडा मिला जिस पर न08श्र0228 लिखा मिला नम्बर के आधार पर गाडी की जांच की जा रही है ।

# उत्तर रेलवे के आईजी ने किया स्टेशन का निरीक्षण

## ट्रेन से होने वाली आत्महत्या रोकने को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार को उत्तर रेलवे के पुलिस महानिरीक्षक पंकज कुमार ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर यहां का निरीक्षण किया। उन्होंने रेलवे के अधीनस्थों के साथ बैठक की और उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आरपीएफ थाने का भी निरीक्षण किया गया। रेलवे के आईजी ने सबसे ज्यादा महत्व आत्महत्या रोकने पर दिया। कहा कि उत्तर रेलवे आत्महत्या रोकने के लिए गंभीर है और इसके लिए आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।

उत्तर रेलवे के आईजी पंकज कुमार सवेरे के समय रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने यहां का अधीनस्थों के साथ निरीक्षण किया। उत्तर रेलवे के पुलिस महानिरीक्षक ने सबसे पहले और निरीक्षण के बाद यहीं कहा कि ट्रेनों से होने वाली आत्महत्याओं को रोकने के लिए रेलवे पुलिस कदम उठा रही है और इसको लेकर रेलवे पुलिस गंभीर भी है। उन्होंने रेलवे से होनी वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रेनों के आगे और आस–पास खडे होकर रील बनाने वालो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। आईजी रेल ने इस दौरान रेलवे स्टेशन परिसर में सुरक्षा सम्मेलन के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रेनों में काईम का ग्राफ न के बराबर है, लेकिन कानून व्यवस्था की समस्याएं सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि आत्महत्या के पाईन्ट को भी चिन्हित कर वहां गश्त बढाया जाये। बता दे कि इंस्टाग्राम के लिए रील बनाने वाले युवक ही नही युवतियां भी अपनी जान जोखिम में डाल रही है और रील बनाने के चक्कर में कई युवक अलग–अलग स्थानों पर अपनी जान भी गवां चुके हैं। हाल में भी ऐसे ही कई मामले सामने आये है, जहां ट्रेन के ऊपर चढकर रेलवे पटरी पर खड़े होकर अपनी जोखिम में डालकर युवकों ने रील बनाई ऐसे ही मामले को लेकर रेलवे पुलिस अब गंभीर नजर आ रही है।

## लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**मुजफ्फरनगर।** डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी सिविल जज (सी. डि.) / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र संख्या–87/एसएलएसए–02/2026–(/सरन) दिनांकित 08.01.2026 के द्वारा दिनांक 14.03.2026 दिन द्वितीय शनिवार को जनपद मुजफफरनगर में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करने हेतु आदेशित किया गया है, जिसके अनुपालन में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुजफफरनगर के निर्देशानुसार दीवानी न्यायालय परिसर मुजफफरनगर में दिनांक 14.03.2026 दिन द्वितीय शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

# रालोद जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

## संजय राठी व तरसपाल मलिक के स्वागत में मना जश्न

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त पदाधिका. रियों का कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।

राष्ट्रीय लोकदल के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष संजय राठी तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष हस्तिनापुर बनाये गये पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तरसपाल मलिक का शुक्रवार को सरकूलर रोड स्थित रालोद कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष संदीप मलिक के नेतृत्व में आयोजित समारोह में जैसे ही संजय राठी व तरस पाल मलिक जिला कार्यालय पहुंचे, युवा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। ढोल–नगाड़ों, फूल–मालाओं और नारेबाजी के बीच युवा कार्यकर्ताओं ने संजय राठी को कंधों पर उठाकर उनका अभिनंदन किया।इस अवसर पर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष संजय राठी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पाटह्न ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। यहां मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार सहित विधायक मिथलेश पाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रमा नागर, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत राठी, सुधीर भारती सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जहां उठनी थी डोली, वहां निकली अर्थी गमगीन माहौल में अन्तिम संस्कार

## जानसठ के गांव बलवा में डबल मर्डर से छाया रहा सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** थाना जानसठ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव भलवा में शुक्रवार का सूरज उदासी और सन्नाटे की चादर ओढ़े निकला। जिस आंगन में कल तक शादी की शहनाइयां बजने वाली थीं और खुशियों का माहौल था, वहां आज पुलिस के कड़े पहरे के बीच दो चिताएं जलीं। प्रेम प्रसंग के खूनी अंत के बाद शुक्रवार को युवती प्रगति और आरोपी रोहित का अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में कर दिया गया।

गुरुवार को हुई रूह कांप देने वाली वारदात के बाद से ही गांव भलवा मे भारी पुलिस बल तैनात रहा।

शुक्रवार को जब दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे, तो कोहराम मच गया। गांव की गलियों में सन्नाटा पसरा रहा और लोगों के चूल्हे तक नहीं जले। किसी भी अप्रिय घटना या तनाव की स्थिति को रोकने के लिए भारी पुलिस बल और आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

### लाल जोड़े का सपना, कफन में तब्दील

मृतक प्रगति के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। 8 फरवरी को प्रगति की बारात आनी थी, घर में शगुन के कपड़े और गहने रखे रह गए, लेकिन बेटी को लाल जोड़े की जगह कफन में विदा करना पड़ा। गांव के बुजुर्गों की आंखें भी यह मंजर देखकर नम हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, कि यह ख्रश्य दिल चीर देने वाला था जब पिता विजयपाल ने भारी मन से अपनी बेटी को अंतिम विदाई दी, तो हर कोई गमगीन नज़र आया।



जानसठ:मृतकों के घर पर गमगीन हालत में जमा लोग व पुलिस बल।



मुजफ्फरनगर:लोकदल कार्यालय परनवनियुक्त जिलाध्यक्ष व क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते।

# नकल विहीन बोर्ड परीक्षा की तैयारियों पर मंथन

**मुजफ्फरनगर।** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा नकल. विहीन संपन्न कराने को केंद्र व्यवस्थापकों के साथ समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेटों से कहा कि 18 फरवरी से प्रारंभ होने वाली परीक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही और अनियमितता न बरती जाए। शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में उन्होंने सभी संबंधित अधिका. रियों को निर्देश दिए कि विगत परीक्षाओं की भांति इस परीक्षा को भी हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं को नकल विहीन तथा पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए तमाम व्यवस्था समय से पूरी कर ले। उन्होंने जनपद में 72 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली परीक्षा की तैयारी के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी ली। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास ने बताया कि प्रथम पाली प्रातः 8रू30 बजे से 11रू 45 बजे तक तथा द्वितीय पाली 2रू00 बजे से 5 रू15 बजे तक होगी। डीए ने निर्देश दिए कि परीक्षाओं में किसी भी स्तर पर किसी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए कि परीक्षाओं से पूर्व परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे, विद्युत, शौचालय,पीने के पानी छात्रों को बैठने हेतु फर्नीचर आदि की सभी तैयारियां करना सुनिश्चित कर लें,परीक्षाओं के समय कोई किसी प्रकार की दिक्कत ना आ सके। उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट ,जोनल मजिस्ट्रेट को को निर्देश दिए परीक्षाओं से पूर्व सभी अपने–अपने परीक्षा केदो पर निरीक्षण अवश्य कर लें, जो भी कमियां हो, उन्हें शीघ्र दूर कराएं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की जिन अध्यापक गणों की डड्ढूटी बीएलओ में लगी है,उनकी डड्ढूटी परीक्षाओं में ना लगाए। उन्होंने निर्देश दिए परीक्षाओं में डड्ढूटी करने वाले अध्यापक गणों की डड्ढूटी समय से लगाए जाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश श्रीवास, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

### कैमरों की निगहबानी में रहेंगे परीक्षा केंद्र

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में 72 केंद्रों पर परीक्षा होगी, जहां सभी केंद्रों पर वाइस रिकार्ड युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं इसके अतिरिक्त, विद्युत, शौचालय और पेयजल जैसी सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाए

### जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बना कंट्रोल रूम


**मुजफ्फरनगर।** समीक्षा बैठक में कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक में स्थापित किए गए कंट्रोल रूम की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने नंबर 013– 2970 838 पर भी फोकस किया। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई हैं। उन्होंने कहा कि कार्मिकों की डड्ढूटी परीक्षाओं में लगी है वह परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व निर्धारित समय से परीक्षा केंद्रो पर पहुंच कर परीक्षा को सकुशल संपन्न कराए

# पत्नी की बरामदगी की पुलिस से लगाई गुहार

## नकदी और कीमती सामान ले जाने का भी आरोप, जांच शुरु

**मुज़फ्फरनगर।** कोतवाली क्षेत्र का एक मामला ऐसे सामने आया है कि जिसे सुनकर आम लोग ही नही पुलिस भी हैरत में है। पीडित ने हंसी खुशी जीवन गुजारने के लिए शादी की लेकिन शादी के कुछ माह बाद ही विवाहिता घर से नकदी व कीमती सामान लेकर फरार हो गई। पीडित अपनी फरियाद लेकर पुलिस कार्यालय पहुंचा और एसएसपी के नाम एक शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। एसएसपी ने इस मामले की जांच कोतवाली पुलिस को सौंपी है।

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सवेरे एक युवक पुलिस कार्यालय पहुंचा और उसने एसएसपी के नाम एक शिकायती पत्र देते हुए कि उसका नाम विकास है और वह रामपुरी का निवासी है। युवक ने बताया कि उसकी



शादी 29 सितम्बर 2025 को सविता नाम की युवती से हुई थी। पति का आरोप है कि शादी के बाद से ही मोबाईल पर अधिक बात करने को लेकर पत्नी के साथ विवाद रहने लगा। पीड़ित के अनुसार, 6 फरवरी 2026 की सुबह करीब 7:30 बजे उसकी पत्नी घर से बिना बताए निकल गई। घर लौटने पर उसे अलमारी में रखे करीब 90 हजार रुपये भी गायब मिले। काफी तलाश के बाद भी पत्नी का कोई सुराग नहीं लग सका। पीडित ने पत्नी पर अन्य गंभीर आरोप लगाये है। पुलिस कार्यालय में दी गई तहरीर के बाद इस मामले को शहर कोतवाली पुलिस को जांच के लिए कहा गया है। अब पीडित का कहना है कि उसकी पत्नी कहा है। इसका कोई अता पता नही है। पुलिस ने सभी रिश्तेदारी व ससुराल में पत्नी के सम्बन्ध में जानकारी की। परन्तु वह नही मिली। अब देखना है कि कोतवाली पुलिस इस मामले में क्या करती है और सच्चाई क्या निकलकर आती है।

## दहेज की मांग में विवाहिता को घर से निकाला

**खतौली।** दहेज की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। आरोप है कि ससुराल पक्ष ने अतिरिक्त दहेज के लिए न केवल पीड़िता के साथ मारपीट की, बल्कि उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामले में थाना नई मंडी क्षेत्र के शेरनगर निवासी यासीन अली पुत्र ताहिर अली ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपनी बेटी रूकसार का निकाह करीब दो वर्ष पूर्व थाना रतनपुरी क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी अखलाक पुत्र इरशाद के साथ किया था। विवाह के समय सामर्थ्य से अधिक दान–दहेज देने के बावजूद ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं हुआ और अतिरिक्त दहेज को लेकर रूकसार को प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता के अनुसार पति, सास–ससुर, ननद और देवर आए दिन कम दहेज का ताना देकर उसके साथ मारपीट करते थे। परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष द्वारा 15 लाख रुपये नकद और एक कार की मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसे घर में न रखने और छोड़ देने की धमकी दी गई। रूकसार ने बताया कि कुछ माह पूर्व ससुरालियों ने एकजुट होकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की, गाली–गलौज की और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। इसके बाद उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया। किसी तरह उसने अपने परिजनों और डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ रतनपुरी थाने पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। बताया गया है कि पीड़िता का पति दिल्ली पुलिस में तैनात है।



मुजफ्फरनगर: आरपीएफ थाने का निरीक्षण करते रेलवे के आईजी।

# विधायक ने घायल व्यक्ति को पहुंचाया सीएचसी चरथावल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के कुल्हेड़ी मार्ग पर शुक्रवार को एक सड़क हादसा हो गया। विक्की से जा रहा बुजुर्ग अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा जानकारी के अनुसार कुल्हेड़ी मार्ग से विक्की पर सवार होकर वाहन एक बुजुर्ग कूल्हेड़ी से लोट रहा था अचानक चालक की विक्की अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में विक्की चालक बुजुर्ग शमशाद निवासी चरथावल घायल हो गया। इसी दौरान उसी मार्ग से हादसे के दौरान चरथावल विधायक पंकज मलिक भी कूल्हेड़ी मार्ग से गुजर रहे थे और विधायक की की नजर हादसे मे घायल हुए बुजुर्ग शमशाद पर पड़ी तो विधायक पंकज मलिक द्वारा तुरंत अपने काफिले को रोककर बिना किसी झिझक के अपनी गाड़ी से उतरकर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बिना देर किए घायल शमशाद को स्वयं अपने वाहन से चरथावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल पहुंचाया। और उसके बाद विधायक पंकज मलिक द्वारा घायल के परिजनों को सूचनादी गयी। सीएचसी में चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया विधायक पंकज मलिक की इस दरियादिली की क्षेत्र में सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि जनप्रतिनिधि का इस तरह आम जनता के लिए आगे आना प्रशंसनीय है। विधायक ने भी लोगों से अपील की कि सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।और इस दौरान चरथावल सीएचसी मे विधायक पंकज मलिक के साथ नगर चेयरमेन मास्टर इस्लाम की हादसे की सुचना पर पहुँचे और घायल को समुचित इलाज की बात कहते हुए वाहन चाल. कों से वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।



मुजफ्फरनगर:बोर्ड परीक्षा के तैयारी को बैठक में मौजूद अधिकारी।

# घर से लाखों के जेवरात व नकदी लेकर युवती को भगा ले गया युवक

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र के भूड़ मोहल्ले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक युवक घर से लाखों रुपये के सोने–चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर युवती को बहला–फुसलाकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। अद्धैत विहार निवासी सुशील पुत्र अतर सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह जम्मू–कश्मीर में कपड़ों की फेरी लगाने का कार्य करता है।

तीन दिन पूर्व रात्रि में मोहल्ले का ही एक युवक चोरी–छिपे उसके घर में घुस आया। उस समय उसकी पत्नी और पुत्र गहरी नींद में सो रहे थे। आरोप है कि युवक ने पहले घर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे बंद किए और इसके बाद 45 तौला चांदी के आभूषण, डूंगा, पाजेब, पचांगला, सहित 16 ग्राम सोने का हार–झुमका और 50 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। इसके बाद आरोपी घर में सो रही पीड़ित की पुत्री को बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। अगले दिन सुबह परिजनों को फर्श पर बिखरा सामान मिला और युवती घर से गायब मिली।

परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पीड़ित को फोन पर पूरी घटना की जानकारी दी गई। मामले की सूचना मिलते ही सुशील जम्मू–कश्मीर से खतौली पहुंचा और आरोपी युवक के परिजनों से बातचीत की। आरा. ेप है कि इस दौरान आरोपी के परिजनों ने गाली–गलौज की और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह जान बचाकर पीड़ित कोतवाली पहुंचा और पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया।

पीड़ित ने पुलिस से युवती की सकुशल बरामदगी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने अद्धैत विहार निवासी मोहित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

# सड़क किनारे डाली जा रही गर्म राख से सूख रहे पेड़

**मोरना।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र मे तेजी से बढ़ता प्रदूषण गम्भीर समस्या बन गया है। हवा मे बढ़ते प्रदूषण के कारण आम आदमी के स्वास्थ्य पर लगातार दुष्प्रभाव पड़ रहा है।घटती हरियाली बढ़ता प्रदूषण अब प्राणघातक सिद्ध हो रहा है। वहीं स्वच्छ वातावरण की पहचान गांव अब गुड़ कोल्हुओं के कारण दूषित हो रहे हैं।एक ओर गन्ना कोल्हुओ मे भारी मात्रा में पॉलिथीन को जलाकर हवा को दूषित किया जा रहा है।तो वहीं कोल्हूओं से निकलने वाली गर्म को सड़क किनारे डाला जा रहा है। कोल्हू संचालकों द्वारा सड़क किनारे राख के बड़े बड़े ढ़ेर लगा दिये गये हैं।जिससे हरे वृक्ष जलकर सूख रहे हैं। किन्तु पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर वन विभाग मूक दर्शक बना हुआ है।

मोरना –मुज़फ्फरनगर मार्ग किनारे खड़े हरे वृक्षों को समाप्त करने का काम गन्ना कोल्हुओ द्वारा गर्म राख डालकर किया जा रहा है। मोरना --भोपा मार्ग पर गाँव ककराला में कोल्हू संचालकों द्वारा कोल्हू की भटी से निकाली गयी गर्म राख को सड़क किनारे डालकर बड़े बड़े ढ़ेर लगा दिये गये हैं।गर्म राख से सड़क किनारे खड़े हरे वृक्ष जलकर सूख रहे हैं। तथा राख से हरियाली को भारी नुकसान हो रहा है। पर्यावरण को दिन रात हो रहे भारी नुकसान के बावजूद प्रशासन कार्रवाई को लेकर मूक दर्शक बना हुआ है।कार्रवाई न होने से कोल्हू संचालकों के हौंसले बढे हुए हैं।तथा कोल्हू संचालकों द्वारा लगातार पर्यावरण को दूषित किया जाना जारी है।

इसके अलावा क्षेत्र के गाँवों में स्थित गुड़ कोल्हुओं में पॉलिथीन को धड़ल्ले से जलाया जा रहा है।कोल्हूओं की चिमनी से निकलता काला धुआँ चारो ओर वातावरण में फैल रहा है।ग्रामीणों के अनुसार कोल्हू में पॉलिथीन जलने की दुर्गन्ध से उनका जीना मुहाल हो



गया है। रात के समय विषैले धुँए की परत आकाश में जम जाती है।जिससे तेज खाँसी होने लगती हैश्वांस के मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बार–बार शिकायत के बावजूद प्रशासन इस कोई ध्यान नही दे रहा है। पर्यावरण संरक्षकों का कहना है की क्षेत्र मे सड़क किनारे खड़े वृक्षों के सूखने से हरियाली लगातार कम हो रही है जिससे पर्यावरण मे प्रदूषण बढ़ रहा है मोरना रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रविकांत ने बताया की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# सीमा विस्तार को चेयरमैन के प्रयास लाए रंग, देहातवासी खुश

## पिछड़े समाज की संख्या अधिक होने के कारण पिछड़े वर्ग का मिल रहा नगर चेयरमैन को जनसमर्थन

**सादिक त्यागी**

**चरथावल।** नगर पंचायत की सीमा विस्तार को लेकर चल रही कवायद में जहां एक ओर नगर पंचायत चेयरमेन इस्लामुद्दीन त्यागी देहातवासियों को विकास की सौगात देने के लिए लगातार प्रयासरत हैं, वहीं ग्राम प्रधान इसरार साबरी की असहमति इस जनहितकारी प्रस्ताव में सबसे बड़ा रोड़ा बनकर सामने आ रही है। कड़ाके की ठंड के बीच यह मुद्दा अब पूरी तरह राजनीतिक गर्माहट का कारण बन गया है।

नगर पंचायत चेयरमेन इस्लामुद्दीन त्यागी ने कार्यभार संभालने के बाद ही देहात क्षेत्र को नगर पंचायत में शामिल कर वहां के लोगों को सफाई, सड़क, प्रकाश, जल निकासी और अन्य शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कदम बढ़ाया। उन्होंने बोर्ड बैठक में विधिवत प्रस्ताव पारित कराकर जिलाधिकारी को भेजा। डीएम के



निर्देश पर एसडीएम सदर ने ब्लॉक स्तर से रिपोर्ट तलब की, लेकिन ग्राम प्रधान इसरार साबरी द्वारा सहमति न दिए जाने के कारण प्रक्रिया अटक गई।चेयरमेन इस्लामुद्दीन त्यागी का स्पष्ट कहना है कि सीमा विस्तार से देहात का सर्वांगीण विकास होगा। नगर पंचायत की आय बढ़ेगी, जिससे क्षेत्र में और अधिक विकास कार्य कराए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि देहातवासियों को नगर के समान सुविधाएं देना ही उनका उद्देश्य है और यह पूरी तरह जनहित से जुड़ा विषय है।नगर पंचायत के सभासद गुलफाम उर्फ काला और प्रमुख समाजसेवी डाक्टर नौशाद ने भी चेयरमेन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि सीमा विस्तार से देहात में सफाई व्यवस्था सुधरेगी और वर्षो से उपेक्षित बुनियादी सुविधाएं लोगों को मिल सकेंगी। और क्षेत्र मे भरपूर विकास होगा क्षेत्र मे विकास की गंगा बहेगी

इसके विपरीत, ग्राम प्रधान इसरार साबरी की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि व्यक्तिगत या राजनीतिक कारणों से जनहित के इस प्रस्ताव का विरोध कर देहात के विकास को रोका जा रहा है। लोगों में यह चर्चा भी है कि यदि सीमा विस्तार होता है तो देहातवासियों को नगर जैसी सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन ग्राम प्रधान की असहमति के चलते यह लाभ फिलहाल दूर नजर आ रहा है।

# अतिरिक्त दहेज नहीं मिलने पर विवाहिता को दिया जहर

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** दहेजलोभी ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज न मिलने पर विवाहिता को जहर दे दिया। हालत बिगड़ी तो सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने विवाहिता को हस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। यासीन पुत्र ताहिर निवासी ग्राम शेरनगर मुजफ्फरनगर ने अपनी पुत्री रुखसार की शादी बीते 15 फरवरी 2024 को अखलाक पुत्र इरशाद ग्राम कल्याणपुर के संग की थी। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। ये सब लोग रुखसार से अतिरिक्त दहेज में 15 लाख रुपये मांगकर उसे परेशान कर रहे थे। वर्तमान में अखलाक दिल्ली पुलिस में नौकरी करता है और पत्नी रुखसार से 15 लाख रुपये और कार की मांग करता है और कहता है कि मुझे मेरी हैसियत के हिसाब से दहेज नही मिला। अखलाक किसी लडकी से प्यार करता है। इस वजह से रुखसार संग मारपीट करता है। इरशाद ने सरिये से रुखसार पर वार किया जिसमें वह बाल बाल बच गयी तो रुखसार को जहर दे दिया। रुखसार ने ये बात अपने परिजनों को बताई तो परिजनों ने रुखसार को हस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने उसे अन्य जगह रैफर कर दिया। रतनपुरी पुलिस ने सभी दहेजलोभियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# वार्षिक स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**मोरना।** मोरना –जानसठ मार्ग पर बेहड़ा सादात मे स्थित आर जी पब्लिक स्कूल मे दो दिवसीय ऐनुअल स्पोर्ट्स मीट प्रतियोगिता का शुभारम्भ शुक्रवार को मुख्य अथितियों द्वारा फीता काटकर किया गया। अथितियों ने खिलाड़ियों से परिचय कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

ककरौली क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात मे स्थित आर जी पब्लिक स्कूल मे आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ ग्राम प्रधान चौरावाला सर्वेश कुमार उर्फ़ वीरू भाई व ककरौली थाना पर तैनात एसएसआई अशोक कुमार स्कूल चौयरमैन सुरेश. चंद द्वारा फीता काटकर व मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्या बबीता कौशिक ने बताया की प्रतियोगिता मे वॉलीबॉल, खोखो, बैडमिंटन, म्यूजिक चौयर,100 मीटर सिम्पल रेस मे छात्र–छात्राएं भाग ले रही हैं। इस दौरान



ग्राम प्रधान ने कहां की शिक्षा के साथ खेलकूद भी आवश्यक है खेलकूद से हमारे शरीर मजबूत होता है स्वस्थ होंगे तो ही जीवन में आगे बढ़ेंगे। अध्यक्ष सुरेशचंद ने कहां की बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन समय–समय पर किया जाता है। इस मौके पर मास्टर मौ. अली, चितरंजन सिंह, महिला कांस्टेबल हिमानी यादव, अनीता सिद्धू प्रियंका सिंह जहीर अहमद, आबिद, अंजू ,रेनू, रविंद्र,फोजिया,आदित्य आदि मौजूद रहे।

# सभासदों की शिकायत पर डीएम ने की दो सदस्यीय जांच समिति गठित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका में फर्जी दस्तावेज के आधार पर छोड़े गये पार्किग ठेके से वित्तीय हानि की शिकायत व निर्माण कार्यो के टेंडरो में लगायी जाने वाली एफडीआर व अन्य प्रपत्रों की शिकायत के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दो सदस्यीय जांच समिति बनाई है। जिसमें एडीएम न्यायिक सहित दो अन्य सदस्यों की टीम पूरे प्रकरण की जांच करेगी।

दरअसल सभासद देवेश कौशिक ने नगर पालिका में पार्किंग के ठेके पर सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की थी। पार्किग के ठेके को मैसर्स सुनील कुमार पुत्र अग्रसैन को 26 लाख में आवांटित किया गया। लेकिन ठेकेदार के द्वारा पूर्ण पैसा जमा न करने के बावजूद भी ठेके को वित्तीय वर्ष तक बढा दिया गया, जबकि ठेकेदार पर 21 लाख रूपये की वसूली बकाया है।

इसी के साथ देवेश कौशिक के साथ सभासद योगेश मित्तल ने भी निर्माण कार्यो की निविदाओं में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र व एफडीआर लगाने की शिकायत करते हुए कहा था कि निर्माण विभाग के अधिकारियों की उदास. ीनता के चलते राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है और ऐसे ठेकेदारों के विरूद्व कठोर कार्यवाही की जाये।



मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट पर क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को लेकर धरना देने पहुंचे अति पिछड़ा वर्ग से जुड़े लोगों के साथ देवेन्द्र इंजीनियर कश्यप ने भरी हुंकार।

# एआईएमआईएम को मजबूत करने पर हुई चर्चा



**बुढ़ाना।** शुक्रवार की सुबह बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की ग्राम सफीपुर पटी के वार्ड नंबर 15 में बीडीसी सदस्य पद के उम्मीदवार शाहरूख सिद्दीकी के आवास पर आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक मीटिंग आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी के आदेश पर बुलाई गई। जिसमें पार्टी के सांसद बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी और पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा हुई। यहां पर सभी की सहमति से पार्टी के कार्यकर्ता राशिद अंसारी को उनकी लगन और मेहनत को देखते हुए बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र का उपाध्यक्ष बनाया गया। जिसको लेकर राशिद अंसारी ने पार्टी के पदाधिकारियों का शुक्रिया अदा किया और कहा कि में इस पार्टी में तीन सालों से मेहनत कर रहा हूं। मुझे आज पार्टी ने जो पद दिया है में उसका सही तरह से निर्वहन करुंगा और पार्टी की विचारधारा को घर घर तक पहुंचाने का काम करूंगा। पार्टी ने जो मुझ पर भरोसा जताया है मैं पार्टी के साथ वफादारी एवं निष्ठा रखूंगा। इसी दौरान यहां राशिद अंसारी को नियुक्ति पत्र भी दिया गया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से जिला महासचिव आज़म फारूकी, बुढाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल रहीम, यूथ बुढाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष डॉक्टर सोमिन मलिक, बुढाना विधानसभा क्षेत्र के महासचिव अब्दुल कादिर सिद्दीकी और शाहरूख सिद्दीकी सहित पदाधिकारी रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 10314/21/09/2013 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम अंकित नहीं कराया गया था, मेरे पुत्र का वास्तविक नाम **असद (ASAD)** है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**जाउलहक पुत्र याईन**

703, खालसा पट्टी, सूजडू, जिला मुजफ्फरनगर।

मोबाइल नं0 7055432058

# सड़क हादसे में बाइक सवार हुआ घायल

**बुढ़ाना।** बाइक द्वारा शामली से मेरठ जा रहा एक युवक फुगाना बस अढे के पास कार की चपेट में आ गया। इस घटना में वह घायल हो गया। घायल युवक को चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शामली जनपद के माजरा रोड का रहने वाला प्रशांत कुमार शुक्रवार की सुबह बाइक द्वारा शामली से मेरठ जा रहा था। तब मेरठ वाया करनाल हाइवे पर फुगाना बस अढे के पास वह एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आ गया। इस घटना में वह सडक पर गिरकर घायल हो गया। चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने उसे उठाया। घटना की सूचना फुगाना पुलिस व घायल के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। घायल को चिकित्सालय में भतह्न करवाया गया है। फुगाना पुलिस का कहना है कि घटना की तहरीर अभी प्राप्त नही हुई है। तहरीर आने पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**Name Change**

I KALASUM W/O MOHD AHSAN QASMI R/O 363, CHAURAWALA District MUZAFFARNAGAR (U.P.) have changed my name to **KULSOOM.**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शेखर पिछले एक वर्ष से मेरे कहने सुनने मे नही रहा तथा वह गलत लोगों के संगत में उठने बैठने लगा है तथा वह करीब एक वर्ष से मेरे व मेरे परिवार के सम्पर्क मे नही है अगर मेरा लडका शेखर किसी से भी कोई लेन देन या गलत व्यवहार करता है तो मेरी व मेरे परिवारजनो की कोई जिम्मेदारी नही होगी। अगर शेखर किसी के साथ कोई कृत्य करता है तो उसकी भी जिम्मेदारी शेखर की स्वंय की होगी। मेरी व मेरे परिवार की नही होगी। मैने शेखर को अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है तथा मेरी सम्पत्ति मे वर्तमान मे व भविष्य मे शेखर का कोई हक व हिस्सा नही होगा।

**राजेन्द्र पुत्र लटूर**
**निवासी ग्राम मुथरा**
**थाना चरथावल तहसील सदर**
**जनपद मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है की दिनांक 8-2-2026-को स्थान प्रस्तावित समिति कार्यालाय गौरव पुत्र चतर सिंह ग्राम खेड़ी फिरोजाबाद तहसील जानसठ जिला मुज़फ्फरनगर समय दोपहर 11:00 बजे प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी ग्राम खेड़ी फिरोजाबाद विकास खण्ड मोरना, तहसील जानसठ मुज़फ्फरनगर के गठन हेतू बैठक का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें ग्राम पंचायत खेड़ी फिरोजाबाद के समस्त नागरिकों से अनुरोध है की उक्त बैठक मे अधिक से अधिक व्यक्ति भाग लें एवं समिति की सदस्यता के हेतू स्वयं के आधार कार्ड एवं फोटो सहित आवेदन करें।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स. 12039/14.10.2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्री का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम सान्वी राठी है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अनुज राठी**
**फेज-3, मकान नं. 7,8,9**
**वसुन्धरा रेजीडेंसी परिक्रमा मार्ग, मुजफ्फरनगर**
**( उत्तर प्रदेश ) 251001**

# पत्रकार भाग्य शर्मा के पिता के निधन से मीडिया जगत में शोक छाया

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर के स्थानीय पत्रकार भाग्य शर्मा के पिता अजय शर्मा का देर रात हृदय गति रूकने से निधन हो गया।

जैसे ही यह खबर मीडिया से जुड़े व नगर के लोगों को लगी तो उनके आवास पर लोगों का जमावड़ा लग गया। भाग्य शर्मा के पिता के निधन से मीडिया जगत में शोक की लहर है। शुक्रवार की सुबह उनका अन्तिम संस्कार कर दिया गया। उनकी अन्तेष्टि में पत्रकारों सहित शहर के समाजसेवी संगठन व राजनैतिक दलों से जुड़े लोगों ने शिरकत करते हुए परिजनों को सात्वना पेश की और कहा कि दुख की इस घड़ी में वह उनके परिवार के साथ हैं। साथ ही शाहटाइम्स जिला मुख्यालय पर भी भाग्य शर्मा के पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। यहां कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा सुमन व महाप्रबंधक जिया अब्बास जैदी, नासिर राणा, मौ. इमरान, शाहनूर राणा, मौ. आजम, शाह आलम ने शोक व्यक्त करते हुए भाग्य शर्मा को सांत्वना दी।

# चोर ने घर में रखे हुए दो हजार रुपये चुराए

## पकड़ने के प्रयास में गृह स्वामी के साथ मारपीट भी की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक चोर ने घर में घुसकर 02 हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। इसी दौरान जब गृहस्वामी की आंख खुली और उसने भागते हुए चोर को पकड़ने का प्रयास किया तो चोर गृहस्वामी के साथ मारपीट करके फरार हो गया।

चोर की पहचान होने पर पुलिस ने चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुशील पुत्र ब्रजपाल निवासी ग्राम जौला ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीते 2 फरवरी की देर रात 10 बजे उसके घर के अंदर एक व्यक्ति चोरी छिपे घर मे घुस गया और घर के अन्दर रखी हुई अलमारी का ताला खोलने लगा। तब आवाज सुनकर वह जाग गया। उसने उठकर देखा तो एक व्यक्ति चोरी करने की नीयत से अलमारी खोल रहा था। तभी उसने शोर मचाते हुए अज्ञात व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया तो वह व्यक्ति बाहर भागने लगा तो मैंने उसका पीछा कर उसको पकडने का प्रयास किया तो वह उसके साथ में मारपीट करने के बाद उसके घर की दीवार फांदकर भाग गया। फरार चोर हमारे गांव जौला का ही रहने वाला नदीम पुत्र मुनसैद है।

जिसकी पहचान उसने कर ली। जब उसने वापस अलमारी के पास आकर देखा तो उसकी अलमारी के पास रखे दो हजार रूपये गायब थे। पूरी घटना उसके घर मे लगे हुए सीसीटीवी कैमरे मे रिकार्ड हो गयी। पीड़ित गृह स्वामी ने चोर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उधर बुढ़ाना पुलिस ने चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर चोर को पकड़ने की कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# गोल्डन पब्लिक स्कूल में उत्कृष्ट उत्सव का आयोजन




**मुजफ्फरनगर।** पचेंडा रोड स्थित, गोल्डन पब्लिक स्कूल में उत्कृष्ट उत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। जिसमें विद्यालय की कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन अनियमितता, विषय उत्कृष्टता एवं अन्य प्रदर्शनों और योग्यताओं के आधार पर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं सह पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट उपलब्धियों को सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रबंध समिति एवं प्रधानाचार्या द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कक्षा 1 से 5 तक प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले यशी हंस, अश्विका चौधरी, रवीश मौर्य, दक्षिता मौर्य, वेदिका खोकर आदि छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्रसेन बिंदल ,उपाध्यक्ष अनमोल ढींगरा , आकृति ढींगरा , सचिव सुशील कुमार , उपसचिव रितिका बिंदल , निदेशक अमित शर्मा तथा कोषाध्यक्षा रितु शर्मा ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के मार्ग पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा-कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम का संचालन प्रिंस वर्मा व ज्योति पंवार के द्वारा किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# स्पिक मैके के कार्यक्रम में मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर ।** स्पिक मैके द्वारा आज चिल्ड्रेन्स एकेडमी में विख्यात वायलिन वादक उस्ताद जौहर अली खान का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसे सुनकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गये । चिल्ड्रेन्स एकेडमी में स्पिक मैके का यह पहला कार्यक्रम था जो बेहद सफल रहा।

सोसायटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमॉन्स्ट यूथ (स्पिक मैके) पूरे उत्तर प्रदेश में भातखंडे संस्कृति ब्विविद्यालय एवं उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के माध्यम से शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम आयोजित कर रही है । इसी क्रम में चिल्ड्रेन्स एकेडमी मुजफ्फरनगर में वायलिन वादन का विशिष्ट कार्यक्रम आयोजित किया गया । विख्यात कलाकार उस्ताद जौहर अली खान ने बताया कि भारत अकेला ऐसा देश है जहां संगीत को बहुत पवित्र माना गया है । विद्या की देवी सरस्वती के हाथ में वीणा, भगवान कृष्ण के बांसुरी, गणेश जी के पखावज, भगवान शिव के डमरू यह सिद्ध करता है कि संगीत



हमारे यहां मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि दिव्य अनुभूति का माध्यम है ।उस्ताद जौहर अली ने कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: कालीन राग अहीर भैरव से किया जिसमें उन्होंने आलाप से ही राग की आत्मा को जागृत कर दिया ।

भैरव के ही एक प्रकार वैरागी भैरव की भी एक सुंदर रचना प्रस्तुत की ।कलाकारों ने विद्यार्थियों के मन को समझते हुए राग पर आधारित गुजरात, राजस्थान, तथा बंगाल के गुरुदेव की इकला चलो धुन से खूब तालियां बटोरी । उन्होने महात्मा गांधी के प्रिय भजन श्रघुपति राघव को बजाया । कार्यक्रम का समापन देशभक्ति के ष्सारे जहां से अच्छा पर बच्चों ने सामूहिक रूप से वायलिन के सुर में सुर मिलाया । तबले पर आशीष चौहान ने संगत प्रदान की । स्पिक मैके के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधा मोहन तिवारी ने कहा कि संस्कृति ही हमारी पहचान है और कलाएँ इसकी सुंदरतम अभिव्यक्ति है । इसको नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा दायित्व है । यही कार्य स्पिक मैके विगत 49 वर्षों से कर रहा है ।कार्यक्रम में कलाकारों के साथ माँ सरस्वती के समझ दीप प्रज्ज्वलित करने में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमर पांचाल तथा भावना संगल ने लिया । कलाकारों का सम्मान व आभार प्रधानाचार्य को ओर से किया गया।कार्यक्रम की सफलता में भावना संगल,आर्यन त्यागी, विशु, राहुल सेन,मृदुला एवं नीति का विशेष योगदान रहा ।

# जल भराव की समस्या पर पहुंची राजस्व व विकास विभाग की टीम

**भोपा।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर में सीकरी मार्ग पर भारी जल भराव की समस्या से ग्रामीण त्रस्त है तथा समस्या के समाधान को बार–बार अधिकारियों से लगातार शिकायत कर रहे हैं शुक्रवार को राजस्व व विकास विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया वह ग्रामीण संग वार्ता की जानसठ तहसील के राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि उपजिलाधिक. ारी जानसठ राजकुमार भारती व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अपराजिता आर्यन के आदेशों के अनुपालन मे व तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता के दिशा निर्देशन मे शुक्रवार को राजस्व विभाग के सुनील शर्मा हलका लेखपाल विकेश कुमार व मनोज कुमार ग्राम सचिव प्रांजल कुमार द्वारा ग्रामीणों से इस संबंध मे बात की गयी व समस्या के समाधान की दिशा मे प्रयास जारी हैं।

इस दौरान प्रधान पति मोहित कुमार,बर्फ सिंह, मौ शमशाद व आमिर सिद्दीकी सीकरी, यशपाल, कमल सिंह, रणवीर सिंह, बोबिंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# मंदिर के पास बैठे युवक को बेकाबू कार ने किया घायल

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम किथौड़ा अंतर्गत मोहल्ला हनुमानपुरी में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बुजुर्ग के परिजनो ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

रूबी रानी पुत्री टोटूराम निवासी मोहल्ला दायमपुरा, ग्राम किथौड़ा थाना मीरापुर के अनुसार उसके पिता टोटूराम पुत्र घासीराम हनुमानपुरी स्थित मंदिर के पास कुर्सी पर बैठे हुए थे। उसी दौरान ग्राम कवाल थाना जानसठ निवासी दीपक पुत्र रमेश अपने साथी अमित पुत्र बबलू व अन्य लोगों के साथ कार में सवार होकर मुकल्लमपुरा की ओर जा रहा था। आरोप है कि दीपक कार को तेज गति और लाप. रवाही से चला रहा था और उसने टोटूराम को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टोटूराम के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। टक्कर के बाद चालक दीपक मौके से कार लेकर फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वर्तमान में जिला अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित परिवार ने आरोपी चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम जदेडी थाना सिखेड़ा निवासी विक्रांत शर्मा ने थाना मीरापुर में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका भाई विवेक शर्मा पुत्र विनोद शर्मा कुछ दिन पूर्व वह अपनी बाईक से बिजनौर से लौट रहा था। जब वह बीआईटी पुलिस चौकी के पास पहुंचा, तभी मीरापुर की ओर से तेज गति से आ रही ईको जैसी एक एम्बुलेंसनुमा अज्ञात गाड़ी ने लापरवाही से चलाते हुए सामने से उसकी बाईक में टक्कर मार दी। हादसे में बाईक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि विवेक शर्मा के सीधे हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जानसठ ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में परिजनों द्वारा घायल को निशार अहमद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। पीड़ित पक्ष ने अज्ञात वाहन और उसके चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस से मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# खेड़ा मस्तान में आज से मेला हुआ शुरू

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव खेड़ा मस्तान में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में 44वें हनुमान मेले के आयोजन की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो गयी हैं।

शनिवार से शुरु होने वाले इस तीन दिवसीय मेले का समापन सोमवार की देर रात में होगा। मंदिर के आसपास में आयोजित होने वाले इस भव्य मेले में बुढ़ाना क्षेत्र के ग्रामीण सामूहिक रूप से सहयोग करते हैं।

मेला चलने के दौरान लगातार तीन दिनों तक शुद्ध देसी घी के दीपक जलाए जाते हैं। इस वर्ष भव्य मेले का आयोजन 07 फरवरी से लेकर आगामी 09 फरवरी तक किया जाएगा। इन 03 दिनों तक इस धार्मिक मेले मे जागरण व अन्य सांस्खृतिक कार्यक्रमों के विशेष आयोजन होते हैं जो बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आने वाले हजारों लोग धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं। खेड़ा मस्तान का यह प्राचीन मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है।

हर वर्ष फागुन माह के पहले दिन यहां मेले का आयोजन होता है। जिसमें लाखों श्रद्धालु दूर दूर से आते हैं। अमरोहा, आगरा, इलाहाबाद और इटारसी आदि शहरों से आने वाले सैंकड़ों भक्त हनुमान जी के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। इस वर्ष भी मंदिर परिसर में भक्तों का खूब जमावड़ा रहेगा। श्रद्धालु मेले में हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण करते हैं।

# बाल विवाह रोकने को कूकड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवम मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देशन में स्वामी कल्याण देव कन्या इंटर कॉलेज काकड़ा, ब्लॉक शाहपुर,जनपद मुज़फ्फर नगर में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ राजीव कुमार सदस्य, बाल कल्याण समिति द्वारा बाल विवाह के दुष्परिणाम के विषय में अवगत कराया गया एवं बाल विवाह की रोकथाम हेतु बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, पुलिस आपातकालीन सेवा हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या स्थानीय पुलिस को सूचना देने के लिए जागरूक किया गया।

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह अपराध है जिसमें 02 वर्ष की सजा व 01 लाख रूपए का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। भारत में शादी हेतु लड़के की आयु 21 वर्ष व लडकी की आयु 18 वर्ष है। उक्त कार्यक्रम में प्रधनाचार्य मंजुला अध्यापक मीनाक्षी, सुश्री अंजली एवं सुश्री काजल व छात्रा आतिका का विशेष सहयोग रहा।

बालिका शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवम स्वावलंबन हेतु जिला बाल सरंक्षण अधिकारी संजय कुमार एवम बाल कल्याण समिति सदस्य डा राजीव कुमार द्वारा उक्त जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।?

# चरथावल पुलिस ने महिला सहित चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के गांव महाबलीपुर में एक गंभीर मारपीट की घटना सामने आई, जिसमें वादी और उनके परिवार के सदस्य घायल हुए। थाना चरथावल पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंट अभियान के तहत महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता बिजेन्द्र पुत्र राजबल, निवासी ग्राम महाबलीपुर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया की कुछ लोगों ने उनके घर पर अचानक धावा बोल दिया। आरोपियों ने हाथ में हथियार और लाठी-डंडों का प्रयोग करते हुए हमला किया। इस दौरान वादी और उनके पुत्र मोहित और पत्नी संगीता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने बताया कि गिर" तार किए गए आरोपियों की पहचान सलेख, अरुण, गीता, निवासीगण ग्राम महाबलीपुर, थाना चरथावल और सतवीर निवासी ग्राम पचेन्डा, थाना नई मंडी जनपद मुज" फरनगर के रूप मे हुई घटना की रिपोर्ट मिलते ही थाना चरथावल की पुलिस टीम ने तुरंत कार्यवाही शुरू की। उपनिरीक्षक नन्दकिशोर शर्मा के नेतृत्व में टीम ने आरोपियों की गिर" तारी सुनिश्चित की। टीम में कांस्टेबल दीपक कुमार और कांस्टेबल नीरज भी शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि गिर" तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।वही पीड़ित द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही होने से राहत की सांस ली

# रोवर रेंजर्स लीडर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डीएवी डिग्री कॉलेज में रोवर/रेंजर के राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण शिविर एवं बेसिक रोवर लीडर / बेसिक रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (सहारनपुर एवं मेरठ मंडल) अमित कुमार के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया।



शिविर के शुभारंभ अवसर पर विद्यालय के संयोजक एवं प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार द्वारा विधिवत ध्वजारोहण कर शिविर का उद्घाटन किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने रोवर-रेंजर गतिविधियों को विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण, अनुशासन एवं सेवा भावना के विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।इस अवसर पर प्रो. मुकेश चंद, समन्वयक रोवर/रेंजर, माँ शाकुंभरी विश्व. विद्यालय, सहारनपुर ने उपस्थित विद्यार्थियों, रोवर लीडर एवं रेंजर लीडर को संबोधित करते हुए रोवर-रेंजर आंदोलन के उद्देश्यों एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर का संचालन भारत भूषण अरोड़ा (डीओसी. स्काउट) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रेंजर प्रभारी उषा कुशवाहा, रोवर प्रभारी डॉ. सुधीर कुमार श्रीवास्तव, प्रो. सुषमा सैनी (रेंजर लीडर) तथा सहदेव कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में प्रो. सुषमा सैनी (रेंजर लीडर)एवं सहदेव कुमार द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, रोवर-रेंजर तथा महाविद्यालय परिवार का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोवर-रेंजर, रोवर लीडर, रेंजर लीडर एवं महाविद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे। शिविर के सफल संचालन हेतु सभी ने सहयोग प्रदान किया।

# प्लाट दिलाने के नाम पर की 8 लाख की ठगी

**बुढ़ाना।** प्लाट बैंचने के नाम पर एक ग्रामीण से भू-माफिया द्वारा 8 लाख रुपये की ठगी कर ली गयी। फुगाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

इस्तखार पुत्र असरार खान निवासी ग्राम लोई द्वारा एक प्लाट गांव के ही अब्दुल पुत्र फतेह से बीते 11 नवम्बर 2024 को खरीदा था जो 8 लाख रुपये में तय होकर 4 लाख रुपये जब्बार के पुत्र कादिर के खाते व 4 लाख रूपये सत्तार को नकद दिये। अब तक अब्दुल ने उसके भाई को बैनामित भूमि पर कब्जा नहीं दिया। उसका भाई महाराष्ट्र में कारोबार करता है काफी समय तक उसका भाई अब्दुल से प्लाट नाम कराकर कब्जा करवाने को कहता था मगर रुपये लेने के बाद भी अब्दुल ने उसके भाई को प्लाट पर कब्जा नही दिया। उसका भाई अपने कारोबार हेतू बोम्बे चला गया। अब अब्दुल उसे कब्जा नहीं दे रहा। पता लगा है कि जो प्लाट अब्दुल ने उसके भाई को बैनामा किया वो अब्दुल द्वारा दूसरा बैनामा रमेश पुत्र चतरू निवासी लोई के हक में कर दिया है। जो उसके भाई के संग धोखाधड़ी है। अब्दुल व उसके भाई लोगों के साथ भूमि विक्रय कर ठगी करते हैं। इसी प्रकार एक बैनामा अब्दुल द्वारा बीते 9 दिसम्बर 2024 में निशा शर्मा पत्नी जोनी व टीपू शर्मा पत्नी विकास निवासी लोई के हक में फर्जी कर दिया गया जबकि वहां कोई कोई प्लाट नहीं है जो अब्दुल के नाम हो। अब्दुल कई वर्षो से इसी प्रकार के कार्य कर रहा है। जो एक दंबग भू माफिया है। उधर फुगाना पुलिस ने अब्दुल के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पत्रकार की माता के निधन पर शोक प्रकट किया

**भोपा।** भोपा निवासी पत्रकार रजनीश शर्मा की माता 67 वर्षीय सुदेश शर्मा का गुरुवार को निधन हो गया वह पिछले काफी समय से बीमार चल रही थी। अस्पताल मे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं गांव निवासी लेखपाल मंगेश अहलूवालिया की माता बिमला अहलूवालिया का 68 वर्ष आयु मे निधन हो गया दोनों महिलाओं मौत से गांव मे शोक की लहर दौड़ गयी। दोनों का अंतिम संस्कार शुक्रताल स्थित शमशान घाट पर किया गया। अंतिम संस्कार में अधिकारी, जनप्रतिनिधि ग्रामीण शामिल हुए। एसडीएम राजकुमार भारती जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल,ग्राम प्रधान तरुण धीमान ,राजस्व निरीक्षक सुनील शर्मा विजय राठी, मौ. इजहार,अरविन्द अहलुवालिया,पत्रकार प्रेम सागर, रोहिताश्व वर्मा, काजी अमजद अली, विपिन पंवार,संजय राठी, नरेन्द्र बालियान, शहज़ाद साबरी, संदीप कटारिया, विकास कर्णवाल, रजत कुमार मौजूद रहे।

# लापता युवक की बरामदगी को लगाई गुहार

**मोरना।** गांव रहमतपुर मे दस दिन पूर्व लापता हुए युवक की बरामदगी की गुहार परिजनों ने पुलिस से लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव वजीराबाद निवासी सुनील कुमार ने तहरीर देकर बताया कि बीते 25 जनवरी को उसका साला प्रवीण कुमार पुत्र वेदपाल निवासी गांव रहमतपुर घर से बिना बताए कहीं चला गया। जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा प्रवीण की तलाश की गयी किन्तु उसका कोई पता नहीं चल सका। अनहोनी की आशंका जताते हुए परिजनों ने युवक की बरामदगी की गुहार लगाई है।

# 9 से 14 फरवरी तक होंगी मदरसा बोर्ड की परीक्षा : मैत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में सोमवार 9 फरवरी से 14 फरवरी तक मदरसा बोर्ड की परीक्षा होगी जिसमें 615 लड़के व 129 लड़कियां मदरसा बोर्ड की परीक्षा देंगी।

मदरसा बोर्ड की परीक्षा के परीक्षा सेंटर पहला सेंटर एसडी इंटर कॉलेज झांसी की रानी, दूसरा सेंटर इस्लामिया इंटर कॉलेज आर्य समाज रोड व तीसरा सेंटर जीआईसी इंटर कॉलेज सफ़िफ़ुर पटी बुढ़ाना में तीन सेंटर लगेंगे मदरसा बोर्ड की परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन ने कसी कमर

जिला अल्पसंख्यक कल्याण



अधिकारी मैत्री रस्तोगी ने मदरसा बोर्ड की परीक्षा को निर्विन सम्पन्न कराने हेतु कमान संभाल ली है।?

# 8 फीट 2 इंच का कद बना पहचान: कोतवाली पहुंचे करन सिंह तो पुलिस भी रह गई दंग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील के गांव भंगेला निवासी 18 वर्षीय करन सिंह इन दिनों अपनी असाधारण लंबाई के कारण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। लगभग 8 फीट 2 इंच लंबे करन सिंह को विश्व के सबसे लंबे युवकों में शामिल किया जा रहा है और उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने की भी जानकारी सामने आ रही है।

करन की लंबाई बचपन से ही लोगों के आकर्षण का केंद्र रही है। परि. जनों के अनुसार, महज आठ वर्ष की उम्र में ही उनका कद 6 फीट 6 इंच तक पहुंच गया था। लंबा कद उन्हें विरासत में मिला है, क्योंकि उनकी माता श्वे. तलाना सिंह देश की सबसे लंबी महिला रह चुकी हैं। 7 फीट 2 इंच लंबी श्वेतलाना सिंह अपने समय की नामी बास्केटबॉल खिलाड़ी रही हैं और राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी हैं।

मां के नक्शे कदम पर चलते हुए करन सिंह भी बास्केटबॉल में अपना करियर बनाने की तैयारी कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का सपना देख रहे हैं। हालांकि, बढ़ती लंबाई के कारण उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जूते और कपड़े आसानी से उपलब्ध न होने के चलते परिवार को विशेष इंतजाम करने पड़ते हैं। करन के पिता संजय सिंह बताते हैं कि जन्म के समय ही करन का नाम दुनिया के सबसे लंबे और वजनी शिशु के रूप में गिनीज बुक में दर्ज हुआ था। अब परिवार की इच्छा है कि वर्तमान लंबाई के आधार पर भी करन का नाम एक बार फिर विश्व रिकॉर्ड में शामिल हो। शुक्रवार को पासपोर्ट सत्यापन के सिलसिले में करन सिंह कोतवाली खतौली पहुंचे। उनकी ऊंचाई देखकर वहां मौजूद पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। देखते ही देखते करन कोतवाली परिसर में आकर्षण का केंद्र बन गए और कई पुलिसकर्मियों ने उनके साथ फोटो और सेल्फी ली। अपने अनोखे कद-काठी के चलते करन सिंह आज न सिर्फ खतौली, बल्कि पूरे जिले के लिए जिज्ञासा और गर्व का विषय बन चुके हैं।



# समाजसेवी रियाजुद्दीन सैफी हुए सम्मानित



**बुढ़ाना।** नटराज आर्ट्स का 121वां अवार्ड शो विगत दिवस नई दिल्ली में आयोजित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार नई दिल्ली के राजेंद्र भवन आईटीओ में नटराज आर्ट्स द्वारा आयोजित 121वें अवार्ड शो में धर्मेंद्र अवार्ड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जानी मानी कई हस्तियों को अवार्ड से सम्मानित किया गया। समाजसेवी रियाजुद्दीन सैफी को सोशल यूनिटी फंट रजिस्टर्ड ऑल इंडिया के लिए अवार्ड प्रदान किया गया।

यह अवार्ड लक्की कश्यप द्वारा प्रदान किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में जो गणमान्य लोग शामिल हुए उनमें विशिष्ट अतिथि के रूप में चौधरी फिरे सिंह, मुकेश जैन और गुलफाम कुरैशी भी उपस्थित थे। इन सभी ने अवार्ड विजेताओं को बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की। बताया जाता है कि नटराज आर्ट्स के द्वारा आयोजित इस अवार्ड शो का उद्देश्य कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना था। इस पहल से कला और संस्कृति के क्षेत्र में नए प्रतिभाओं को भी आगामी समय में पूरा प्रोत्साहन मिलेगा।

# मदरलैंड पब्लिक स्कूल में एसआईआर विषय पर जागरूकता बैठक का आयोजन

**पुरक़ाज़ी।** लक्सर रोड स्थित मदरलैंड पब्लिक स्कूल में समाजवादी पार्टी की ओर से पुरक़ाज़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एस आई आर विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता एस आई आर के ब्लॉक प्रभारी जसवीर वाल्मीकि ने की। कार्यक्रम में क्षेत्र के ज़िम्मेदार नागरिकों, महिलाओं एवं पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और विषय को गंभीरता से सुना।



जसवीर वाल्मीकि ने उपस्थित लोगों से खुलकर संवाद करते हुए एस आई आर की प्रक्रिया, उसके महत्व तथा उससे जुड़े आवश्यक पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूकता और जनसहभागिता से ही क्षेत्र का सर्वांगीण विकास संभव है। बैठक के दौरान उपस्थित लोगों ने अपने विचार और प्रश्न रखे, जिनका उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी की नीतियों और जनहितकारी कार्यक्रमों पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक में निवर्तमान पुरक़ाज़ी नगर अध्यक्ष मोहम्मद अफ़ज़ाल, नगर पंचायत वार्ड 7 के सभासद इस्तखार उर्फ़ लाल्ला, मंसूर सलमानी, गफ्फ़ार ठेकेदार, मोहम्मद इकराम, जगपाल नेता, वंशराज चौहान, अजमल काज़ी, तक़सीर अल्वी, शकील अंसारी, मोहम्मद जाबिर, पूनम उपाध्याय, अदिति गुर्जर, आंचल उपाध्याय, काजल, नसीमा, अवनीश लक्की, अरमान अंसारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी लोगों ने जागरूकता बैठकों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता जताई, ताकि महत्वपूर्ण जानकारियाँ आमजन तक निरंतर पहुँचती रहें।

### धरने की चेतावनी मिलते ही सुलझा मामला

# पीड़ित छुप गया था और जांच में नहीं कर रहा था सहयोग

**बुढ़ाना।** एक किसान संगठन ने शुक्रवार के दिन घोषणा की थी कि वह संगठन के बैनर तले परासौली पुलिस चौकी के बाहर चौकी इंचार्ज के विरुद्ध आगामी 09 फरवरी को धरना प्रदर्शन करेंगे।

जैसे ही यह खबर सोशल मीडिया पर फैली तो मुजफ्फरनगर में बैठे पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों ने बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह से पूरे मामले की जानकारी ली तो उन्होंने इस संबंध में परासौली पुलिस चौकी इंचार्ज गुलाब तिवारी और उक्त किसान संगठन के कुछ जिम्मेदार पदाधिका. रियों से बातचीत की तो काफी देर बाद परासौली पुलिस चौकी इंचार्ज गुलाब तिवारी और संगठन के पदाधिकारियों में चौकी परिसर में बातचीत शुरु हुई। जिस पर काफी जद्दोजहद के बाद आपस में दोनों पक्षों में सहमति बनी कि आगामी 9 फरवरी को दिया जाने वाला धरना प्रदर्शन स्थगित रहेगा। तब चौकी इंचार्ज गुलाब तिवारी ने किसान संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आइंदा ऐसी कोई बात नहीं होगी और जो शिकायत है उसकी दोबारा जांच की जाएगी। दरअसल शिकायत थी कि शक्ति पुत्र रमेश निवासी ग्राम राजपुर छाजपुर ने विगत दिवस तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को गांव के ही दुष्यंत पुत्र जनक सिंह के विरुद्ध शिकायत की थी। जिसमें पुलिस ने अपनी जांच में पीड़ित को ही आरोपी बना दिया था। उधर पुलिस के अनुसार पीड़ित शिकायत करने के उपरांत छिप गया था और जांच में सहयोग नहीं कर रहा था। वार्ता में संगठन के बुढ़ाना तहसील प्रभारी सतेन्द्र मलिक, राकेश ठाकुर, जितेंद्र सिंह, घनश्याम सैनी, दुष्यंत सिंह और शमशाद शेख आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# ऊर्जा मंत्री सोमेंद्र तोमर ने किया औद्योगिक प्रदर्शनी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राज्यमंत्री, ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग, उ.प्र. डॉ. सोमेन्द्र तोमर द्वारा आज अपराह्न औद्योगिक आस्थान, (इंडस्ट्रियल एरिया) शुगर मिल के सामने, नगीना रोड में लगाई गई औद्योगिक प्रदर्शनी का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। मंत्री ने कहा कि इस प्रकार की औद्योगिक प्रदर्शनियां स्थानीय उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन का सशक्त मंच प्रदान करती हैं। इससे न केवल रोजगार के अवसर सृजित होते हैं, बल्कि क्षेत्र के औद्योगिक विकास को भी गति मिलती है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदर्शनी में विभिन्न उद्योगों द्वारा अपने-अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। जिसका मंत्री ने अवलोकन किया तथा उद्यमियों से संवाद किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, उपयुक्त उद्योग अमित कुमार सहित औद्योगिक आस्थान सहकारी समिति के पदाधिकारी, उद्यमी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# खतौली में 2027 की सियासी बिसात बिछनी शुरू, दावेदारों ने बढ़ाया जनसंपर्क

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली विधानसभा क्षेत्र में 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट अब साफ सुनाई देने लगी है। भले ही चुनाव में अभी वक्त बाकी हो, लेकिन भावी प्रत्याशियों ने जनता के बीच पहुंचकर अपनी मौजूदगी दर्ज करानी शुरू कर दी है। गांवों की चौपालों से लेकर गली-मोहल्लों और सामाजिक आयोजनों तक, राजनीतिक गति. विधियां लगातार तेज होती नजर आ रही हैं। इसी क्रम में निषाद पार्टी से जुड़े राकेश सैनी एडवोकेट ने खतौली विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय जनसंपर्क अभियान चलाकर अपनी दावेदारी मजबूत करनी शुरू कर दी है। वे लगातार क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर मतदाताओं से सीधे संवाद कर रहे हैं और अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। राजनीतिक सूत्रों की मानें तो राकेश सैनी भाजपा-निषाद पार्टी गठबंधन से टिकट की उम्मीद लगाए हुए हैं। इसी उद्देश्य से वे राजनीतिक बैठकों के साथ-साथ सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों में भी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं, ताकि जनता से सीधा जुड़ाव स्थापित किया जा सके। राकेश सैनी का राजनीतिक सफर भी अनुभवों से भरा रहा है। वे पूर्व में चरथावल विधानसभा से चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। इसके अलावा झिंझाना नगर पालिका चेयरमैन का चुनाव भी उन्होंने दो बार लड़ा, जिसमें एक बार उन्हें जीत मिली, जबकि दूसरी बार हार का सामना करना पड़ा। अब वे एक बार फिर विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं और खतौली सीट से अपनी किस्मत आजमाने की मंशा रखते हैं।

शुक्रवार को राकेश सैनी अपने समर्थकों के साथ ग्राम दाहौड़ पहुंचे, जहां उन्होंने सैनी समाज के लोगों से मुलाकात कर समर्थन मांगा। इसके बाद जधेडी गांव में प्रजापति समाज के बीच पहुंचकर जनसंपर्क किया। इसके अलावा वे शादी-विवाह, तेरहवीं और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होकर लोगों के सुख-दुख में सहभागी बन रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की निरंतर मौजूदगी से मतदाताओं में भरोसा बनता है। वहीं राकेश सैनी के समर्थकों का दावा है कि उन्हें विभिन्न समाजों से सकारात्मक समर्थन मिल रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि खतौली विधानसभा क्षेत्र में जिस तेजी से सियासी हलचल बढ़ रही है, उससे यह साफ है कि 2027 का चुनाव बेहद दिलचस्प और कड़ा मुकाबला साबित हो सकता है। फिलहाल, चुनाव से पहले ही जनसंपर्क की यह दौड़ बताती है कि प्रत्याशी कोई मौका छोड़ने के मूड में नहीं हैं।



## ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय प्रबंधन की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा सहसपुर में हाल ही में हुई कार्रवाई के बाद बैंक प्रशासन द्वारा सतर्कता बरती जा रही है।

बैंक से जुड़े एक मामले में शाखा प्रबंधक कपिल कुमार एवं फील्ड ऑफिसर विकास कुमार के नाम सामने आने के बाद संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया अपनाई गई। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा स्योहारा में निकटवर्ती शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

# मिल उपप्रबंधक से चार लाख ठगने वाले 2 नटवरलाल दबोचे

**बुढ़ाना।** क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर दो ऐसे ठगों को जाल बिछाकर दबोचा है जिन्होंने शुगर मिल के उप प्रबंधक से ओनलाइन 4 लाख रूपये की नगदी ठग ली थी। शुगर मिल में खुशी की लहर है और सभी अधिक. ारी और कर्मचारी क्राइम इंस्पेक्टर को खुलासा करने पर बधाई दे रहे हैं। बजाज शुगर मिल भसाना गन्ना विभाग के उपप्रबंधक एससी ओझा को बीते वर्ष अगस्त में रायल फाइनेंस कंपनी से काल आई। कालर ने अपना नाम आशीष गुप्ता व कंपनी का मैनेजर बताया। उसने बताया कि उनकी कंपनी आरबीआई में पंजीकृत है और लोन देने के लिए अधिकृत है। उपप्रबंधक को 4 लाख रुपये के लोन की नीड थी जिसमें उन्होंने सहमति दी। फिर आशीष ने पीड़ित से लागिन फीस जमा करने को कहा। पीड़ित ने बीते 8 अगस्त 2025 को अपने एसबीआई बैंक बघरा में बने खाते से 2005 रुपये क्यूआर कोड के माध्यम से भेजे। ये राशि फिनो पेमेंट बैंक के खाते में जमा हुई। आशीष ने बताया कि लोन स्वीकृत हो गया और जल्द ही बैंक खाते में रुपये आ जाएंगे जिसमें ब्याज की भी राशि होगी। पीड़ित ने आशीष गुप्ता व विशाल नेहरा के कहने पर विभिन्न शुल्कों के नाम पर कई बार पैसे भेजे जो फिनो पेमेंट बैंक के खातों में गए। बीते 04 सितंबर को ठगों ने पीड़ित को रॉयल फाइनेंस कंपनी के लेटर पैड पर एक पत्र भेजा। जिसमें सेक्शन कोड 648 और अटेंशन कमैटमेंट का उल्लेख था। जब पीड़ित को लोन न मिला और लाखों रुपये ले लिए गए तो उसने कंपनी की जांच की तो पता चला कंपनी आरबीआई में पंजीकृत नहीं है और एक फर्जी कंपनी है। इसकी सूचना पीड़ित ने सीओ गजेंद्र पाल सिंह को दी तो उन्होंने इसकी जांच क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह को सौंपी तो उन्होंने जाल बिछाकर आज 10वें दिन उक्त मामले का खुलासा कर दोनों ठगों गाजियाबाद निवासीगण सोनू उर्फ आशीष गुप्ता व सागर प्रताप सैनी को अरेस्ट कर उनके पास से उक्त सामान व हजारों रुपये बरामद कर पूछताछ शुरु कर दी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लंबित फाइलों के निस्तारण पर ध्यान दें अधिकारीः डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** जिलाधिकारी द्वारा तहसील का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उन्होंने उप जिला अधिकारी व तहसीलदार न्यायालय में लंबित फाइलों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए तथा धारा 116 की फाइल में लेखपाल द्वारा समय पर रिपोर्ट न देने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी अरविंद चौहान द्वारा तहसील का निरीक्षण किया गया सबसे पहले उप जिला अधिकारी न्यायालय का निरीक्षण किया गया जिसमें पुरानी 6 फाइलों की जांच की गांव बेहड़ा की विनोद बनाम काला धारा 116 की फाइल में लेखपाल द्वारा समय पर रिपोर्ट न देने पर नाराजगी व्यक्त की तथा उप जिलाधिकारी को लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए ।उसके बाद उप जिला अधिकारी न्यायिक के न्यायालय की फाइलों की जांच की तहसीलदार न्यायालय में 19 फाइल पुरानी लंबित है जिनमे विरासत की फाइलों को तस्दीक कर तुरंत निस्तारित करने के निर्देश दिए गए उन्होंने रजिस्टर्ड वसीयत की फाइल लम्बित होने पर भी सवाल किया तथा तथा उनके निस्तारण के निर्देश दिए उसके बाद आर के कार्यालय में आर सिक्स रजिस्टर में न्यायालय के आदेश अपडेट की जांच की रजिस्ट्रार कार्यालय में सब रजिस्ट्रार से जानकारी ली कंप्यूटर कक्ष में आईजीआरएस की स्थिति तथा उनके निस्तारण का रजिस्टर चेक किया तथा शिकायतकर्ता को फोन भी मिलाया लेकिन बात नहीं हो सकी उन्होंने आइजीआरएस व अन्य शिकायतो का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए तहसील कार्यालय में बने लोन में घास लगवाने के निर्देश दिए।

शौचालय व परिसर में साफ सफाई संतोषजनक पाई गई इस दौरान उप जिलाधिकारी ने एस आई आर में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिला अधिकारी को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाने पर स्मृति चिन्ह भेट किया लेखपाल संघ द्वारा भी अध्यक्ष नागेंद्र शर्मा व लेखपालों ने उप जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेटकर स्वागत किया गया।

## डीएम ने किया नगर पंचायत झिंझाना का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने आज अपने निरीक्षण में नगर पंचायत झिंझाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी द्वारा नगर पंचायत झिंझाना परिसर में बने ओवर हैड टैंक का निरीक्षण कर उसकी मरम्मत संबंधी जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण में अवगत कराया गया कि नगर पंचायत झिंझाना परिसर में बने ओवर हैड टैंक में जो लीकेज की समस्या थी जिसको सहायक अभियंता मनोज पाल व अवर अभियंता रवीन्द्र कुमार जल निगम की देखरेख में ठीक कराया गया है अब ओवरहेड टैंक सुचारू रूप से चल रहा है। निरीक्षण के समय तहसीलदार ऊन ललिता चौधरी, अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप आदि मौजूद रहे।




# हाल बेहाल, मुख्य जलापूर्ति लाइन फिर क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के झिंझाना रोड स्थित आरके इंटर कॉलेज के सामने नगर पालिका की मुख्य जलापूर्ति पाइपलाइन एक बार फिर लीकेज हो गई, जिससे क्षेत्र में जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई है। शहर में जलापूर्ति के लिए बिछाई गई मुख्य पाइपलाइन पिछले काफी समय से खराब चल रही है। करीब 15 दिन पूर्व नगर पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा दिनभर पानी की सप्लाई बंद कर पाइपलाइन की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन शुक्रवार को पुनः पाइपलाइन में लीकेज हो गया। पाइपलाइन से लगातार पानी बहने के कारण सड़क पर जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर गली-मोहल्लों में जलापूर्ति बाधित होने से लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। कई क्षेत्रों में नलों में पानी नहीं पहुंचने से नागरिकों को वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइपलाइन में बार-बार लीकेज होने से न केवल पानी की बर्बादी हो रही है, बल्कि जलापूर्ति व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि समस्या का स्थाई समाधान किया जाए और पाइपलाइन की तकनीकी जांच कराकर आवश्यक सुधार कार्य कराया जाए।नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते पाइपलाइन की समुचित मरम्मत नहीं कराई गई तो गर्मी के मौसम में जल संकट और गहरा सकता है। नागरिकों ने जल्द कार्रवाई कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## एक नजर

### कैराना पुलिस ने 20 पाउच देशी शराब के साथ आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 पाउच देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस ने पांच फरवरी की रात चेकिंग के दौरान आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकित पुत्र रोशन, निवासी ग्राम खुरगान, थाना कैराना, जनपद शामली के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध रूप से रखी गई 20 पाउच देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक अशोक कुमार, कांस्टेबल रामकुमार और कुसुमवीर शामिल रहे।

### गैर जमानती वारंटियों के खिलाफ अभियान, दो आरोपियों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** न्यायालयों से जारी गैर जमानती वारंटियों की तामील के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस ने दो वांछित वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह के निर्देश पर गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत की गई। अभियान के दौरान थाना कैराना पुलिस ने न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंटों के आधार पर दबिश देकर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान दिलशाद पुत्र नबरदीन, निवासी ग्राम गन्दराऊ, थाना कैराना तथा हारूण पुत्र सद्दीक, निवासी ग्राम नंगलाराई, थाना कैराना, जनपद शामली के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के संबंध में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। न्यायालय के आदेशों की सख्ती से पालन के लिए आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

### संपूर्ण समाधान दिवस आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद की तीनों तहसीलों में दिनांक 7.2.2026 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन होगा।जिसमें जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील शामली में आयोजित किया जाएगा।

### परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को शहर के बीएसएम स्कूल में प्रधानमंत्री द्वारा संचालित परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का सामूहिक रूप से आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचारों और सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर सरल एवं प्रेरणादायक ढंग से देते हुए समय प्रबंधन, आत्मविश्वास, नियमित अभ्यास, स्वस्थ जीवनशैली और सकारात्मक सोच के महत्व पर विशेष बल दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने परीक्षा की तैयारी, एकाग्रता बनाए रखने, असफलता से सीख लेने तथा लक्ष्य निर्धारण जैसे विषयों पर प्रश्न किए। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय में इन विषयों पर सामूहिक चर्चा भी की गई, जिससे विद्यार्थियों को विषयों को और अधिक स्पष्ट रूप से समझने का अवसर मिला। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### चौसाना में दो युवकों से अवैध तमंचे बरामद कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चौसाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो युवकों को अवैध तमंचों और जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों अभियुक्त अलग.अलग स्थानों से पकड़े गए, जिनके कब्जे से 315 बोर के देशी तमंचे बरामद हुए। चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ युवक अवैध हथियारों के साथ घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम पठानपुरा से कुण्डा जाने वाले खड़ंजे पर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर एक युवक भागने की कोशिश करने लगा, जिसे पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम कैफ पुत्र शहजाद निवासी ग्राम साल्हापुर, बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। उसी मार्ग पर एक अन्य युवक को भी संदिग्ध हालत में पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल पुत्र नरेश कश्यप निवासी चौसाना-गंगोह रोड डेरा चौसाना बताया। तलाशी में उसके पास से भी एक देशी तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

# खेत में घेरकर दी जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मोहल्ला अफगानान निवासी अफजाल पुत्र उस्मान ने कोतवाली कैराना में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि विगत चार फरवरी को दोपहर करीब 3रू14 बजे उसके मोबाइल पर नदीम पुत्र सुलेमान का फोन आया। बातचीत के बाद नदीम अपने साथी सारिक पुत्र रियासत और दो अज्ञात लोगों के साथ उसके खेत पर पहुंच गया। आरोप है कि सभी के मुंह ढके हुए थे और उनके हाथों में लाठी-डंडे, हाकी और दांव थे। पीड़ित के अनुसार आरोपी खेत पर पहुंचकर उसके चाचा इंतजार से उसके बारे में पूछने लगे। जब चाचा ने जवाब नहीं दिया तो आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए कहा कि यदि अफजाल मिल गया तो उसे जिंदा नहीं छोड़ेंगे। आरोपियों को देखकर अफजाल खेत में छिप गया और फोन कर अपने परिचित को मौके पर बुलाया। परिचित के पहुंचते ही आरोपी मौके से फरार हो गए। भागते समय आरोपियों का एक दांव खेत में गिर गया। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद से उसे आरोपियों से जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया हैं। जांच की जा रही है, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 5 पुराने मुकदमों में 3 को जेल और जुर्माना

> शामली पुलिस की प्रभावी पैरवी से अदालत ने सुनाई सजा, कुल 5,550 रुपए का अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत शामली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वर्षों पुराने पांच आपराधिक मामलों में तीन अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए न्यायालय ने कारावास की सजा के साथ कुल 5,550 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस की प्रभावी और सशक्त पैरवी के चलते अदालत ने यह फैसला सुनाया। थाना थानाभवन क्षेत्र के गांव हिण्ड़ निवासी कुर्बान पुत्र इंतजार के खिलाफ वर्ष 2001, 2003 और 2016 में दर्ज तीन अलग-अलग मामलों में अदालत ने सजा सुनाई। वर्ष 2001 में दर्ज चोरी और चोरी का माल रखने के मामले ( धारा 380 व 411 भादवि) में अदालत ने अभियुक्त के जुर्म स्वीकार करने के आधार पर एक वर्ष छह माह का कारावास और 2,000 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

इसी अभियुक्त के खिलाफ वर्ष 2003 में दर्ज लूट और चोरी का माल रखने के मामले ( धारा 392 व 411 भादवि) में भी अदालत ने एक वर्ष छह माह का कारावास और 2,000 रूपए जुर्माना लगाया। वहीं वर्ष 2016 में दर्ज धारा 174ए भादवि के मामले में न्यायालय ने एक वर्ष छह माह का कारावास तथा 500 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। इस मामले में अर्थदंड न देने पर सात दिन का अतिरिक्त कारावास निर्धारित किया गया है। उधर, थाना कोतवाली शामली क्षेत्र के आजाद चौक निवासी इस्तकार पुत्र नसीम को वर्ष 2017 में दर्ज पशु क्रूरता अधिनियम के मामले में दोषी ठहराया गया। अदालत ने अभियुक्त पर 50 रूपए का अर्थदंड लगाया है, जिसे अदा न करने पर एक दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा थाना कोतवाली शामली में वर्ष 2020 में दर्ज अश्लील हरकत द्धधारा 294 भादविऋ के मामले में बड़ौत द्धबागपतऋ निवासी इंतजार पुत्र हुस्ना को दोषी पाते हुए अदालत ने 1,000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर सात दिन के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है। पुलिस अधीक्षक शामली नरेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि इन मामलों में लगातार की गई प्रभावी पैरवी और मजबूत साक्ष्यों के चलते अदालत में दोष सिद्ध हो सका। पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस तरह की सख्त कार्रवाई से अपराधियों में कानून का भय पैदा होगा और आम जनता में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत होगा।

# मोहित बेनीवाल ने रखी खेल स्टेडियम की नींव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मोहित बेनीवाल ने कस्बे के बायपास मार्ग पर शहीद भगत सिंह युवा समिति के कार्यालय का उद्घाटन किया तथा खेल स्टेडियम की नींव रखी इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संगठन सकारात्मक सोच के साथ देश हित में कार्य करें तथा कस्बे में राजकीय डिग्री कॉलेज बनवाने का भी आश्वासन दिया गया। शहीद भगत सिंह युवा समिति द्वारा बायपास मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहित बेनीवाल ने समिति के कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि समिति सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े शहीद भगत सिंह से प्रेरणा लेकर युवाओं को देशभक्ति व सद मार्ग पर लेकर चले उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हो रहे विकास कार्यों के बारे में भी विस्तार से बताया तथा जिले में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए कैबिनेट मंत्री केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व जयंत चौधरी को आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध पर रोक लगी है सड़कों का जाल बिछा है आज प्रदेश विकास के मार्ग पर दौड़ रहा है उन्होंने क्षेत्र के लोगों को 2027 में भाजपा प्रत्याशी को विजई बनाने की अपील की ताकि क्षेत्र में रुका हुआ विकास पटरी पर लौट सके उन्होंने क्षेत्र वासियो को राजकीय डिग्री कॉलेज बनवाने में सहयोग का आश्वासन दिया बाद में खेल स्टेडियम की आधारशिला रखी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बतीसा खाप के चौधरी शौकिन्द्र सिंह ने की तथा संचालन अनिल कुमार ने किया इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल को पगड़ी व स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कार्यक्रम में वरुण मलिक, पुनीत द्विवेदी, निविश कुमार मनीष कालखण्डे भूपेंद्र सिंह रामकुमार शास्त्री वासु मुखिया आदि शामिल रहे।

## ध्यान-आधारित शिक्षा पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम का तीसरा दिन

**झिंझाना।** जय सीताराम किसान इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए एक विशेष ध्यान-आधारित शिक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्रमिक सेवा केंद्र और नीदरलैंड्स स्थित महर्षि वैदिक यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधियों के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन पीतम सिंह मलिक और विवेक वैद्यनाथन ने किया। इसमें श्रमिक सेवा केंद्र, शामली के प्रतिनिधि मोहित छत्रवाल एवं रविकांत, उत्तराखंड से रोहित भट्ट और लक्ष्मी जी, मुंबई से कार्तिकी के साथ-साथ लेबनान और डेनमार्क से पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों और शिक्षकों को ध्यान की विभिन्न वैज्ञानिक तकनीकों से अवगत कराया। कैसे नियमित ध्यान अभ्यास मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता शक्ति और समग्र व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है। छात्रों ने उत्साह के साथ इन अभ्यासों में भाग लिया और इसे अत्यंत लाभकारी बताया।

विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने इसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादाई बताया।



# नाले की पटरियों के पक्कीकरण की मांग को लेकर एमएलसी को सौंपा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के निवासी एवं भाजपा नेता बंटी चौधरी ने ऊन स्टेडियम के शिलान्यास कार्यक्रम में जाते समय बस स्टैंड पर रुके भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मोहित बेनीवाल को नाले की दोनों पटरियों के पक्कीकरण की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि यह मार्ग ग्रामीण क्षेत्रों से होकर गुजरते हुए 709-ए हाईवे को दिल्ली-सहारनपुर हाईवे से जोड़ता है, जिससे इस रास्ते का महत्व काफी बढ़ जाता है। नाले की कच्ची पटरियों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आए दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। बंटी चौधरी ने पत्र के माध्यम से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए नाले की दोनों पटरियों के पक्कीकरण का प्रस्ताव तैयार कर जल्द से जल्द स्वीकृति प्रदान की जाए। उन्होंने बताया कि यह नाला अहमदगढ़ से शुरू होकर खानपुर, काठा, झिंझाना अस्पताल, पीरखेड़ा और भैंसवाल गांवों को जोड़ते हुए दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर मिलता है। इस मार्ग से आसपास के कई गांवों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं, इसलिए इसका पक्का होना बेहद आवश्यक है। ग्रामीणों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए शीघ्र कार्रवाई की उम्मीद जताई है। इस दौरान कार्यक्रम में इंद्रपाल सिंह, अशोक बहादुर, महिपाल मुखिया, नवनीत चौधरी, डॉक्टर रोहित, नितिन प्रधान, मोहन प्रधान, ब्रजपाल शर्मा अश्वनी शर्मा अर्जुन पंडित आदि मौजूद रहे।

# बाल विवाह की रोकथाम को समुदाय को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित ह्बाल विवाह मुक्त भारतह्न विशेष राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत जनपद शामली में निरंतर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।इसी क्रम में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान के निर्देशों के अनुपालन में दिनांक 01 फरवरी 2026 से 08 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत नगर निकाय वार्ड तथा समुदाय स्तर से जुड़े सेवा प्रदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रोबेशन अधिकारी मुशफेकीन द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत नगर निकाय वार्ड तथा समुदाय स्तर




ग्राम पंचायत, सदस्य ग्राम सभा,वार्ड सदस्य पार्षद समुदाय आधारित जोखिमग्रस्त परिवार आदि उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सहायक गुरमीत चौहान द्वारा की गई एवं बाल विवाह के विरुद्ध सभी समुदाय के लोगों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बताया गया कि जनपद शामली में ह्बाल विवाह मुक्त भारतह्न अभियान 27 नवंबर 2025 से 08 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति का उन्मूलन है। महिला कल्याण विभाग से उपस्थित लोकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह पूर्णतः गैर-कानूनी है।

बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक, मानसिक, शैक्षिक एवं सामाजिक विकास पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बाल विवाह करने, कराने अथवा सहयोग करने पर 02 वर्ष तक का कठोर कारावास या रु. 1,00,000 तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। प्रोबेशन अधिकारी को जिला बाल विवाह निषेध अधिकारी नामित किया गया है।वन स्टॉप सेंटर से प्रमोद कुमार व DHEW कुलदीप शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि बाल विवाह की सूचना या आशंका होने पर तुरंत 1098, 112 , 181 या नजदीकी पुलिस थाना को सूचित करें। कार्यक्रम में बाल विवाह न करने एवं समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।

# 50 हजार का इनामी अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में ढेर

## 90 मुकदमे दर्ज थे मृतक रिहान पर, विदेशी हथियार भी मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कोतवाली शामली व थाना आदर्श मण्डी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 50,000/-(पचास हजार रूपए) का अन्तर्राज्ईय ईनामी अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में घायल, दौराने उपचार मृत्यु, अभियुक्त से एक पिस्टल Beretta Made in Italy 32 बोर, 1 पिस्टल Country Made 32 बोर, 8 जिन्दा व 7 खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पलेण्डर रंग काला बिना नम्बर प्लेट, लूटा गया मोबाईल ओप्पो व 2 अन्य मोबाईल, लूटी गई 2 अंगूठी, लूटी गई नकदी बरामद की गई है।



5.22026 को राहुल पुत्र सुन्नर निवासी ग्राम फतेहपुर जनपद शामली मोटर साईकिल से शामली से अपने गांव फतेहपुर जा रहे थे, जैसे ही वह मेन रोड़ से ग्राम फतेहपुर जाने वाले रास्ते पर करीब 100 मीटर आगे पहुंचे तो काले रंग की स्पलेण्डर मोटर साईकिल सवार 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पीछे से आकर रोककर हथियार के बल पर नगदी, 02 अंगूठी व मोबाईल ओप्पो कम्पनी को छीन लिया तथा विरोध करने पर फायरिंग करते हुए मोटर साईकिल की चाबी लेकर मौके से भाग गए। घटना के सम्बन्ध में थाना बाबरी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

घटना के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार तत्काल अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु जनपद में सघन चौकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती अपेक्षा निम्बाड़िया के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद में चल रही चेकिंग के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शामली द्वारा मय टीम के झिंझाना नहर पुल पर चौकिंग की जा रही थी, तभी मोटर साईकिल पर सवार 2 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जिनको रुकने का ईशारा किया गया तो दोनो बदमाश पुलिस टीम पर फायरिंग कर थाना आदर्श मण्डी क्षेत्र ग्राम कसेरवा की ओर जाने वाले रास्ते पर भागने लगे। बदमाशो के सम्बन्ध में तत्काल थाना आदर्श मण्डी पुलिस को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष थाना आदर्श मण्डी द्वारा पुलिस टीम के साथ ग्राम कसेरवा की ओर से तथा थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा झिंझाना नहर पुल की ओर से बदमाशो की घेराबन्दी की गई। घेराबन्दी होते देख बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करनी शुरू कर दी गई। फायरिंग के दौरान थाना आदर्श मण्डी की सरकारी गाड़ी पर गोली लगी जिसमें थानाध्यक्ष आदर्श मण्डी बाल-बाल बचे तथा है0का0 सुमित बैंसला थाना कोतवाली शामली बदमाशो की गोली लगने से घायल हो गए। थाना कोतवाली शामली व थाना आदर्श मण्डी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही के दौरान पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में 1 बदमाश घायल हुआ, जिसकी पहचान रिहान पुत्र मौहम्मद आलम निवासी न्यू ओखला जाकिर नगर गली नं. 21 दिल्ली के रूप में हुई। घायल अभियुक्त रिहान व है0का0 सुमित बैंसला को उपचार हेतु जिला अस्पताल शामली में भर्ती कराया गया, जहां पर अभियुक्त रिहान की दौराने उपचार मृत्यु हो गई तथा है0का0 सुमित बैंसला उपचाराधीन है।

अभियुक्त रिहान उपरोक्त से उपरोक्त सामान बरामद किया गया। अभियुक्त रिहान उपरोक्त अन्तर्राज्ईय अपराधी है, जिसके विरुद्ध लूट, हत्या का प्रयास, गैंगस्टर, शस्त्र अधिनियम आदि के कुल 90 अभियोग जनपद शामली, बागपत, गाजियाबाद, दिल्ली व एनसीआर में ज्ञात हुए है। अभियुक्त के शेष आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। अभियुक्त रिहान उपरोक्त थाना झिंझाना जनपद शामली से लूट के मुकदमें में वांछित चल रहा था तथा 50,000/-(पचास हजार रूपए) का ईनामिया था। अभियुक्त का 1 अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित की गई है। थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है। अभियुक्त का नाम व पता रिहान पुत्र मौहम्मद आलम निवासी न्यू ओखला जाकिर नगर गली नं. 21 दिल्ली है। इस पर करीब 90 मुकदमे विभिन्न धाराओं में दर्ज थे। **पुलिस टीम का विवरण:-** सचिन शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, ज्ञानेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली, उ0नि0 अय्यूब अली थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली, उ0नि0 जहांगीर थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, है0का0 रिंकू सिंह थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली, है0का0 प्रमोद कुमार थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली, है0का0 विकास थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, है0का0 भगत भाटी थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, है0का0 सुमित थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, है0का0 सौरव थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, का0 अमित थाना कोतवाली शामली जनपद शामली, का0 पुष्पेन्द्र थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली रहे।

# खेत में टहल रहे युवक पर जंगली गीदड़ का हमला, हालत गंभीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान में खेत पर टहल रहे एक युवक पर अचानक जंगली गीदड़ ने हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घायल अवस्था में युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल शामली रेफर किया गया है। घायल युवक की पहचान जनपद बागपत के थाना छपरौली क्षेत्र के गांव लूम निवासी पंकज पुत्र तेजपाल के रूप में हुई है। पंकज का खेत थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान में स्थित है। शुक्रवार को वह अपने खेत पर टहल रहा था, तभी अचानक झाड़ियों से निकलकर एक जंगली गीदड़ ने उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से पंकज संभल नहीं सका और गीदड़ ने उसे बुरी तरह घायल कर दिया। युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर दौड़े और शोर मचाकर गीदड़ को भगाया। इसके बाद घायल पंकज को तुरंत कांधला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया गया।

अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ. जितेश ने बताया कि घायल युवक को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद से क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से खेतों और आबादी के आसपास घूम रहे जंगली जानवरों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

# चांदी के जेवर व नकदी लेकर फरार होने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खैल खालापार में पारिवारिक विवाद के बीच चोरी कर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पति की दूसरी पत्नी घर में रखे चांदी के जेवरात और पचास हजार रूपए की नकदी चोरी कर किसी व्यक्ति के साथ फरार हो गई, जबकि अपने तीनों बच्चों को घर पर ही छोड़ गई।

मोहल्ला खैल खालापार निवासी शबनम पत्नी महबूब ने शुक्रवार को थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति ने गुलिस्तां नाम की महिला से दूसरी शादी कर रखी है। गुलिस्तां अपने तीन बच्चों के साथ पीड़िता के मकान में ही रह रही थी। आरोप है कि गुरुवार की रात्रि गुलिस्तां ने पीड़िता के संदूक का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे चांदी के जेवरात व पचास हजार रूपए की नगदी चोरी कर ली। इसके बाद वह अपने बच्चों को छोड़कर किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ फरार हो गई। पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि गुलिस्तां पूर्व में भी घर से नकदी और जेवरात लेकर फरार हो चुकी है, लेकिन उस समय पारिवारिक स्तर पर समझौता हो जाने के कारण कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई थी। अब दोबारा इस तरह की घटना होने से पीड़िता मानसिक रूप से काफी परेशान है और उसने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। फरार महिला की तलाश की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी महिला को बरामद कर मामले का खुलासा किया जाएगा।



## एक नजर

### झलकारी बाई ने महाराष्ट्र लोक नृत्य प्रस्तुत कर किया प्रथम स्थान प्राप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के चतुर्थ दिवस पर शिविर का शुभारंभ स्काउट गाइड ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण में रेंजर्स ने वी फॉर्मेशन मे प्रतिभाग किया। प्रार्थना एवं झंडा गीत के उपरांत रेंजर्स ने महाविद्यालय प्रांगण में श्रमदान किया। प्रशिक्षिका गीता रानी एवं गायत्री देवी के द्वारा रेंजर्स को पायनियरिंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत मंकी ब्रिज बनाना और तंबू बनाना बिना बर्तन के भोजन बनाना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के द्वितीय पहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में टीम लीडर मुस्कान की टोली नंबर एक झलकारी बाई ने महाराष्ट्र लोक नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान , टीम लीडर जैनब की टोली इंदिरा गांधी ने राजस्थानी लोक नृत्य कर द्वितीय स्थान, प्रेरणा जैन की टोली नंबर दो सावित्रीबाई फुले ने बंगाल का लोक नृत्य प्रस्तुत कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में मुन्नालाल गर्ल्स पीजी कॉलेज सहारनपुर की प्राध्यापक प्रो। सीमा रानी, लाल किशन चंद राजकीय महाविद्यालय की सहप्राध्यापिका रचना मिश्रा एवं गृह विज्ञान विभाग की सहप्राध्यापिका डॉ लक्ष्मी गौतम रही। प्रो। सीमा रानी ने कार्यक्रम में उपस्थित रहते हुए छात्राओं को आर्शीवचन दिया।



# एसआईआर कार्य से लौटते समय डीएम की गाड़ी जाम में फंसी

**झिंझाना।** एसआईआर कार्य की जानकारी लेने के बाद लौटते समय जिलाधिकारी शामली अरविंद कुमार की गाड़ी कस्बे में लगे जाम में फंस गई। पंजाब नेशनल बैंक से लेकर बस स्टैंड तक करीब 15 मिनट तक यातायात बाधित रहा, जिससे आम राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिलाधिकारी अरविंद कुमार नगर पंचायत में जिला कार्यक्रम अधिकारी यामिनी रंजन से एसआईआर कार्य को लेकर जानकारी ली थी। इसके बाद जैसे ही उनका काफिला शामली की ओर रवाना हुआ, अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम की स्थिति बन गई। जाम खुलवाने के लिए डीएम के साथ चल रहे कर्मियों को वाहन से उतरकर व्यवस्था संभालनी पड़ी। इस दौरान एक एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही, जिसे बाद में निकाला गया। जाम के दौरान सड़क किनारे गलत ढंग से खड़ी एक कार का चालान किए जाने की भी चर्चा रही। घटना के बाद कस्बे की यातायात व्यवस्था और अवैध पार्किंग को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई।

## छात्राओं से अश्लीलता के मामले में कार्यवाही न होने से रोष

**शेरकोट।** छात्राओं से रास्ते में अश्लीलता होने के मामले में पुलिस कार्यवाही न होने से ग्रामीणों में रोष है। मालूम हो कि बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी तीन छात्राएं साइकिल से सुबह लगभग 9:30 बजे नगर के एक स्कूल मे पेपर देने आ रही थी। जब वह महामाया डिग्री कॉलेज स्थित निकट पहुंची तो तभी बाइक सवार नकाबपोश एक युवक ने उन्हें रोक लिया तथा अश्ल. ीलता की। डरी सहमी छात्राएं रोते हुए हाईवे पर पहुंची तो राहगीरो ने उन्हें ढांढस बंधाया और स्कूल तक पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर प्रधानाचार्य ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक की तलाश कर कड़ी कार्यवाही की मांग की। उधर छात्राओं के साथ हुई घटना से अभिभावकों में अपनी बच्चियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। जबकि पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों मे आरोपी युवक कैद हो गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

# स्टेट रेपिड मॉनिटरिंग टीम ने परखी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रमुख सचिव स्वास्थ्य के निर्देश पर प्रदेशभर में चल रहे निरीक्षण अभियान के तहत शुक्रवार को स्टेट रेपिड मॉनिटरिंग टीम ने शामली पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामली तथा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया।

शामली सीएचसी का निरीक्षण करने के लिए अमरोहा से डिप्टी सीएमओ डॉ। विजय कुमार पहुंचे। उनके साथ दो सदस्ईय टीम ने इमरज. ेंसी कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, प्रसव कक्ष, डेंटल कक्ष सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था, डस्टबिन की उपलब्धता, मरीजों को शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की स्थिति तथा उपचार व्यवस्था की जानकारी ली गई। इस दौरान डॉ। बिजेन्द्र, हनीफ अहमद सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। वहीं जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के लिए मुरादाबाद से कंसल्टेंट ऑफिसर डॉ. राजीव कुमार एवं डॉ। शमशीर आलम पहुंचे। टीम ने ओपीडी कक्षों, दवा वितरण केंद्र, पैथोलॉजी, एसएनसीयू, बच्चा नर्सरी, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड कक्ष तथा एक्स-रे कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल में भर्ती एवं उपचार करा रहे मरीजों से भी बातचीत कर उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने बताया कि प्रमुख सचिव स्वास्थ्य के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं, संसाधनों और कमियों का आकलन किया जा रहा है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और सु.ढ़ बनाए रखने तथा मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

# शामली को मिले दो नए निरीक्षक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** उत्तर प्रदेश पुलिस में पदोन्नति की बड़ी प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश भर में 121 उप निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी क्रम में जनपद शामली से भी दो उप निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर प्रमोशन मिला है। इस उपलब्धि से पुलिस विभाग में खुशी का माहौल बना हुआ है।



जनपद शामली की अपराध शाखा में तैनात उप निरीक्षक संजय त्यागी और कांधला थाने में एसएसआई के पद पर कार्यरत उप निरीक्षक सुभाष सिंह को उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति की सूचना मिलते ही दोनों अधिकारियों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। पुलिसकर्मियों, अधिकारियों और शुभचिंतकों ने उन्हें फोन और व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने दोनों नवपदोन्नत निरीक्षकों को तीसरा स्टार लगाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसपी ने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं और उम्मीद जताई कि दोनों अधिकारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।कांधला थाने में तैनात रहे सुभाष सिंह को उनकी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासित कार्यशैली के लिए जाना जाता है। आमजन के बीच उनकी साफ-सुथरी छवि रही है और उन्होंने हमेशा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी पदोन्नति को उनकी मेहनत, लगन और ईमानदार सेवा का परिणाम माना जा रहा है। पुलिस महकमे में इस पदोन्नति को लेकर उत्साह का माहौल है और इसे विभाग के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया जा रहा है।

### संबंध विच्छेद सूचना

मेरा बड़ा पुत्र अजीम गलत संगत में पड़ गया है, आए दिन कोई न कोई झगड़ा-फसाद करता है। इसलिए मैं अपने पुत्र अजीम से संबंध विच्छेद करते हुए उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में इसके किसी भी लेनदेन व कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौ० इलयास पुत्र हबीब**
निवासी:- ग्राम जाफरपुर, गढ़ीअब्दुल्ला खान, थाना थानाभवन जिला शामली

# नो हेलमेट, नो फ्यूल : चला सघन अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा आमजन के जीवन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यातायात पुलिस द्वारा नो हेलमेट, नो फ्यूल नीति के अंतर्गत व्यापक सघन अभियान चलाया गया।

शुक्रवार को यातायात निरीक्षक निधि चौधरी के नेतृत्व में टीम ने एसटी तिराहा, वर्मा मार्केट, बनत चौराहा, गुरुद्वारा तिराहा, अंजता चौक, बस अड्डा, बलवा चौराहा, फव्वारा चौक, विजय चौक सहित जनपद के प्रमुख व व्यस्त चौराहों पर अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग के प्रति जागरूक करना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।



अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों, पेट्रोल पंप संचालकों व आम नागरिकों को हेलमेट पहनने, सुरक्षित ड्राइविंग अपनाने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए गए कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को ईंधन न दिया जाए। साथ ही मोटर वाहन अधिनियम के तहत नियम उल्लंघन पर की जाने वाली दंडात्मक कार्रवाई की जानकारी भी दी गई। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 425 वाहनों के चालान किए गए, जिनमें से 371 चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने पर किए गए।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक शामली में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ।संस्था में छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया दिनांक 5 एवं 6 फरवरी 2025 को राजकीय महिला पॉलिटैक्निक शामली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य द्वारा छात्राओं को स्वस्थ जीवन जीने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेल कूद का महत्व समझाया गया एवं विजेता छात्राओ को मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। संस्था चौम्पियन की ट्रॉफी रेशु एवं उपविजेता की ट्रॉफी ज्योति को प्रदान की गई।100 मी. दौड़ में रेशु, निशा एवं विशाखा ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया, ऊंची कूद मे ज्योति प्रथम, रिया त्यागी द्वितीय एवं भारती तृतीय रही, टी. टी. प्रतियोगता मे नेहा सिंघल,मानवी चौहान एवं ज्योति ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल डांस मे माही प्रथम रही, ग्रुप डांस मे साक्षी एवं मानवी प्रथम रही। इस मौके पर क्रीड़ा अधिकारी मती अदिति सिंह एवं क्रीड़ा प्रभारी जितेंद्र कुमार द्वारा समस्त स्टाफ को खेलकूद कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया गया। इस मौके पर अध्यक्ष कंप्यूटर साइंस संजय कुमार, रश्मि सिंह, सचिन सैनी, वाणी गुप्ता, सचिन विकल,डॉद्व मोनिका ,तेजपाल सिंह एवं राजेंद्र कुमार , मनीष थापा , रीता आदि उपस्थित रहे।



# छेड़छाड़ को लेकर चले लाठी-डंडे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** लड़की से छेड़छाड़ को लेकर अलग-अलग जातियों के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों की ओर से लाठी डंडे और धारदार हथियार चले मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाबुझा कर शांत किया। इसमें दो महिलाओं समेत 11 लोग घायल हो गए। जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

रणखंडी गांव में युवती के साथ छेड़छाड़ को लेकर जमकर विवाद हो गया। एक पक्ष का आरोप है कि परिवार की लड़की गोबर डालकर घर लौट रही थी, इसी दौरान पडोसी युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। शिकायत करने पर उन पर हमला किया गया। जबकि दूसरे पक्ष का आरोप है कि छेड़छाड़ के आरोप निराधार हैं।

गाली गलौज करने को लेकर उनके साथ मारपीट की गई और लाठी डंडों व तेज धारदार हथियारों से हमला किया गया। एक पक्ष के 25 वर्षीय मिंटू, 22 वर्षीय अंकिता, 50 वर्षीय किरनपाल, 40 वर्षीय अमरपाल जबकि दूसरे पक्ष के 18 वर्षीय हिमांशु, 20 वर्षीय आकांशा, 45 वर्षीय मुनेश, 48 वर्षीय अनिल, 47 वर्षीय सुधीर, 50 वर्षीय सुकेश और 20 वर्षीय दीपक घायल हो गए।

मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत किया और घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर मिली है, जिसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# मुरादाबाद मंडल की टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्टेट रिव्यू मिशन (एसआरएम) की मुरादाबाद मंडल की टीम ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी समेत अन्य व्यवस्थाएं परखी। मरीजों से बातचीत कर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जाना।

एआरओ (सहायक समीक्षा अधिकारी) आलोक यादव के नेतृत्व में टीम ने अस्पताल का रिकार्ड चेक किया। ओपीडी, आईपीडी, इमरजेंसी, प्रसव कक्ष समेत अन्य वार्डों का भी निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

एआरओ आलोक यादव ने बताया कि चलाए जा रहे इस अभियान के तहत सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और लक्ष्यों को पूरा कराने के साथ ही व्याप्त खामियों में सुधार कराया जा रहा है। टीम द्वारा ब्लाक के सभी जन आरोग्य मंदिरों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण भी किया जाएगा।





उधर, स्वास्थ्य विभाग की टीम के निरीक्षण के दौरान चिकित्सक व कर्मचारी अलर्ट रहे।

इस मौके पर बीसीपीएम राजेश कुमार, देवबंद सीएचसी प्रभारी डा. रियंका चौधरी, चीफ फार्मासिस्ट पूरण सिंह रांघड़ समेत स्टाफ मौजूद रहा।

# यूजीसी परीक्षा पास करने पर खुशी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** यूजीसी नेट परीक्षा पास करने पर परिजनों व गांव में खुशी का माहौल है।

सैनपुर उर्फ शहजादपुर निवासी दीपचंद की बेटी शालू ने अपने दूसरे प्रयास में यूजीसी-नेट (हिंदी विषय) की परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रामपुर मनिहारान के राजकीय महाविद्यालय में हिंदी विषय के सहायक प्रोफेसर डॉ. संजू कुमार ने बताया कि छोटी बहन शालू शुरु से ही परिश्रमी एवं मेधावी छात्रा रही हैं। दूसरी बहन राधा ने भी पिछले वर्ष हिंदी विषय से नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वहीं, शालू ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों एवं परिवारजनों को दिया है। उनकी उपलब्धि से परिवार और गांव में खुशी की माहौल है।

# पीएम मोदी ने परीक्षा को लेकर दिए टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आरके पब्लिक स्कूल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परीक्षा पर दिए टिप्स कार्यक्रम का प्रसारण छात्रों को दिखाया गया। इसे देख बच्चों में आत्मविश्वास की वृद्धि हुई।

प्रधानाचार्या मोनिका कपूर ने बताया कि एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बच्चों ने प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक विचारों को सुना। प्रधानमंत्री ने छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा सकारात्मक सोच के साथ पढ़ाई करने के जो टिप्स बच्चों को दिए हैं, वह उस पर अमल करेंगें। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों पर पढ़ाई को लेकर अनावश्यक दबाव न डालने की अपील भी की। शिक्षकों ने छात्रों को समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, योग एवं संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।



चेयरमैन राजेश चौहन व डा. कुलदीप राणा ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा जैसे कार्यक्रम छात्रों के मानसिक विकास एवं आत्मबल को बढ़ाने में अत्यंत सहायक हैं।

# कैरम प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** यूनानी दिवस समारोह के दौरान चल रहे खेल प्रतियोगिताओं में दूसरे दिन कैरम प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें खिलाडियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

देवबंद यूनानी मेडिकल कालेज में यूनानी दिवस समारोह के दौरान चल रहे स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमेटी के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के ग्रुप ए के सेमीफाइनल में एहतेशामुलहक व मंतशा खान, ग्रुप बी में मोहम्मद अली व अब्दुल बासित, ग्रुप सी में साहब अहमद व साहिल तथा ग्रुप डी में लायबा खान व अंजुम अख्तर विजयी रहे। सेमीफाइनल के बाद साहब अहमद, साहिल, एहतेशामुलहक और अब्दुल बासित ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में साहब अहमद प्रथम और साहिल द्वितीय रहे। इस मौके पर डा. रूमाना, डा. हिलाल हमीद, डा. मोहम्मद आरिफ, डा. फैसल एवं डा. आदिल सरफराज आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

## चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**धामपुर।** विकास खंड अल्हैपुर की ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोक. चंद और एडीओ पंचायत अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत मीमला, टपरौला में आयोजित चौपाल में खण्ड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।

# डांट से क्षुब्ध युवती ने की थी खुशकशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फिजियोथेरेपिस्ट रवीना ने परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर खुदकुशी की थी। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि डांट से नाराज होकर युवती घर से चली गई थी। जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। बीबीपुर गांव निवासी 23 वर्षीय रवीना का विगत 24 जनवरी को घर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर स्थित चेतनपुरी गांव के खेतों में जामुन के पेड़ से लटका शव मिला था। परिजनों ने मामले में दो युवकों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। मौके पर पहुंची डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम समेत पुलिस ने घटनास्थल पर बारीकी से जांच की थी। 25 जनवरी को आई रवीना की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया था। जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों और परिजनों से सख्ती से पूछताछ की थी। साथ ही रवीना की सीडीआर (कॉल डिटेल) निकलवाई थी। शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि मामले से जुड़ी सभी कड़ियों को जोड़ने के बाद यह स्पष्ट हो गया कि रवीना परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर घर से चली गई थी और उसके बाद उसने खुदकुशी की। रवीना फिजियोथेरेपिस्ट का कोर्स किया था और वह नगर के रेलवे रोड स्थित एक चिकित्सक के यहां प्रैक्टिस कर रही थी।

# पांच मामलों में तीन को कारावास

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी करते हुए 5 मामलों में 3 अभियुक्तों को न्यायालय के माध्यम से कारावास की सजा व 5550/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

1. वर्ष 2001 में अभियुक्त कुर्बान पुत्र इन्तजार निवासी ग्राम हिण्ड् थाना थानाभवन जनपद शामली के विरुद्ध थाना थानाभवन पर मुकदमा किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी की गई जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा अभियुक्त उपरोक्त के जुर्म इकबाल के आधार पर अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि को समायोजित करते हुए धारा 380 भादवि में 1 वर्ष 6 माह के कारावास व धारा 411 भादवि में 1 वर्ष 06 माह के कारावास की सजा व 2,000/-रुपये के अर्थदण्ड् से दण्डित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में 15 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

2. वर्ष 2003 में अभियुक्त कुर्बान पुत्र इन्तजार निवासी ग्राम हिण्ड् थाना थानाभवन जनपद शामली के विरुद्ध थाना थानाभवन पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी की गई जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा अभियुक्त उपरोक्त के जुर्म इकबाल के आधार पर अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि को समायोजित करते हुए धारा 392 भादवि में 1 वर्ष 6 माह के कारावास व धारा 411 भादवि में 1 वर्ष 6 माह के कारावास की सजा व 2,000/-रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में 15 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

3. वर्ष 2016 में अभियुक्त कुर्बान पुत्र इन्तजार निवासी ग्राम हिण्ड् थाना थानाभवन जनपद शामली के विरुद्ध थाना थानाभवन पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी की गई जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा अभियुक्त उपरोक्त के जुर्म इकबाल के आधार पर अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि को समायोजित करते हुए मुकदमा उपरोक्त में 1 वर्ष 06 माह के कारावास की सजा व 500/- रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में 7 दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

4. वर्ष 2017 में अभियुक्त इस्तकार पुत्र नसीम निवासी आजाद चौक थाना कोतवाली शामली जनपद शामली विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी की गई जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में 50/-रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में एक दिवस के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

5. वर्ष 2020 में अभियुक्त इन्तजार पुत्र हुस्ना निवासी मौहल्ला इस्लामाबाद थाना बडौत जनपद बागपत के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# स्योहारा में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण

**स्योहारा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश भर में यह स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जहो-जहां सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया है, वहां से कब्जा हटवाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया जाएगा। मुख्यमंत्री के इन सख्त आदेशों के बाद भी स्योहारा नगर में स्थिति इसके ठीक उलट नजर आ रही है। नगर पालिका स्योहारा की कई कीमती सरकारी संपत्तियां आज भी अतिक्रमण की चपेट में हैं। स्टेशन रोड सहित नगर के अनेक प्रमुख इलाकों में नगर पालिका की भूमि पर अवैध रूप से दुकानें और ढांचे खड़े किए गए हैं, जिनको लेकर वर्षों से विवाद चलता आ रहा है। इन दुकानों पर आए दिन चर्चाएं होती हैं, आपसी तनातनी बढ़ती है और कई बार मामला कोर्ट से लेकर थाना तहसील तक पहुंच जाता है लेकिन नतीजा आज तक शून्य ही रहा है। बताया जाता है कि जब भी नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी किए जाते हैं, कब्जाधारी तुरंत न्यायालय की शरण लेकर मामलों को लटका देते हैं। कोर्ट की प्रक्रिया का सहारा लेकर न केवल कब्जा बनाए रखा जाता है बल्कि नगर पालिका की कार्रवाई भी ठंडे बस्ते में चली जाती है। ऐसे में नगर पालिका की तमाम कानूनी प्रक्रियाएं कागजी औपचारिकता बनकर रह जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मुख्यमंत्री के आदेशों का सख्ती से पालन किया जाए तो स्योहारा की कई सरकारी जमीनें आज कब्जामुक्त हो सकती हैं, लेकिन प्रभावशाली कब्जाधारियों के सामने नगर पालिका खुद को असहाय महसूस कर रही है। अगर जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का यह सिलसिला और भी बेलगाम हो सकता है

## लटके विद्युत तारों से ग्रामीणों में दहशत

**हल्दौर।** ग्राम सल्लाहपुर में हाईटेंशन लाइन के तार मकानों की छतों पर लटके होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण शहाबुद्दीन, आजाद अंसारी, वसीम अहमद, फरमान, फयाजुद्दीन आदि लोगों का चांदपुर की ओर जाने वाली सड़क के किनारे मकान स्थित हैं। इन मकानों की छतों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है, जिसके तार बेहद नीचे लटके हुए हैं। इससे बरसात या तेज हवा के दौरान करंट फैलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार इस संबंध में विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने मांग की है कि संभावित दुर्घटना से पहले ही हाईटेंशन लाइन को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराया जाए, ताकि जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## छात्रा पर कुत्ते का हमला

**स्योहारा।** कस्बे में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को इसका भयावह रूप उस समय देखने को मिला, जब स्कूल जा रही छात्राओं पर कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई, वहीं एक छात्रा घबराकर पेड़ से टकरा गई और घायल हो गई। घटना एमक्यू गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास हुई, जो पास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार जैन स्ट्रीट, जुमेरात का बाजार, एमक्यू गर्ल्स इंटर कॉलेज, मौहल्ला सादात, मालियान और हाजी वाली मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। सुबह और दोपहर के समय जब बच्चे स्कूल जाते या लौटते हैं, तब यह समस्या और गंभीर हो जाती है। कुत्तों के झुंड राह चलते लोगों पर भौंकते और कई बार हमला भी कर देते हैं, जिससे बच्चों और अभिभावकों में डर का माहौल है। घटना के बाद स्थानीय निवासी संजय वर्मा ने पालिका प्रशासन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले भी कुत्तों ने एक मासूम बच्चे पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही आवारा कुत्तों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में कोई बड़ी और दुखद घटना हो सकती है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**धामपुर।** जाहनवी पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों को महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में समाज और राष्ट्र की सेवा का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा।

# कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां तेज

## भागूवाला-मोटा महादेव मार्ग पर गड्ढे भरे जा रहे, पेड़ों की छंटाई शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। भागूवाला से स्वयंभू मोटा महादेव मंदिर तक कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित बाईपास सड़क के गड्ढों को भरने और सड़क किनारे पेड़ों की छंटाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह कदम कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।

दरअसल, भागूवाला क्षेत्र में स्थित स्वयंभू मोटा महादेव मंदिर कांवड़ यात्रा का पहला प्रमुख पड़ाव माना जाता है। हर वर्ष सावन माह में बड़ी संख्या में कांवड़िए यहां पहुंचते हैं और जलाभिषेक के बाद आगे की यात्रा शुरू करते हैं। इसी को देखते हुए जिलाधिकारी ने हाल ही में मोटा महादेव मंदिर परिसर में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर एक समीक्षा बैठक आयोजित की थी।

बैठक में थाना प्रभारी, सामाजिक वाहिनी, नगर पालिका, क्षेत्राधिकारी, वन विभाग, बिजली विभाग और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) सड़क सुरक्षा से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले मार्ग, बिजली, सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था से संबंधित सभी कार्य समय पर पूरे किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में लोक निर्माण विभाग द्वारा मोटा महादेव मंदिर से भागूवाला तक बाईपास सड़क पर मौजूद गड्ढों को भरने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर गड्ढों के कारण आए दिन वाहन फिसलने और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था, जो कांवड़ यात्रा के दौरान और अधिक बढ़ जाता। अब सड़क की मरम्मत होने से कांवड़ यात्रियों के साथ-साथ आम राहगीरों को भी राहत मिलेगी।





वहीं, सामाजिक वाहिनी की ओर से सड़क किनारे उगी झाड़ियों और पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, घनी झाड़ियों और बाहर की ओर निकली पेड़ों की डालियों के कारण बड़े वाहनों और कांवड़ियों के आपस में टकराने की आशंका रहती थी। छंटाई के बाद सड़क का किनारा साफ हो गया है, जिससे दृष्यता बढ़ेगी और हादसों की संभावना कम होगी।

प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में बिजली के जर्जर तारों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं को भी दुरुस्त किया जाएगा। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी और श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। स्थानीय लोगों और शिव भक्तों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि समय रहते सभी व्यवस्थाएं पूरी होने से कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न होगी।

# लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार



## लूट का सामान, अवैध शस्त्र और एक बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** पुलिस ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत तीन आरोपियों को लूटे गए सामान, अवैध शस्त्र और एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भरेकी निवासी आशिक पुत्र अब्दुल वाहिद ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि चार अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोककर तमंचे के बल पर 7,100 रुपये नकद व एक मोबाइल फोन लूट लिया था। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की।

पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समीर पुत्र निसार, जीशान पुत्र कामिल और दिव्यांशु पुत्र रोहतास, निवासीगण ग्राम जनदरपुर, थाना कोतवाली शहर, बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि करीब एक माह पूर्व उन्होंने भरेकी नहर पुल के पास एक बाइक सवार व्यक्ति को रोककर तमंचे के बल पर उसका मोबाइल फोन व 7,100 रुपये नकद लूटे थे और रकम आपस में बांट ली थी।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, छह जिंदा कारतूस 315 बोर तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में चालान कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। जबकि इस मामले का एक अन्य आरोपी शाहबाज पुत्र नवाब अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिसकी तलाश जारी है।

# कांवड़ यात्रा को लेकर धामपुर में पुलिस का पैदल गश्त अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रस्तावित कांवड़ यात्रा को लेकर नगर में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बीती रात पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे के नेतृत्व में व्यापक पैदल गश्त अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना और आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना रहा।

पैदल गश्त कोतवाली क्षेत्र से प्रारंभ होकर खारी कुआं रोड, शिव मंदिर, मुख्य बाजार एवं बस स्टैंड होते हुए पुन: धामपुर कोतवाली पर समाप्त हुई। इस दौरान पुलिस टीम ने प्रमुख बाजारों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी। गश्त के दौरान कई संदिग्ध व्यक्तियों को रोककर पूछताछ की गई और उनकी गति. विधियों की जानकारी जुटाई गई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने दुकानदारों, व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर अनावश्यक अतिक्रमण न करने की अपील की तथा दुकानों के सामने सामान निर्धारित सीमा के भीतर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चोरी, छिनैती एवं अन्य असामाजिक गति. विधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की तत्परता का भरोसा दिलाया। कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से पैदल गश्त, वाहन चेकिंग और संदिग्धों की जांच की जा रही है। ऐसे अभियानों से अपराधियों में भय का वातावरण बनता है और नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा मिलता है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

पैदल गश्त के दौरान उप निरीक्षक श्याम पाल सिंह, आरक्षी राहुल कुमार, विकास रावत सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHAMMAD MASOOD USMANI से MASOOD USMANI कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जाए।

**मसूद उस्मानी पुत्र हामिद हसन मोहल्ला अबुल बरकात, सफेद मस्जिद, देवबंद।**

# भारत से मैच का बॉयकाट न करे पाक: श्रीलंका



**श्रीलंका क्रिकेट के प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा ने गंभीर कमर्शियल और आर्थिक नतीजों की चेतावनी दी**

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट के प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 के दौरान श्रीलंका में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच के बॉयकॉट की रिपोर्ट पर फिर से सोचने की अपील की है। उन्होंने इसके गंभीर कमर्शियल और आर्थिक नतीजों की चेतावनी दी है, श्रीलंका के न्यूजवायर ने यह रिपोर्ट दी है। लेटर में, एसएलसी ने कहा कि उसे मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि पाकिस्तान के टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की उम्मीद है, लेकिन 15 फरवरी, 2026 को कोलंबो के आर- प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच को छोड़ने का फैसला लिया जा सकता है। लेटर के मुताबिक, श्रीलंका में मैचों, खासकर भारत बनाम पाकिस्तान मैच के लिए टिकटों की बिक्री पूरी हो चुकी है और इसकी बहुत ज्यादा डिमांड देखी गई है, जो लोगों की पहले कभी न देखी गई दिलचस्पी और बड़ी कमर्शियल उम्मीदों को दिखाता है।

एसएलसी ने चेतावनी दी कि इतने बड़े मैच में हिस्सा न लेने के बड़े नतीजे होंगे, जिसमें काफी फाइनेंशियल नुकसान, टूरिज्म की उम्मीद में कमी और बड़े आर्थिक नतीजे शामिल हैं। न्यूजवायर ने बताया कि पाकिस्तान के 15 फरवरी का मैच न खेलने के फैसले की खबरों के बाद श्रीलंका के टूरिज्म और होटल सेक्टर को पहले ही झटका लगा है, कोलंबो के कई होटलों की बुकिग कैंसल हो गई है। लेटर में यह भी बताया गया कि श्रीलंका क्रिकेट, श्रीलंकाई सरकार के साथ मिलकर, बॉयकॉट के बड़े असर को ध्यान में रखता है, जिसका असर न सिर्फ एसएलसी पर बल्कि टूर्नामेंट के सफल आयोजन में शामिल कई स्टेकहोल्डर्स पर भी पड़ेगा। दोनों बोर्ड के बीच पिछले सहयोग को याद करते हुए, श्रीलंका क्रिकेट ने कहा कि उसकी नेशनल टीम ने कई बार मुश्किल और सेंसिटिव हालात में पाकिस्तान का दौरा किया है, जिसमें गंभीर सुरक्षा घटनाओं के बाद के समय भी शामिल हैं, जब दूसरी टीमें दौरा करने से हिचकिचा रही थीं। इसने कहा कि वे दौरे अच्छी नीयत और खेल भावना और आपसी सम्मान की भावना से किए गए थे। एसएलसी ने कहा कि इसलिए वह भी इसी तरह की भावना की उम्मीद करता है, यह देखते हुए कि श्रीलंका ने देश में होने वाले सभी मैचों के लिए सुरक्षा, न्यूट्रैलिटी और प्रोफेशनलिज्म के बारे में पूरा भरोसा दिया है। आखिर में, श्रीलंका क्रिकेट ने पीसीबी से भारत बनाम पाकिस्तान मैच का बॉयकॉट करने या उससे कुछ समय के लिए दूर रहने के किसी भी फैसले पर फिर से सोचने का आदरपूर्वक आग्रह किया और टूर्नामेंट, उसके स्टेकहोल्डर्स और दुनिया भर के लाखों क्रिकेट फैंस के फायदे के लिए पाकिस्तान से श्रीलंका में होने वाले सभी तय मैचों में हिस्सा लेने को कहा।

# वैभव ने अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में सबसे तेज शतक ठोका



**● इंग्लैंड के खिलाफ 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने महज 55 गेंदों में शतक पूरा किया**

**हरारे, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्वकप फाइनल में मात्र 55 गेंद में सबसे तेज शतक ठोका। इसके साथ ही वह अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में शतक बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए तथा एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने की उपलब्धि भी हासिल की।

यहां टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जोकि विश्वकप के फाइनल का सबसे तेज शतक है। उन्होंने अपनी 175 रनों की पारी में 80 गेंदों का सामना किया और 15 चौके और 15 छक्के उड़ाते हुए इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा दी। उन्होंने 175 रन में 150 रन केवल चौके और छक्के लगाकर अर्जित किए।

वैभव ने एक सीजन में 23 छक्के लगाकर अंडर-19 विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने 71 गेंदों में सबसे तेज 150 रन बनाने की उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने इंग्लैंड के बेन मायस के रिकार्ड को तोड़ा। बेन मायस ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 98 गेंदों में 150 रन बनाए थे। वैभव ने 32 गेंदों में अपना अद्धह्लशतक पूरा किया तथा अगले 50 रन महज 16 गेंदों में ठोक डाले।

## ICC ने टी-20 विश्वकप के कमेंटेटरों के नामों की घोषणा की

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को टी-20 विश्वकप 2026 को जीवंत बनाने को लेकर तीक्ष्ण विश्लेषण, खिलाड़ियों के बेजोड़ अंदाज की कहानी को अपनी जानदार आवाज से श्रोताओं तक पहुंचाने वाले दुनिया के दिग्गज कमेंटेटरों के नामों की घोषणा की है। आईसीसी की ओर से जारी की गई कमेंटेरों की सूची में जाने-माने ब्रॉडकास्टर रवि शास्त्री, नासिर हुसैन, इयान स्मिथ और इयान बिशप इस साल के टूर्नामेंट के लिए डायनामिक कमेंट्री टीम की अगुवाई करेंगे। उनके साथ आरोन फिंच भी होंगे। इसमें आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के अन्य पूर्व विजेता भी शामिल होंगे, जिनमें दिनेश कार्तिक, कुमार संगकारा, सैमुअल बद्री, रॉबिन उथप्पा और कार्लोस ब्रैथवेट शामिल हैं। इस सूची में अन्य दिग्गज नामों में इयोन मॉर्गन, वसीम अकरम, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन और रमीज राजा शामिल हैं। इस पैनल में खेल की अन्य जानी-मानी आवाजें भी शामिल हैं, जिनमें डेल स्टेन, माइकल एथरटन, वकार यूनिस, साइमन डूल, शॉन पोलॉक और केटी मार्टिन शामिल हैं। भारत और श्रीलंका में कमेंट्री लाइनअप को प्रमुख ग्लोबल ब्रॉडकास्टर हर्षा भोगले, म्पुमेलेलो मबांगवा, नताली जर्मनोस, डैनी मॉरिसन, एलन विल्किस, इयान वार्ड, मार्क हॉवर्ड, निक नाइट, अथर अली खान, कैस नायडू, बाजिद खान, रौनक कपूर और नियाल ओ' ब्रायन ने और मजबूत किया है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## टी-20 विश्व कप से बाहर हो सकते हैं हर्षित राणा

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय तेज गेंदबाज हर्षित राणा 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में होने वाले 2026 टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो सकते हैं। चैंपियनशिप, जो 24 घंटे के अंदर शुरू होने वाली है, के लिए राणा की संभावित अनुपलब्धता का संकेत भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दिया। सूर्यकुमार यादव ने वर्ल्ड कप में भारत के पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि वह अभी तक बाहर नहीं हुए हैं, लेकिन संदिग्ध लग रहे हैं। हमें शाम तक पता चल जाएगा। बुधवार को वार्म-अप मैच (मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) के दौरान उन्हें थोड़ी चोट लगी थी, लेकिन स्थिति बहुत उत्साहजनक नहीं है। डिफेंडिग चैंपियन भारत आज मुंबई के वानखेड़े में अमेरिका से भिड़ेगा।


## चोटिल हेजलवुड टी-20 विश्व कप से बाहर हुए

**सिडनी, वार्ता।** भारत और श्रीलंका की मेजबानी में शुरु हो रहे टी-20 विश्वकप से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका, अनुभवी तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए है। 35 साल के हेजलवुड ने 12 नवम्बर को शेफील्ड शील्ड के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती विश्व कप टीम में शामिल होने के बावजूद, तेज गें. दबाज सिडनी में ही रहे, जबकि बाकी टीम इस सप्ताह की शुरुआत से श्रीलंका में हैं। कोलंबो में आयरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के पहले ग्रुप-स्टेज मैच से सिर्फ पांच दिन पहले, राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडमेडे ने कहा है कि हेजलवुड समय पर ठीक नहीं हो पाएंगे।

## गाइडेन ओडेन के खिलाफ पहला एकल खेलेंगे सुमित

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत बनाम नीदरलैंड्स डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप आई फर्स्ट राउंड मैच के लिए ड्रॉ शुक्रवार को यहां एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में घोषित किया गया, जिसमें भारत के टॉप सिगल्स खिलाड़ी सुमित नागल मैच के दोनों दिन घरेलू चुनौती की अगुआई करेंगे। ड्रॉ के अनुसार, शनिवार को पहले दिन नागल का मुकाबला नीदरलैंड्स के गाइ डेन ओडेन से होगा। इसके बाद भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश और जेस्पर जान रेंस डी जोंग के बीच दूसरा सिगल्स मैच होगा, जिन्हें डच टीम का नंबर दो खिलाड़ी चुना गया है। रविवार, दूसरे दिन डबल्स मैच से मैच शुरू होगा, जिसमें भारत ने युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी को अपनी जोड़ी के तौर पर चुना है। उनका सामना डच जोड़ी सैंडर एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। डबल्स के बाद, रिवर्स सिगल्स होने हैं, जिसमें नागल जोंग के खिलाफ कोर्ट पर वापसी करेंगे।

# टी-20 विश्व कप थीम पर बन रही बनारसी साड़ी



**● साड़ी की डिजाइन रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित डिजाइनर लक्ष्मी विश्वकर्मा ने तैयार की है**

**वाराणसी, वार्ता।** टी-20 विश्व कप के आगाज से पहले वाराणसी में विश्व कप थीम पर विशेष बनारसी साड़ियां तैयार की जा रही हैं।

काशी के साड़ी व्यापारी एवं काश्याम सृजन फाउंडेशन के ट्रस्टी सर्वेश श्रीवास्तव ने भारतीय क्रिकेट टीम के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से यह पहल की है। लोहता स्थित कारखाने में हैंडलूम कारीगर इन साड़ियों को बुन रहे हैं। साड़ी की डिजाइन रेशम रत्न सम्मान से सम्मानित डिजाइनर लक्ष्मी विश्वकर्मा ने तैयार की है। साड़ियों पर विश्व कप ट्रॉफी, बल्ला, गेंद, स्टंप और पिच सहित विभिन्न क्रिकेट प्रतीकों को जरी और ब्रोकेट कतान शैली में उकेरा गया है। श्रीवास्तव ने बताया कि इससे पूर्व भी वे विभिन्न विश्व कप अवसरों पर थीम आधारित बनारसी साड़ियां तैयार करा चुके हैं। उन्होंने कहा कि क्रिकेट के प्रति अपने लगाव के कारण उन्होंने बनारसी शिल्प को क्रिकेट से जोड़ने का प्रयास किया है। इन विशेष साड़ियों में 1983, 2007 टी-20, 2011 और 2024 टी-20 विश्व कप सहित महिला विश्व कप विजेता टीम की उपलब्धियों को भी दर्शाया गया है। बुनकर बहादुर और उनके सहयोगी इन्हें तैयार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे इन साड़ियों को भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को उपहार स्वरूप देना चाहते हैं। एक साड़ी की अनुमानित कीमत 15 से 20 हजार रुपये बताई गई है।

## कोयल बोर ने तीसरे दिन पांच रिकॉर्ड तोड़े

**मोदीनगर, वार्ता।** नेशनल वेटलिफ्टिग चैंपियनशिप 2025-26 आज यादव फार्म हाउस में जारी रही, जिसमें यूथ, जूनियर और सीनियर डिवीजन में महिलाओं की 53 किग्रा कैटेगरी में शानदार टैलेंट दिखाया गया। ज्ञानेश्वरी यादव और कोयल बोर ने पोडियम पर अपना दबदबा बनाया, कोयल बार ने यूथ सेक्शन में 3 नए नेशनल रिकॉर्ड भी तोड़े, जिसमें स्नैच में 78 किग्रा , क्लीन एंड जर्क में 99 किग्रा और ओवरऑल टोटल में 175 किग्रा का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा और जूनियर सेक्शन में 2 रिकॉर्ड बनाए, जिसमें स्नैच में 81 किग्रा और ओवरऑल टोटल में 181 किग्रा का रिकॉर्ड तोड़ा (पुराने रिकॉर्ड इंडियन स्टैंडर्ड के थे)। इस कॉम्पिटिशन में ज्ञानेश्वरी यादव ने शानदार परफॉर्मेंस दी, जिन्होंने सीनियर डिवीजन में 186 किग्रा के शानदार टोटल के साथ गोल्ड मेडल जीता। उनके ठीक पीछे पश्चिम बंगाल की कोयल थीं, जिन्होंने कई कैटेगरी में शानदार परफॉर्मेंस दी। कोयल ने सीनियर सेक्शन में सिल्वर मेडल जीता और जूनियर और यूथ दोनों सेक्शन में गोल्ड मेडल हासिल किए।

# नीतू, प्रीति सेमीफाइनल में पहुंची



**● बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाज दल ने 19 पदक पक्के कर लिए हैं**

**ला नुसिया, वार्ता।** प्रतिष्ठित बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 में भारतीय मुक्केबाजी दल ने 19 मेडल पक्के कर लिए हैं, तीसरे दिन भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नीतू (51किग्रा) और प्रीति (54किग्रा) सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जबकि जदुमणि सिंह (55किग्रा) ने पुरुषों के ड्रॉ में एक और शानदार प्रदर्शन किया।

नए हेड कोच सैंटियागो नीवा के मार्गदर्शन में भारतीय महिला टीम ने 12 मेडल पक्के कर लिए हैं, जबकि भारतीय पुरुष टीम ने सेमीफाइनल से पहले 7 मेडल पक्के कर लिए हैं। नीतू शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने कनाडा की मैकेंजी राइट को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। प्रीति ने भी स्पेन की मारिया गोंजालेज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया, लगातार दबाव बनाकर तीसरे राउंड में ही मुकाबला खत्म कर दिया। पूनम (54) ने थाईलैंड की नटनिचा चोंगप्रोंगक्लांग पर 5-0 से एक और शानदार जीत हासिल की, जबकि प्रिया (60) और प्रांजल (65) ने क्रमश: स्पेन की लौरा गैलानो और चेक बॉक्सर विक्टोरिया के खिलाफ सर्वसम्मत जीत दर्ज की। काजल (65) ने कजाकिस्तान की अकबर इचशानोवा को एक कड़े मुकाबले में 4-1 से हराया। पुरुषों की प्रतियोगिता में, जदुमणि सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, 55किग्रा वर्ग में चीनी ताइपे के पेंग चिया-फेंग को 5-0 से हराया। मोहम्मद हुसामुद्दीन (60किग्रा) ने यूक्रेन के अली डाहली को सर्वसम्मति से हराकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि सचिन (60किग्रा) ने यूक्रेन के एडर को एक कड़े मुकाबले में 3-2 के फैसले से हराया।

# पहलवान नीलम सिरोही ने 50 किग्रा वर्ग में जीता रजत पदक



**क्रोएशिया, वार्ता।** भारतीय पहलवान नीलम सिरोही ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक जीता। गुरुवार को हुए अन्य मुकाबलों में विकी हुड्डा (पुरुष 97 किग्रा), दिनेश धनखड़ (पुरुष 125 किग्रा) और मुस्कान (महिला 50 किग्रा) के कांस्य पदकों के साथ इस साल की पहली विश्व कुश्ती महासंघ (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) रैंकिग सीरीज में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई है। भारत ने टूर्नामेंट में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीते है। नीलम सिरोही ने फाइनल तक पहुंचने के रास्ते में शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय पहलवान ने पोलैंड की अगाता वालेरजाक को 10-0 से हराकर शुरुआत की, जिसके बाद क्वार्टर फाइनल में अजरबैजान की एलनूरा मम्मादोवा को 12-2 से हराया। सेमीफाइनल में हमवतन मुस्कान पर 7-4 की जीत ने उन्हें स्वर्ण पदक मुकाबले में पहुंचाया, जहां वह अंडर-23 विश्व चैंपियन जापान की हारुना मोरिकावा से 5-2 से हार गईं। इस बीच, मुस्कान ने सेमीफाइनल में हार के बाद वापसी करते हुए अगाता वालेरजाक को 11-0 से हराकर इस कैटेगरी में कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 97 किग्रा वर्ग में, विकी हुड्डा ने अमेरिका के स्टीफन बुकानन प्प से क्वार्टर फाइनल में हार के बाद वापसी की। अमेरिकी पहलवान ने उन्हें 14-7 से हराया। भारतीय पहलवान रेपचेज में पहुंच गए, जहां विकी ने कनाडा के सैमुअल मिकलोस मारिया परेरा को 12-1 से शिकस्त दी। भारतीय पहलवान ने उसी लय को कांस्य पदक मुकाबले में भी जारी रखा, फांस के एडलान विश्खानोव को 8-2 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। दीपक चहल ने भी इसी वेट कैटेगरी में हिस्सा लिया था लेकिन क्वालिफिकेशन राउंड में ही बाहर हो गए। इस बीच, दिनेश धनखड़ का 125 किग्रा का कांस्य पदक पोलैंड के कामिल को. सिओलेक पर पिनफॉल जीत के साथ आया। भारतीय पहलवान क्वार्टर फाइनल में बहरीन के शमिल शरीपोव से 13-1 से हार गए थे, लेकिन रेपचेज में अमे. रिका के डेमेट्रियस थॉमस पर 12-2 की शानदार जीत के साथ वापसी की। महेंद्र बाबासाहेब गायकवाड़ 125किग्रा भार वर्ग के क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गए।

# टॉप सीडेड रुतुजा भोसले ने किया उलटफेर

**● रुतुजा भोसले और पेंगटार्न प्लिप्यूच को भी हार का सामना करना पड़ा, लिली ने टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया**

**मुंबई, वार्ता।** एल एंड टी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के सीरीज के चौथे दिन गुरुवार को महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन में सिगल्स और डबल्स मुकाबलों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। फांगरान टियान ने दिन का सबसे शानदार नतीजा दर्ज किया, उन्होंने टूर्नामेंट की चौथी सीड हैने वैंडविकेल को बाहर कर दिया।

डबल्स कैटेगरी में, टॉप सीडेड जोड़ी रुतुजा भोसले और पेंगटार्न प्लिप्यूच को भी क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। इस बीच, लिली टैगर ने टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अगले राउंड में जगह बनाई। लानलाना तारारुडी और तातियाना प्रोजोरोवा ने भी सिगल्स ड्रॉ में जीत हासिल की। दिन की शुरुआत एक बड़े उलटफेर के साथ हुई, जब चीन की फांगरान टियान ने चौथी सीड और वर्ल्ड नंबर 135 महिला सिगल्स खिलाड़ी, हैने वैंडविकेल को ढाई घंटे तक चले कड़े मुकाबले में 2-6, 6-4, 6-4 से हराया। टियान, जिन्होंने पहले राउंड में अपनी पहली डब्ल्यूटीए मेन ड्रॉ जीत भी हासिल की थी, ने सेंटर कोर्ट पर पहला सेट हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुंबई ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

इस बीच कोर्ट 1 पर, थाईलैंड की लानलाना तारारुडी और दक्षिण कोरिया की पार्क सो-ह्यून के बीच एक और लंबा मुकाबला हुआ। पहला सेट हारने के बावजूद, ऑस्ट्रेलियन ओपन मेन ड्रॉ में हिस्सा लेने वाली तारारुडी ने बाकी दो सेटों में अपनी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ते हुए मैच 3-6, 6-3, 6-0 से जीत लिया, यह मुकाबला दो घंटे से थोड़ा ज्यादा समय तक चला। सातवीं सीड और वर्ल्ड नंबर 128 महिला सिगल्स खिलाड़ी, लिली टैगर ने जापान की एरी शिमिजु के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से जीत हासिल की। 17 साल की इस होनहार खिलाड़ी ने अपनी पावरफुल सर्व और एक-हाथ वाले बैकहैंड एक्शन का जबरदस्त इस्तेमाल किया और गेम को छह ऐस के साथ खत्म किया, जिससे शिमिजू को कभी सेटल होने का मौका नहीं मिला। 2025 जूनियर रौलां गैरो की विनर का मुकाबला दूसरी सीड और 2024 की मुंबई ओपन चैंपियन, डारजा सेमेनिस्टाजा से होगा। नौवीं सीड तातियाना प्रोजोरोवा ने 19 साल की क्रिस्टियाना सिदोरोवा को 6-4, 6-1 से हराकर मैच सीधे सेटों में जीत लिया। फिलीपीन महिला ओपन की सेमीफाइनलिस्ट प्रोजोरोवा ने दूसरे सेट में बेहतरीन बेसलाइन कंट्रोल के साथ शानदार प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल स्टेज में जगह बनाई। डबल्स क्वार्टर फाइनल में, टॉप सीडेड जोड़ी रुतुजा भोसले और थाईलैंड की पेंगटार्न प्लिप्यूच का मुकाबला सेंटर कोर्ट पर निकोल फोसा ह्यूर्गो और उनकी पार्टनर मनंचया सवांगकेव से हुआ। पहला सेट जीतने के बाद, भारत की नंबर 1 महिला खिलाड़ी रुतुजा और प्लिप्यूच अपनी शुरुआती सफलता को दोहरा नहीं पाईं, क्योंकि फोसा ह्यूर्गो और मनंचया ने टाईब्रेकर में जीत हासिल की और 4-6, 6-1, (11-9) से मैच जीत लिया।

## नीदरलैंड टीम डेविस कप मुकाबले के लिए तैयार: पॉल हारहुइस

**● कहा: पिछले चार दिनों में तैयारियां बहुत अच्छी रही हैं और बेंगलुरु की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी की तारीफ की**

**बेंगलुरु, वार्ता।** डच डेविस कप टीम इस वीकेंड भारत के खिलाफ कड़े मुकाबले के लिए न सिर्फ तैयारी कर रही है, बल्कि अपनी तैयारियों को बेहतर बनाने के साथ-साथ बेंगलुरु की संस्कृति में भी पूरी तरह घुल-मिल गई है। शहर की ऊंचाई के हिंसाब से खुद को ढालने के लिए सामान्य से पहले पहुंची टीम ने स्थानीय जानकारी के लिए डच महिला टीम से भी सलाह ली है और भारतीय खाने और अनुभवों का आनंद लिया है। मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, कप्तान पॉल हारहुइस ने कहा कि टीम को शानदार सुविधाओं और भारतीय एसोसिएशन से मिले मजबूत समर्थन से फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दिनों में तैयारियां बहुत अच्छी रही हैं,ष और बेंगलुरु की गर्मजोशी भरी मेहमाननवाजी की तारीफ की। भारतीय टीम की ताकत को मानते हुए, हारहुइस ने कहा कि यह वीकेंड मुश्किल होगा। दोनों टीमें मजबूत हैं, और यह उस दिन के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को खास तौर पर स्थानीय परिस्थितियों, जिसमें ऊंचाई भी शामिल है, को संभालने के लिए चुना गया है, और टीम ने एडजस्ट करने के लिए अतिरिक्त दिन लिए हैं - जो कि मुकाबले से पहले सामान्य दो या तीन दिनों से कहीं ज्यादा हैं। हारहुइस ने दोपहर और शाम के मैचों के बीच खेलने की परिस्थितियों में अंतर पर भी ध्यान दिया, और कहा कि टीम सभी स्थितियों के लिए तैयार है। ज्यादातर घरेलू दर्शकों का सामना करने पर, उन्होंने कहा कि हमें दर्शकों की एनर्जी पसंद आती है, भले ही वह हमारे खिलाफ हो। हमें अपनी टीम और घर से बहुत अच्छा सपोर्ट मिलता है, जो हमें मोटिवेट करता है। विदेशी टीम ने टेनिस कोर्ट से परे स्थानीय संस्कृति को भी एक्सप्लोर किया है। हारहुइस ने बताया कि अगर टीम जीतती है तो वे फैंस का मनो. रंजन करने के लिए एक खास बेली-डांसिग परफॉर्मेंस देंगे, जो उनके रहने के दौरान मुकाबले और भाईचारे के मेल को दिखाता है। प्रेस कॉन्फेंस खत्म करते हुए, कप्तान ने कहा कि टीम ष्अच्छी तरह से तैयार है और खेलने के लिए उत्साहित है, और शनिवार को एसएम कृष्णा टेनिस स्टेडियम में होने वाले मुकाबले के लिए उत्सुकता जताई।

# फ्लू से लड़कर मंधाना ने RCB को जिताया खिताब

**आरसीबी के कोच ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट की जीत के बाद कहा कि स्मृति मंधाना को तेज बुखार था और हालत सच में खराब थी**




**वडोदरा।** स्मृति मंधाना ने फ्लू से लड़ते हुए ना सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को दूसरी बार डब्ल्यूपीएल खिताब जिताया, बल्कि खुद सामने से नेतृत्व करते हुए इस जीत में 41 गेंदों पर 87 रन बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरसीबी के प्रमुख कोच मलोलन रंगराजन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट की जीत के बाद कहा कि उन्हें (स्मृति को) तेज बुखार था और हालत सच में खराब थी। लेकिन फिर भी वह मैदान पर आईं और एक पल के लिए भी किसी को महसूस नहीं होने दिया कि उन्हें फ्लू है। टीम में यह किसी को पता तक नहीं था। यही स्मृति हैं। जब आज दोपहर मैंने उनसे बात की तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मालो, कोई प्रॉब्लम नहीं, मैं खेलूंगी।' यही उनका वर्क एथिक है। मंधाना के ऊंचे मानकों के हिंसाब से भी यह पारी बड़े दबाव में लक्ष्य का पीछा करने की एक शानदार मिसाल थी। शुरुआत में उन्होंने अपनी ऑस्ट्रेलियाई साथी जॉर्जिया वॉल को स्ट्राइक दी और फिर अपने खेल के रफ्तार को भी बढ़ाया। पांचवें ओवर के अंत में मंधाना पांच गेंदों पर छह रन पर थीं, उसके बाद उन्होंने तबाही मचानी शुरू की। उनकी पारी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने दिल्ली की स्पिन गेंदबाजी को कैसे तोड़ा। आरसीबी की इकलौती बाएं हाथ की बल्लेबाज होने के नाते, मंधाना ने श्री चरणी की बाएं हाथ की स्पिन पर हमला किया, जो वडोदरा चरण में काफी असरदार रही थीं। इससे डीसी की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स के पास कोई विकल्प नहीं बचा। मंधाना ऐसे जोन में थीं, जहां वह एक जैसी गेंदों को अलग-अलग जगह भेज रही थीं। वह कभी पीछे हटकर शॉर्ट गेंद को प्वाइंट के ऊपर से मार रही थीं, तो कभी स्टंप्स के एक्रॉस जाकर उसी तरह की गेंद को लॉन्ग-ऑन और डीप मिडविकेट के बीच उड़ा रही थीं। इतना अनुभव होने के बावजूद स्नेह राणा के पास भी मंधाना के आक्रमण का कोई जवाब नहीं था। आरसीबी ने हर ओवर में कम से कम एक बाउंड्री लगाई और मंधाना का पीछे हटकर राणा को वाइड लॉन्ग-ऑफ़ के ऊपर से इनसाइड आउट मारना इसकी एक बानगी भर थी। उन्होंने इस सीजन का अंत टॉप स्कोरर के रूप में 377 रनों के साथ किया। रंगराजन ने कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने अपनी बेहतरीन पारियों में से एक को फ़ाइनल के लिए बचाकर रखा था। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, वह अमानवीय? मुझे नहीं पता इसे क्या कहूं। इतनी क्लासी, इतनी एलिगेंट, ऐसा नहीं लगा कि वह दबाव में हैं। उन्हें देखकर साफ दिख रहा था कि वह पूरी तरह नियंत्रण में थीं। वह गेंद को टाइम कर रही थीं, हिट कर रही थीं और तय कर रही थीं कि कहां आक्रमण करना है। उन्होंने मैच से दो दिन पहले अभ्यास किया था और हम उनकी बल्लेबाजी को लेकर काफ़ी बातचीत कर रहे थे। मुझे लगता है कि उनका आखिरी अभ्यास सत्र (बुधवार को) उनके बेहतरीन सत्रों में से एक था। सोच में यह बदलाव लीग के आखिरी मैच में आया, जब आरसीबी लगातार दो हार के बाद वापसी करना चाह रही थी। प्ले-ऑफ़ में उनकी जगह पक्की थी, लेकिन उन्होंने यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ़ 27 गेंदों पर नाबाद 54 रन बनाकर अपनी टीम को सीधे फ़ाइनल में पहुंचा दिया। यह पारी इसलिए भी अहम थी क्योंकि उन्होंने तेज खेलने के साथ-साथ शॉट चयन

# यूपी में स्थापित हुए विकास के नए आयाम: जसवंत

## राज्यमंत्री ने मेयर डा.अजय सिंह, विधायक राजीव गुंबर के साथ वार्ड 41 में किया सड़क का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्रदेश के संसदीय कार्य राज्य मंत्री जसवंत सैनी महापौर डॉ.अजय कुमार व नगर विधायक राजीव गुम्बर ने आज वार्ड संख्या 41 एवं वार्ड 14 में सड़क चौडीकरण एवं निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। इस कार्य पर लगभग 70 लाख रूपये की लागत आयी है। इसके अतिरिक्त वार्ड संख्या 46 मूंगा गढ़ में 50 लाख रूपये की लागत से निर्मित होने वाले नाले के निर्माण कार्य का शुभारम्भ भी किया गया।

उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं, सड़कों के निर्माण, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश में लगातार प्रगति की है और जनसुविधाओं के लिए अनेक योजनायें चलायीं हैं। जिनका लाभ सीधे आमजन को मिल रहा है।



महापौर डॉ.अजय कुमार ने कहा कि आज निर्मित सड़क के चौड़ीकरण से क्षेत्र के लोगों को न केवल बेहतर यातायात सुविधा मिलेगा अपितु स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण भी इससे विकसित होगा।

उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर के लोगों को सड़क-नाली निर्माण, शुद्ध पेयजल एवं सफाई व्यवस्था को हर दिन बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। विकास कार्यों के माध्यम से शहर को आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने का संकल्प नगर निगम ने लिया है।

नगर विधायक राजीव गुम्बर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देशन में सहारनपुर में विकास का एक नया अध्याय लिखा है। इससे पूर्व क्षेत्र के लोगों ने मंत्री जसवंत सैनी, महापौर एवं पार्षदों का मल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपसभापति मयंक गर्ग, पार्षद संजय सैनी, ज्योति अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि राकेश कल्याण सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए।

# देहात विधायक आशु मलिक ने जरूरतमंदों को बांटे कम्बल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से देहात विधायक आशु मलिक ने गांव सद्दा माजरा पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और जरूरतमंद परिवारों को कम्बलों का वितरण किया।

विधायक आशु मलिक आज पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप व पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा के साथ गांव सद्दा माजरा पहुंचे। उन्होने कश्यप समाज के जिम्मेदार लोगों से मुलाकात की। उन्होने कहा कि उनका प्रेम विश्वास और सहयोग मेरे लिए सदैव प्रेरणास्रा. त रहेगा। उन्होने कहा कि जनसेवा और सामाजिक सम्मान के लिए हम सदैव प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी शीशपाल कश्यप, दिलशाद प्रधान, सरफराज कुसैनी, हैदर मुखिया भगवत कश्यप, राजेश कश्यप सहित कश्यप समाज के बड़ी संख्या में जिम्मेदार साथी उपस्थित रहे।

# सुधार में सक्रिय भूमिका निभाये: कोमल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्यालय प्रबंध समिति के ब्लॉक मास्टर ट्रेनर्स का जनपद स्तरीय प्रशिक्षण नगर संसाधन केंद्र नुमाइश कैंप में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कु. कोमल, खंड शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) योगेश शर्मा एवं जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता विकास सैनी द्वारा किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कु. कोमल ने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से विद्यालयों की सुरक्षा, बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं। जिला समन्वयक विकास सैनी ने विद्यालय प्रबंध समिति के गठन, उसकी भूमिका एवं



सक्रियता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स प्रवीण कुमार एवं अमित शर्मा द्वारा प्रत्येक विकासखंड से चयनित चार-चार मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला समन्वयक समेकित श्री अरविंद कुमार सिंह द्वारा निपुण भारत मिशन एवं बालिका शिक्षा तथा जिला समन्वयक अतुल कुमार द्वारा मध्यान्ह भोजन व तिथि भोजन विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही दिव्यांग बच्चों के लिए उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं एवं समर्थ ऐप की जानकारी भी प्रदान की गई।

# किसान के बेटे ने चमकाया नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** किसान के बेटे ने नेट परीक्षा पास कर परिवार तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है। गांव मोहम्मदपुर गुर्जर निवासी शिवकुमार सैनी के बेटे अमन कुमार सैनी ने प्रथम प्रयास में ही नेट परीक्षा पास की है।

अमन कुमार ने हिस्ट्री से एमए किया है। फिलहाल अमन कुमार दिल्ली में रहकर यूपीएससी एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं। अमन कुमार का सपना यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईएएस बनने का है। शिवकुमार सैनी ने बताया कि ग्रामीण माहौल होने तथा क्षेत्र में कोई भी बढ़िया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट नहीं होने के कारण ग्रामीण बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में पीछे हैं लेकिन इसके बाद भी यदि मन में कुछ करने की इच्छा हो तो मन मुताबिक नतीजे पाए जा सकते हैं।

# शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर: डा. अशोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डा. अशोक मलिक ने कहा कि 9 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी भ्रष्टाचार अधिकार अधिनियम कोर्ट में तलब होंगी।

डा. मलिक ने यह बात नागल रोड के ग्राम मीरपुर के चौधरी सुभाष मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज में संघ की बैठक में कही। उन्होने कहा की शिक्षा विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है अभी हाल में मेरठ से स्थानांतरण होकर आई भ्रष्टाचार अधिकार अधिनियम कोर्ट में सर्वप्रथम शिक्षक नेता डॉक्टर अशोक मलिक ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहारनपुर सहित पांच अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिकार अधिनियम के अंतर्गत के जनपद के कोर्ट नंबर 15 में वह दायर किया गया है जिसमें अदालत ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहारनपुर को तलब कर लिया है इससे पहले 2 फरवरी को खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार खंड शिक्षा अधिकारी अमरीक प्रसाद ओझा लेखा अधिकारी वित एवं



समग्र संजय द्विवेदी वरिष्ठ लिपिक सुरेंद्र सिंह और आरटीई के निर्वातमांन पटल प्रभारी कृपाल मलिक अपने-अपने वकीलों के माध्यम से 2 फरवरी को हाजिर हो चुके हैं। अध्यक्षता कर रहे गौतम सिंह व नारायण सिंह ने कहा की सरकार को चाहिए निजी स्कूलों के मानयता पूरव की तरह 9/4 की मान्यता को बहाल करें। इस अवसर पर अमरदीप प्रधान विजय कुमार मास्टर मदन सिंह प्रधान मास्टर वेद प्रकाश मास्टर दमन सिंह राकेश कुमार परमेंद्र कुमार श्याम कुमार अश्वनी कुमार आशीष कुमार सत्यपाल सिंह सुनील कुमार मोंटी कुमार मोहन सिंह नारायण सिंह लिटिल नरेंद्र उपस्थित रहे।

# सपा से लड़ूंगा नगर विधान सभा का चुनाव: इसरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** महानगर विधानसभा सीट को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी चर्चा के बीच इसरार चौधरी ने खुलकर चुनाव लड़ने का ऐलान कर महानगर विधानसभा सीट को लेकर सियासी लोगों की धड़कनें बढ़ा दी हैं।

चुनावी चर्चा के बीच इसरार चौधरी ने खुलकर चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। एक बातचीत में उन्होंने साफ कहा कि वे इंशाल्लाह चुनाव लड़ेंगे और समाजवादी पार्टी से ही लड़ेंगे। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि टिकट मुझे ही मिलेगा, क्योंकि उनके साथ आवाम है। नगर सीट से सपा के टिकट को लेकर दुसरे नेताओ के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए इसरार चौधरी ने कहा कि दावा तो कोई भी कर सकता है, लेकिन असली फैसला वक्त करेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि नुमाइंदगी उसी को मिलनी चाहिए जो जनता की सही तरीके से आवाज उठा सके। मौजूदा हालात पर टिप्पणी करते हुए इसरार चौधरी ने कहा कि यह मामला रिश्तों या दोस्ती का नहीं है, बल्कि जनता की सही नुमाइंदगी का है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले सात सालों में सहारनपुर को कुछ नहीं मिला, जिससे जनता नाराज है।

# साइबर अपराधों से बचाव के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) चैप्टर द्वारा साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए उद्यमियों एवं आमजन को डिजिटल रूप से सतर्क करने के उद्देश्य से जागरूक किया।

आईआईए के प्रताप मार्किट स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि नगर पुलिस अधीक्षक व्योम बिंदल ने साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग व फर्जी लिंक आदि की जानकारी देते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। उन्होंने साइबर अपराध की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने व एक घंटे के भीतर सूचना देने पर धनराशि




रिकवरी की संभावना की जानकारी दी। साथ ही एनसीआरबी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया भी बताई। चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने कहा कि आईआईए उद्योगों व समाज के हित में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। उन्होंने सहारनपुर पुलिस द्वारा कोर्ट रोड स्थित टाटा डायमंड शोरूम चोरी का त्वरित व सफल खुलासा कर शत-प्रतिशत माल बरामद करने पर पुलिस प्रशासन की सराहना की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सडाना ने आईआईए का परिचय देते हुए बताया कि संस्था के 58 जिलों में चौप्टर हैं तथा 18,000 से अधिक औद्योगिक इकाइयाँ सदस्य हैं, जबकि सहारनपुर चौप्टर में लगभग 700 इकाइयाँ जुड़ी हैं। कार्यशाला में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सुनेजा, जोन हेड व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजीव अरोड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। कार्यशाला में डिवीजनल चेयरमैन सतीश अरोड़ा, चैप्टर सचिव कुशल शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालरा, उपाध्यक्ष परमजीत सिंह, वीरभान भटेजा, प्रेम क्वात्रा, सुनील अरोड़ा, राजकुमार अरोड़ा, संजय कपूर, दर्शन कुमार गुप्ता, हरजीत सिंह, अशोक छाबड़ा, मनजीत सिंह अरोड़ा, अनुज कुमार जैन, शिवम गोयल, मनोज जैन, विकास मलिक, अमित अरोड़ा, गुल. बशेर, नौशाद अली, संजय गर्ग, हितेश धीमान, अनुज कुमार, गौरांग अरोड़ा उपस्थित रहे।

# रिमाउंट डिपो क्षेत्रमें ड्रोन उड़ा रहे दो युवक सेना ने पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रिमाउंट डिपो ट्रेनिंग स्कूल क्षेत्र में बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने का मामला सामने आने पर सेना ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को पकड़ लिया। युवकों के कब्जे से एक ड्रोन और लैपटॉप बरामद किया गया है। जांच के दौरान लैपटॉप में आर्मी परिसर के अंदर के फोटो व वीडियो पाए गए हैं। मामले को गंभीर मानते हुए सेना की ओर से थाना गागलहेड़ी पुलिस को तहरीर दी गई है।

सेना में सूबेदार पद पर तैनात बालू सिंह द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे आर्मी परिसर के ऊपर एक ड्रोन उड़ता हुआ दिखाई दिया। ड्रोन निर्माणाधीन भवन और आसपास के इलाके के ऊपर चार बार चक्कर लगाता नजर आया, जिससे वहां तैनात जवानों को संदेह हुआ। सूचना मिलते ही उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद आर्मी अधिकारियों ने ड्रोन की दिशा में सर्च अभियान चलाया। जांच के दौरान रसूलपुर गांव के पास दो युवक ड्रोन उड़ाते हुए मिले, जिन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया। उनके पास से ड्रोन और लैपटॉप जब्त किया गया। बाद में पता चला कि यह क्षेत्र थाना गागलहेड़ी के अंतर्गत आता है, जिसके बाद दोनों युवकों को थाने लाया गया। पकड़े गए युवकों ने दावा किया कि वे केंद्र सरकार से जुड़े एक सर्वे कार्य में लगे हैं और नदियों के सर्वे के लिए ड्रोन से फोटो व वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय के एनएसएस शिविर का समापन

**शाह आइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन एवं कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की प्रेरणा तथा डॉ. शोभा त्रिपाठी और बिलाल अहमद के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का आज अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ समापन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर ओम कुमार हर्ष पूर्व कुलपति, ग्लोकल विश्वविद्यालय ने की तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो रामकुमार, कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना, मां शाकंभरी विश्वविद्यालय रहे। अन्य अतिथियों में ग्राम प्रधान संदीप कुमार, राव अब्दुल कादिर, चौधरी तालिब, तथा समाज सेवी मुस्तफा सिद्दीकी रहे।



सम्मानित अतिथियों का स्वागत डॉक्टर शोभा त्रिपाठी ने किया। अपने उद्बोधन में प्रो. शिवानी तिवारी ने कहा कि ग्लोकल विश्वविद्यालय अध्ययन के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है। अनेक अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के सलाहकार और पूर्व कुलपति तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो ओम कुमार हर्ष ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र स्थानीय स्तर से लेकर वैश्विक स्तर तक सेवा की भावना को आत्मसात करते हैं। यह मंच उन्हें अपने आसपास की समस्याओं को समझने, समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने और मानवीय मूल्यों को व्यवहार में उतारने का अवसर प्रदान करता है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर रामकुमार ने बताया कि विभिन्न सामाजिक गति. विधियों में सहभागिता से राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र समाज की वास्तविक समस्याओं को समझते हैं और उनके समाधान की दिशा में कार्य करना सीखते हैं। अतिरिक्त कुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन को समाज से जोड़ने की एक जीवंत प्रयोगशाला है। इस अवसर पर सभी ग्राम प्रधानों को सम्मान चिह्न दिया गया तथा शिविर में सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया इस क्रम में स्वर्ण समाजसेवी का पुरस्कार शमसुद्दीन और सलमा को, रजत समाजसेवी का पुरस्कार कोमल कुमारी और मुदस्सिर पटेल को, सर्वश्रेष्ठ समर्पित सेवा रत्न पुरस्कार अनस और अभिषेक को, सर्वश्रेष्ठ तकनीकी सपोर्टर का पुरस्कार मोहम्मद परवेज आलम को, सर्वश्रेष्ठ प्रचारक का पुरस्कार अहकम अली को, मीडिया टीम का पुरस्कार अनस गौर, मुस्तहाब को, सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता का पुरस्कार सायन शाहिदी अफजल और असजद को, सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्त्री का पुरस्कार विनीता और इल्मा को, तथा सर्वश्रेष्ठ संस्कृत कार्यकारी का पुरस्कार इल्मा इदरीसी को दिया गया। इस अवसर पर पधारे ब्रह्माकुमारी प्रतिनिधि ने नशा उन्मूलन पर अपने विचार अभिव्यक्त किये। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत इलमा इदरीसी, विनीता सलोनी धीमान खुशी और प्रकाश कुशवाहा ने अपनी प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन मुदस्सिर पटेल ने किया। अंत में बिलाल अहमद ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सभी विभाग के डीन, शिक्षकगण, और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# सिस्टम फेल और अंधेरे में डूबता शहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम की विद्युत स्ट्रीट लाइट व्यवस्था इस समय पूरी तरह लड़खड़ाई हुई नजर आ रही है। शहर के अधिकांश इलाकों में रात होते ही अंधेरा पसर जाता है कहीं स्ट्रीट लाइटें महीनों से खराब पड़ी हैं,तो कहीं स्मार्ट पोल की वायरिंग पूरी तरह ठप है।



यह स्थिति केवल तकनीकी खराबी नहीं,बल्कि कमजोर विभागीय मैनेजमेंट का परिणाम मानी जा रही है। यदि पीछे मुड़कर देखा जाए तो पूर्व नगर आयुक्त ज्ञानेंद्र सिंह के कार्यकाल में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था एक मिसाल के रूप में सामने आती है। उस दौर में जनता की सुविधा के लिए एलईडी लाइट तथा सोडियम लाइट शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर जारी किए गए थे,जिन पर शिकायत दर्ज होते ही कार्रवाई सुनिश्चित होती थी।लेकिन आज हालात बिल्कुल उलट हैं। सूत्रों की मानें तो ईईएसएल कंपनी का टेंडर समाप्त होने के बाद ये सभी टोल फ्री नंबर पूरी तरह बंद कर दिए गए। सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर जनता की आवाज को ही बंद क्यों कर दिया गया? स्थिति यह है कि अब आम नागरिक अपनी शिकायत लेकर सीधे विभाग के दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है,फिर भी समाधान दूर की कौड़ी बना हुआ है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में सीएलसी कंपनी द्वारा पूरे शहर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को संभालने के लिए मात्र 25 से 30 कर्मचारी ही तैनात हैं,जबकि ईईएसएल के कार्यकाल में यह संख्या 80 से 85 के आसपास थी। स्पष्ट है कि जब संसाधन कम होंगे और व्यवस्था कमजोर होगी,तो शहर का अंधेरे में डूबना तय है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या नगर निगम जनता को सुरक्षित और रोशन शहर देने में पूरी तरह विफल हो चुका है?

# भाकियू टिकैत के जिला उपाध्यक्ष बनाए गए प्रदीप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर मनिहारान।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत हाईकमान द्वारा प्रदीप पँवार को भाकियू टिकैत का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।उनके मनोनयन पर कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत हाईकमान द्वारा क्षेत्र के गाँव घाटहेड़ा निवास प्रदीप पँवार पुत्र दल सिंह को सहारनपुर का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।प्रदीप पँवार के मनोनयन की सूचना पर कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि प्रदीप पँवार संघर्षशील व्यक्ति हैं जो किसानों और मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटते। प्रदीप पँवार ने सेवाभाव, मेहनत और लगन से किसानों के दिल में अपना विशेष स्थान बनाया है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष प्रदीप पँवार ने कहा कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास मुझ पर जताया है उस खरा साबित होऊँगा।प्रदीप पँवार ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा।उन्होंने कहा कि किसानों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।किसानों के हित के लिए वह कोई भी कुर्बानी देने से पीछे नहीं हटेंगे।

# नगर निगम बोर्ड कार्यकारिणी की बैठक में करीब 738 करोड़ का बजट पारित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय सिंह की अध्यक्षता में नगर निगम बोर्ड कार्यकारणी की बैठक में आज वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 738 करोड़ 48 लाख 57 हजार रुपये का मूल बजट प्रस्तुत किया गया। यह बजट गत वर्ष के मूल बजट से 47 करोड़ 65 लाख 61 हजार रुपये ज्यादा है। बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट में 102 करोड़ 44 लाख 60 हजार रुपये स्वअर्जित आय का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य गत वर्ष (वित्तीय वर्ष 2025-26) की स्व अर्जित आय से 33 करोड़ 36 लाख 30 हजार रुपये अधिक है।

लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने आज वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 738 करोड़ 48 लाख 57 हजार रुपये का मूल बजट प्रस्तुत किया। बजट में 32 गांवों के लिए अलग से 06 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा अंतयेष्टि स्थल विकास के लिए दो करोड़ तथा विकास निधि के रुप में 12 करोड़



का प्रावधान रखा गया है। लेखाधिकारी ने कार्यकारणी के समक्ष बजट रखते हुए बताया कि बजट में जलकल के लिए 59 करोड़ 20 लाख, निर्माण के लिए 260 करोड़ 15 लाख, स्वास्थय के लिए 21 करोड़ 30 लाख, गौशाला के लिए 08 करोड़ 25 लाख रुपये तथा उद्यान के लिए 06 करोड़ 18 लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है। चर्चा के बाद बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि शहर में जो भी व्यवसायिक गतिविधियां हो रही हैं उन सभी को लाइसेंस शुल्क के दायरे में लाएं। पार्षदों के सुझाव पर नगरायुक्त शिपू गिरि ने निजी स्कूलों, स्कूल बसों और आरामशीनों को लाइसेंस शुल्क के दायरे में लाने के सम्बंध में प्रस्ताव बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर ने निर्माण कार्यो में गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य कराने पर जोर देते हुए कहा कि जो ठेकेदार विलंब करते है, ऐसे ठेकेदारों को चिह्नित कर उन पर शिकंजा कसा जाए। उन्होंने डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम नगरीय सौर पुंज योजना की धनराशि का सद्उपयोग करने के भी निर्देश दिए। महापौर ने जलकल विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां भी नाला निर्माण हो वहां यह सुनिश्चित कर लें कि पेयजल पाइप लाइन उसे क्रॉस न करे।

पार्षदों ने भवन नामान्तरण कार्य तथा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र प्रक्रिया के सरलीकरण की मांग की। इसके अलावा शहर की सफाई व्यवस्था, वार्डो में सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने, बेहट बस अड्डे पर बसों की पार्किंग के लिए शुल्क में वृद्धि कर पुन: पार्किंग के लिए यूनियन को देने, हबीबगढ़ रोड का निर्माण कराने, कुत्तों के लिए शैल्टर होम बनवाने, जिन क्षेत्रों में वाटर पाइप लाइन नहीं है वहां पाइप लाइन बिछवाने, प्रत्येक अंत्येष्टि स्थल पर हाई मास्ट लाईट लगवाने, कूड़ा घरों को हटाकर वहां सेल्फी प्वाइंट बनवाने, खनन की गाड़ियों और ट्रैक्टर ट्रालियों को भी लाइसेंस शुल्क के दायरे में लाने आदि विषयों पर कार्यकारणी सदस्यों ने विस्तार से चर्चा की। चर्चा में उपसभापति मयंक गर्ग, संजय सैनी, राजेंद्र सिंह कोहली, फजलुर्रहमान, मंसूर बदर, अनुज जैन, दिग्विजय चौहान, सलेख चंद, अभिषेक अरोड़ा टिंकू, ज्योति अग्रवाल व आरती ने हिस्सा लिया। बैठक में निगम के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

शनिवार, 7 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## बढ़ा समय

शुक्रवार को उप्र में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने कहा कि अब दस अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची जारी होगी। जोकि पहले 6 मार्च को होनी थी। उनका कहना था कि ऐसा मतदाताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस तरह दावा-आपत्ति की अवधि एक माह बढ़ाकर 6 मार्च तक कर दिया गया है। वहीं मैपिंग से जुड़े सभी कार्यों की प्रक्रिया 27 मार्च तक पूरी करने की बात उन्होंने कही। रिनवा के अनुसार मतदाता सूची को शुद्ध बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर दावा-आपत्ति और मैपिंग की प्रक्रिया जारी है। अब तक फार्म 7 के कुल 82 हजार 684 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि फार्म 6 के अनुसार 37 लाख 80 हजार 414 आवेदन आए हैं। फार्म 6 के आवेदन लगातार बढ़ने की बात भी उन्होंने कही है। उनका कहना था कि इस प्रक्रिया के दौरान लगभग एक करोड़ 4 लाख मतदाता ऐसे पाए गए, जिनमें तार्किक विसंगति थी और इन्हीं के कारण उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया और अब इन्हीं को नोटिस भेजे जा रहे हैं। रिनवा ने यह भी बताया कि कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस भेजे जाने हैं, जिनमें से अब तक 2 करोड़ 37 लाख नोटिस जनरेट हो गए हैं, इनमें से 86 लाख मतदाताओं को वितरित किए जा चुके हैं। अब तक 30 लाख 30 हजार मतदाताओं की सुनवाई पूरी कर ली गई है। एसआईआर का काम पूरे जोरो-शोरों से चल रहा है, लेकिन साथ-साथ विवाद भी चल रहा है। जहां चुनाव आयोग बराबर दावा कर रहा है कि कोई भी पात्र उम्मीदवार नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं तमाम विपक्षी नेता चुनाव आयोग की नीयत पर संदेह जता रहे हैं और वह साफ कह रहे हैं कि एसआईआर का असली मकसद नाम जोड़ना नहीं बल्कि नामों में कटौती करना है। यह देखना किसी विडंबना से कम नहीं है कि कोई भी पक्ष इस संबंध में अपने स्टैंड से पीछे हटता दिखाई नहीं दे रहा है। तमाम विपक्षी नेता जिसमें राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी जैसे नाम शामिल हैं, खुलकर चुनाव आयोग की आलोचना कर रहे हैं और उसको भाजपा का एजेंट तक कह रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ चुनाव आयोग की सेहत पर किसी तरह का कोई फर्क पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है और वह अपने काम को अपने तरीके से आगे बढ़ाते जा रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि मतदाताओं की जो लिस्ट बने वह पारदर्शी और निष्पक्ष हो और उसमें किसी तरह का भेदभाव नहीं दिखाई देना चाहिए, तो वहीं चुनाव आयोग का यह भी दायित्व बनता है कि वह सत्ता पक्ष व विपक्ष को समान रूप से साथ लेकर आगे बढ़े। अगर एक पक्ष को उस पर विश्वास नहीं होगा, तो फिर चुनाव की निष्पक्षता पर भी सवाल उठेगा और जब सवाल उठेंगे तो लोगों के मन में भी संशय पैदा होगा। ऐसे में यह काम मनमानी से नहीं बल्कि सहमति के आधार पर होना चाहिए।

### ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर



फिल्म घूसखोर पंडित में पंडित शब्द को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी बेहद दुखद और चिंताजनक है, अब फिल्मों के माध्यम से भी एक विशेष वर्ग का अपमान किया जा रहा है, जिससे पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है, फिल्म में पंडित को घुसपैठिया बताकर पूरे ब्राह्मण समाज का अपमान और अनादर किया गया है, इस तरह की जातिसूचक टिप्पणियां सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाली हैं और इन्हें किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता, बसपा इस तरह की टिप्पणी की कड़ी निंदा करती है, ऐसी जातिसूचक और समाज को बांटने वाली फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए, किसी भी माध्यम से किसी समाज को अपमानित करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि कानून-व्यवस्था और सामाजिक समरसता के लिए भी घातक है।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# चैनलों का खेल खत्म, सरेंडर हो रहे हैं लाइसेंस



पवन सिंह

भारतीय न्यूज चैनलों का भविष्य क्या दांव पर लग चुका है? बड़ी संख्या में न्यूज चैनलों से दर्शक विमुख हुए हैं। तमाम दर्शकों ने विगत कुछ सालों से न्यूज चैनलों को आंख तक नहीं लगाया है। मात्र 25 सालों में ही न्यूज चैनल अपनी विश्वसनीयता और अपना विशालकाय दर्शक वर्ग खो देंगे, ऐसा नहीं सोचा गया था लेकिन यह हो चुका है। न्यूज चैनल्स के दर्शक अब सिरे से गायब हो चुके हैं। इसका बहुत बड़ा कारण है चौनलों का जनसरोक. ारी खबरों से दूर होना और पूरा दिन सांप्रदायिक बहसों को हवा देना। दरअसल, भारतीय चैनल्स एक्सपो हो चुके हैं और यह प्रकृति का नियम है कि जो एक बार एक्सपोज हो जाता है वह हमेशा के लिए हाशिए पर चला जाता है। विश्वसनीयता का धूलधूसरित होना न्यूज चैनलों के विनाश का प्रमुख कारण बन रहा है। एक उदाहरण देना चाहूंगा जैसे ही दिल्ली के एक बड़े हिंदी न्यूज चैनल को एक विशालकाय उद्योगपति ने टेक ओवर किया, उसके कुछ ही महीनों बाद चैनल का एक बड़ा दर्शक वर्ग उस चैनल से भाग खड़ा हुआ। अब हुआ यह कि चैनल संचालक जनता से दूर हटे और जनता उनसे दूर हुई। आप न्यूज चैनल तो खोल सकते हैं, लेकिन दर्शक वर्ग किसी भी कीमत पर नहीं ला सकते। आज हालात यह हो चले हैं कि तमाम न्यूज चैनलों ने अपने-अपने ब्राड कास्टिंग लाइसेंस सेरेंडर करने आरंभ कर दिए हैं। यह सब मात्र ढाई दशकों में ही देखने को मिलेगा ऐसा नहीं सोचा था। देश में विगत तीन वर्षों में करीब 50 टीवी चैनलों ने अपने ब्रॉडकास्टिंग लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं।



लगातार एक ही तरह की प्रायोजित और एक तरफा खबरों से उकताए दर्शकों का एक बड़ा वर्ग डिजिटल व OTT प्लेटफॉर्म्स की ओर जा चुका है। इसके बाद चैनल आपरेटरों को दूसरा झटका गिरते विज्ञापन राजस्व, उच्च परिचालन लागत और बाजार की बदलती हुई स्थितियों ने दिया। परिचालन लागत ज्यादा हुई व विज्ञापन राजस्व कम हुआ। साथ ही दर्शक वर्ग गायब और कम दर्शकों के कारण विज्ञापन दाता कंपनियों द्वारा हाथ खींचना या विज्ञापन दरें कम कर देना, एक बड़ा कारण रहा। यह असर इंटरनेट चौनलों पर भी देखा जा रहा है। देश में DTH ग्राहकों में भी लगातार भारी गिरावट होती जा रही है। भारत में DTH ग्राहकों की संख्या वित्तीय वर्ष 2019-20 में 72 मिलियन से घटकर वित्तीय वर्ष 2024 में 62 मिलियन रह गई। यह संख्या लगातार तेजी से घटती जा रही है। विगत वर्षों में जिन प्रमुख ब्रॉडकास्टर्स ने अपने-अपने लाइसेंस सरेंडर किए हैं उनमें-JioStar, Zee Entertainment, Eenadu Television, TV Today Network, NDTV और ABP छमजूवता के नाम शामिल हैं जिन्होंने अपने कई चैनलों के लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार Culver Ma Entertainment यानी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया ने भी 26 डाउनलिंकिंग अनुमतियां सरेंडर की हैं। ABP Network ने उच्च लागत के कारण ABP News HD बंद कर दिया और NDTV ने अपने प्रस्तावित NDTV Gujarati चैनल का लाइसेंस वापस कर दिया। न्यूज चैनल्स जो कभी धड़ाधड़ प्रादेशिक न्यूज चैनल्स खोल रहे थे वह सब के सब धीरे-धीरे बंद होते चले गए। सबसे ज्यादा प्रादेशिक चैनल्स बंद हुए। मेरे एक पत्रकार साथी ने 2016 में बातचीत में कहा था कि एक दिन लाल किले के पीछे बाजार में न्यूज चैनलों के कैमरे और आईडी किलो में बिकेंगी। वह बात आज सच साबित हो रही है। जो न्यूज चैनल्स जिंदा भी हैं उनको विभिन्न राज्यों के सूचना विभाग और दिल्ली की मिनिस्ट्री आफ ब्राड कास्टिंग ने वेंटीलेटर की सुविधा पर रख रखा है। नाम न खोलने की शर्त पर एक बड़ी कंपनी के सीईओ जो कि मेरे मित्र भी हैं, का कहना है-हर साल हमारी कंपनी का पब्लिसिटी बजट करीब 20 करोड़ का हुआ करता था, लेकिन जिस तरह से आम जनता की पर्चेजिंग पावर घटी है और निर्यात में दिक्कतें बढ़ी हैं, अब पब्लिसिटी बजट जारी रख पाना कठिन है। चीन से जबरदस्त चुनौती अलग से है। कमोबेश देश की तमाम बड़ी कंपनियों ने अपना पब्लिसिटी बजट घटा दिया है और अब अपनी शर्तों पर विज्ञापन जारी कर रही हैं। उनके रेट पर विज्ञापन लेना हो तो आओ वरना चैनल के आफिस में बैठो। न्यूज चैनल्स के संदर्भ में हालात अभी और भी खराब होंगें। दर्शकों को बड़े पत्रकारों के यूट्यूब चैनल्स लुभाने लगे हैं। जहां संदर्भों के साथ और बिना किसी सेंसर शिप का कंटेंट हैं। कमेंट्स खुला है। सहमति-असहमति प्रगट करने की त्वरित सुविधा है। बहस का एक स्तर है। शाम छह बजे से आठ बजे तक स्टूडियो में बेमतलब के विषयों पर मुर्गे-मुर्गियां लड़ाने की परंपरा नहीं है। इंटरटेनमेंट के लिए तमाम ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं और तात्कालिक न्यूज के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म हैं। इधर चैनलों की महंगी विज्ञापन दरों की काट देश के कुछ सूचना विभागों ने निकाल ही है। वे कम लागत में एलईडी वैन पर गांव-गांव व सुदूर कस्बों तक सरकारी योजनाओं को सीधे जनता तक कनेक्ट करने में सफल हो रहे हैं। जहां विज्ञापन की अवधि और उस बढ़ी अवधि के हिसाब से दरों के बढ़ने का डर नहीं है। एलईडी वैन की जीपीएस से मानीटरिंग हो रही है।

कम लागत और सीधे जनता से कनेक्टिविटी का यह प्रयोग छोटे राज्यों में धीरे-धीरे लोकप्रिय होता जा रहा है। भारत में न्यूज चैनल्स की शुरुआत औपचारिक रूप से 1965 में दूरदर्शन से हुई थी। 1965 में दूरदर्शन पर मात्र 5 मिनट का पहला नियमित समाचार बुलेटिन प्रतिमा पुरी द्वारा पढ़ा गया था। इसके बाद दूरदर्शन न्यूज का एक लंबा युग चला। प्रादेशिक समाचार प्रसारण भी आरंभ हुए। वर्ष, 1991 में जब खाड़ी युद्ध आरंभ हुआ और CNN जैसे विदेशी चैनल्स ने कवरेज दी तो लोग आश्चर्यचकित रह गए। भारत में 1992 में पहला प्राइवेट ब्रॉडकास्टिंग न्यूज चैनल जी न्यूज आया और फिर आज तक। सैटेलाइट टीवी के आने के बाद बहुत कुछ बदला। वर्ष, 1999 में आज तक डीडी से हटा और 24 घंटे का स्वतंत्र चैनल बना। 2000 के बाद तमाम न्यूज चैनल्स आए और 2025 के अंत तक आते-आते अब सरेंडर युग की ओर जा रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जलवायु परिवर्तनः आल्पस में भूकंप का खतरा

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्पस में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है।

हम अक्सर सुनते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण लू, बाढ़, जंगलों में आग और समुद्र स्तर बढ़ रहे हैं। लेकिन अब इसका एक और चौंकाने वाला असर पता चला है-आल्प्स पर्वतों में ग्लेशियरों के पिघलने से भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। ऐसी घटना फ्रांस के मॉन्ट ब्लांक इलाके के एक ऊंचे बर्फ से ढंके पर्वत ग्रांड जोरासेस में घटी है। 2015 में जब इस क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ी तो भारी मात्रा में बर्फ पिघली।

इसके तुरंत बाद पहाड़ के नीचे छोटे-छोटे भूकंप महसूस किए गए। कोई नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन विशेषज्ञों के मुताबिक ऐसे छोटे-छोटे भूकंप कभी-कभी बड़े भूकंप की चेतावनी भी होते हैं, लेकिन बर्फ के पिघलने से भूकंप कैसे आ सकते हैं? जब ग्लेशियर पिघलते हैं तो पानी चट्टानों की दरारों से गहराई तक चला जाता है। वहां यह पानी चट्टानों पर दबाव बनाता है और जमीन के अंदर जो फॉल्ट लाइनें होती हैं, उनकी पकड़ कमजोर कर देता है। इन फॉल्ट लाइनों के फिसलने से ऊर्जा निकलती है जो भूकंप का कारण बनती है। ऐसा नहीं है कि यह प्रक्रिया सिर्फ आल्प्स में होती है। वैज्ञानिकों ने ताइवान जैसे इलाकों में भी देखा है कि बारिश के हिसाब से भूकंप की संख्या बदलती है। इसी तरह, जहां फ्रैंकिंग (तेल और गैस निकालने की प्रक्रिया) या जियोथर्मल ऊर्जा के लिए जमीन के भीतर दबाव के साथ पानी डाला जाता है, वहां भी छोटे भूकंप आ सकते हैं। ETH ज्यूरिख के वैज्ञानिकों द्वारा मॉन्ट ब्लांक इलाके में छोटे भूकंप को मापने वाले यंत्रों की मदद से 2006 से अब तक दर्ज 12,000 से ज्यादा छोटे-छोटे भूकंपों के विश्लेषण से पता चला है कि 2015 की गर्मी के बाद इन भूकंपों की संख्या बढ़ी थी। यही पैटर्न अगले साल की ग्रीष्म लहरों के बाद भी दिखे। दिलचस्प बात यह है कि सतह के पास वाले छोटे भूकंप गर्मी के लगभग एक साल बाद बढ़े, जबकि गहराई (लगभग 7 कि.मी) में आने वाले भूकंप दो साल बाद बढ़े। इसका कारण यह हो सकता है कि पानी को गहराई तक पहुंचने में समय लगता है। भूकंप सम्बंधी ऐसे अनुभव पहले भी हुए हैं।

1960 के दशक में जब मॉन्ट ब्लांक टनल बनाई जा रही थी तो पहाड़ों के भीतर से अचानक तेजी से बहता हुआ बिलकुल ताजा पानी मिला। यह पानी इतना ताजा था कि उसमें अभी तक चट्टानों के खनिज भी नहीं घुल पाए थे। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों ने इन निष्कर्षों पर थोड़ी सावधानी बरतने की बात कही है। वैज्ञानिक फिलिप वर्नांट का कहना है कि वैसे तो आंकड़े काफी मजबूत हैं लेकिन यह भी मुमकिन है कि मॉन्ट ब्लांक सुरंग बनाने के प्रभाव देर से सामने आ रहे हों। इसलिए जरूरी है कि इस तरह की घटनाओं पर लंबे समय तक अध्ययन किए जाएं ताकि पता चल सके कि ऐसा पैटर्न केवल आल्प्स में है या दुनिया के अन्य पहाड़ी इलाकों में भी है। अभी तक तो आल्प्स में आए इन भूकंपों से मॉन्ट ब्लांक सुरंग या आस-पास के शहरों को कोई खतरा नहीं है। इस क्षेत्र की इमारतें रिक्टर पैमाने पर 6 स्तर के भूकंप



झेलने लायक बनाई गई हैं, लेकिन स्थिति हिमालय जैसे इलाकों में ज्यादा गंभीर हो सकती है, जहां ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं और जहां बड़े और खतरनाक भूकंप आने की आशंका भी ज्यादा है। जलवायु परिवर्तन बढ़ता जा रहा है और यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि हमारी धरती पहले से ही एक नाजुक हालत में हैय ग्लेशियर पिघलने जैसे छोटे बदलाव भी इसे और अस्थिर कर सकते हैं।

**-स्रोत फीचर्स**

# आकस्मिक चिकित्सा सुविधाओं पर पुनर्विचार की आवश्यकता

जब सिर्फ पैसों के कारण आपात स्थिति में इलाज नहीं दिया जाता, तो कई बार जान चली जाती है। यह लेख ऐसे ही कुछ बेहद जरूरी मामलों को सामने लाता है और सख्त नियमों और उन्हें सही तरीके से लागू करने की मांग करता है, ताकि संकट के समय किसी को भी इलाज से वंचित न किया जाए। कुछ ही महीने पहले पुणे में एक बहुत दुखद घटना घटी। एक गर्भवती महिला, जिसे पहले से ही गंभीर स्थिति में माना गया था और जो समय से पहले जुड़वां बच्चों को जन्म देने वाली थी, उसे पुणे के जाने-माने दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज शुरू करने के लिए अस्पताल ने 10 लाख रुपए एडवांस जमा करने की मांग की।




परिवार ने इलाज के लिए गुहार लगाई और भरोसा दिलाया कि थोड़ी देर में पैसों का इंतजाम हो जाएगा, लेकिन अस्पताल ने पैसे के बिना इलाज शुरू करने से मना कर दिया। इससे कीमती समय बर्बाद हुआ और महिला को दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ा। वहां उसने जुड़वां लड़कियों को जन्म तो दिया, लेकिन उसकी खुद की जान नहीं बच सकी।

**बेवजह देरी**- जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जब मातृत्व मृत्यु रोकने की बात होती है, तो अक्सर थ्री डिले मॉडल (तीन देरियों) का जिक्र होता है। इस मॉडल से यह समझने में मदद मिलती है कि इलाज में किस-किस स्तर पर होने वाली देरी मां की जान ले सकती है। सबसे पहली देरी होती है घर में-जब परिवार यह तय करने में समय लगाता है कि इलाज करवाना है या नहीं। दूसरी देरी होती है अस्पताल तक पहुंचने में-जब रास्ते की दूरी, खराब सड़कें या परिवहन की समस्या आड़े आती है। तीसरी देरी तब होती है जब मरीज अस्पताल पहुंच तो जाता है, लेकिन वहां स्टाफ की कमी, जरूरी साधनों के अभाव या तंत्र की लापरवाही के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाता। हालांकि यह मॉडल आम तौर पर गर्भवती महिलाओं के इलाज के संदर्भ में लागू किया जाता है, लेकिन इसे हर उस आपात स्थिति पर लागू किया जा सकता है जहां समय पर इलाज न मिलने से मरीज की जान जा सकती है।

हमारे देश में तीसरे प्रकार की देरी से होने वाली मौतें ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में देखी जाती हैं, जहां न तो अस्पताल होते हैं और न ही स्टाफ। लेकिन यह मामला एक चौंकाने वाला शहरी उदाहरण है, जहां देरी का कारण सुविधाओं की कमी नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों की कॉर्पोरेट सख्ती था। यह जानते हुए भी कि महिला की हालत बेहद गंभीर थी, अस्पताल ने सिर्फ पैसों की वजह से इलाज करने से मना कर दिया। इसलिए यह जरूरी है कि हम इस बात को सामने लाएं कि जो बड़े निजी अस्पताल सरकारी छूट और सुविधाएं लेते हैं, वे आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। कैसे कई बार वित्तीय हित मरीज की देखभाल और सुरक्षा से ज्यादा अहम हो जाते हैं।

**मेरा निजी अनुभव**- उपरोक्त खबर को पढ़ने के बाद मुझे भी अपना एक हालिया अनुभव साझा करने की जरूरत महसूस हो रही है, जो यह दिखाता है कि निजी अस्पतालों में नीतियों में बदलाव और जवाबदेही कितनी जरूरी है।

मेरी पत्नी को एक्टोपिक प्रेग्नेंसी जिसमें गर्भधारण गर्भाशय की बजाय किसी अन्य स्थान पर हो जाता है और यह एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी होती है की स्थिति में तुरंत अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। हमारे पास स्वास्थ्य बीमा था, इसलिए कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध थी। मैंने सारे जरूरी दस्तावेज तुरंत जमा कर दिए। बताया गया कि बीमा क्लेम की प्रक्रिया शुरू हो गई है और मंजूरी में लगभग तीन घंटे लगेंगे, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि जब तक 25,000 रुपए एडवांस में नहीं दिए जाते, सर्जरी शुरू नहीं होगी।

मेरे लिए पैसा देना मुश्किल नहीं था, फिर भी मैंने पूछा कि जब कैशलेस सुविधा है तो क्या पैसे मिलने के लिए तीन घंटे का इंतजार नहीं किया जा सकता? जवाब मिला कि सर्जरी तभी शुरू होगी जब कैशलेस क्लेम मंजूर हो जाएगा। मैंने बार-बार समझाया कि यह इमरजेंसी है, लेकिन बिलिंग विभाग ने कोई नरमी नहीं दिखाई। आखिरकार मैंने एडवांस राशि दी, सर्जरी हुई और जैसा अनुमान था, क्लेम भी मंजूर हो गया। पत्नी की छुट्टी के बाद जमा की गई राशि लौटा दी गई। लेकिन इस अनुभव ने मेरे जेहन में कई सवाल छोड़ दिए।

यदि उस समय मेरे पास 25,000 रूपए न होते तो क्या मेरी पत्नी की सर्जरी टल जाती, जबकि मैंने कैशलेस इलाज के लिए सारे जरूरी दस्तावेज जमा कर दिए थे और यदि देरी से उनकी सेहत को नुकसान होता, तो उसका जिम्मेदार कौन होता? आपात स्थिति में इन प्रक्रियाओं की बजाय अस्पताल इलाज को प्राथमिकता क्यों नहीं देते? जब मरीज को सर्जरी या गंभीर इलाज की जरूरत है और वह 2.3 दिन अस्पताल में रहने वाला है, और 25,000 रुपए की एडवांस राशि बहुत बड़ी नहीं है, खासकर तब जब अस्पताल कैशलेस सुविधा वाला है और बीमा से पैसा मिलने ही वाला है। फिर भी इलाज शुरू करने से पहले इतनी बेरहमी से एडवांस की मांग क्यों? इलाज में देरी जान ले सकती है। क्या ऐसी स्थिति में इंसानियत और सहयोग की भावना जरूरी नहीं है? आपात समय में मरीज के परिवारजन घबराए होते हैं और कभी-कभी आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती है।

ऐसे मौके पर क्या अस्पताल को थोड़ी नरमी नहीं दिखानी चाहिए? मरीज की जान से जुड़ी स्थिति में अस्पताल इतनी कठोर नीति क्यों अपनाते हैं? और आखिर किसने निजी अस्पतालों को यह हक दिया कि वे मरीज की जान को इस तरह जोखिम में डालें? वैसे कैशलेस क्लेम को मंजूरी मिल गई थी, और जो पैसे मैंने एडवांस में दिए थे, वो पैसे मुझे तुरंत नहीं मिले थे। यहां मुझसे एक ग्राहक के तौर पर उम्मीद की गई थी कि मैं अस्पताल की आंतरिक प्रक्रिया के साथ सहयोग करूं। लेकिन क्या अस्पतालों द्वारा एडवांस राशि तुरंत जमा करवाने के नियम में ढील नही दी जानी चाहिए, खासकर इमर्जेंसी की स्थिति में? क्या मरीज के परि. जनों की यह उम्मीद गलत है कि ऐसी स्थिति में अस्पताल थोड़ा लचीलापन दिखाए? यहां साफ तौर पर असंतुलन हैय जहां मरीज से तो उम्मीद की जाती है कि वह अस्पताल की प्रक्रियाओं का सम्मान करे, लेकिन अस्पताल मरीज की जरूरतों को नजरअंदाज कर देता है।

**-साभार एस.एफ**

# मोदी ने रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमला करने से रोका

## पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्सकी ने किया दावा, कहाः भारतीय पीएम ने वैश्विक स्तर पर सकारात्मक भूमिका निभाई

**वाशिंगटन।** पोलैंड के उप विदेश मंत्री व्लादिस्लाव बार्टोशेव्स्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर पर सकारात्मक भूमिका निभाई। बार्टोशेव्स्की ने कहा कि पीएम मोदी ने रूस को यूक्रेन पर परमाणु हमले से रोका था।

बार्टोशेव्स्की ने एक समाचार एजेंसीके साथ बातचीत में भारत के साथ पोलैंड के सौहार्दपूर्ण संबंधों की चर्चा की। उन्होंने कहा, हमारे भारत के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। हम दुनिया में भारत की भूमिका को स्वीकार करते हैं। फिर उन्होंने रूस-यूक्रेन जंग में प्रधानमंत्री मोदी की भूमिका पर प्रकाश डाला। बार्टोशव्स्की ने कहा, जैसा कि मैंने नई दिल्ली में अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2022 के आखिर में राष्ट्रपति व्लादिमीर



■ जैसा कि मैंने नई दिल्ली में अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि पीएम मोदी ने 2022 के आखिर में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की थीः बार्टोशेव्स्की

पुतिन से बात की थी और उन्हें यूक्रेन में सामरिक परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की कोशिश करने से रोका था। यह एक सकारात्मक भूमिका थी जो प्रधानमंत्री मोदी ने निभाई। भारत दुनिया के मामलों में सकारात्मक भूमिका निभाता है और मुझे उम्मीद है कि यह जारी रहेगा। पीएम मोदी के पोलैंड दौरे को याद करते हुए बार्टोशेव्स्की ने कहा, हमने 2024 में पीएम मोदी के साथ एक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। तब वह भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर पोलैंड आए थे। वह 45 साल में हमारे देश आने वाले वो भारत के पहले पीएम थे। यह एक बहुत अच्छी यात्रा थी। उन्होंने आगे कहा, अब हमने ईयू के साथ विदेश व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। हम भी इसका हिस्सा हैं। मैं अभी विदेश मंत्रालय से लौटा हूं, जहां हमने सैन्य सहयोग, डिजिटल उद्योग सहयोग, सुरक्षा मुद्दे, हाई-टेक में आईटी निवेश, अंतरिक्ष में सहयोग और अन्य चीजों से जुड़े कई व्यावहारिक कदमों पर चर्चा की। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ने दूसरे देशों की तुलना में अमेरिका के साथ ज्यादा फायदेमंद व्यापार समझौता किया है, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत एक बहुत बड़ी आर्थिक शक्ति है। आप अब दुनिया में जीडीपी के मामले में चौथे नंबर पर हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने यह साफ कर दिया है कि आपका लक्ष्य बहुत जल्द दुनिया की तीसरी बड़ी शक्ति बनना है। भारत एक बहुत बड़ा बाजार है। लगभग डेढ़ अरब लोग यहां रहते हैं और इस वजह से भी यह एक बहुत ही उन्नत बाजार है।

# रूसी सैन्य खुफिया एजेंसी के डिप्टी चीफ पर जानलेवा हमला

**मॉस्को।** रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी (जीआरयू) के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेएव शुक्रवार को मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर की गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए। राजधानी के उत्तर-पश्चिमी इलाके में स्थित एक आवासीय इमारत के पास घात लगाकर बैठे हमलावर ने जनरल अलेक्सेएव पर कई गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गया। हमले के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। रूसी जांच समिति ने इस घटना को 'हत्या के प्रयास' का मामला मानते हुए आपराधिक जांच शुरू कर दी है। जनरल अलेक्सेएव 2011 से जीआरयू में दूसरे सबसे शक्तिशाली अधिकारी के पद पर तैनात हैं।



पुलवामा। जम्मू-कश्मीर में आतंकवादिशें की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के बाद चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मी निगरानी करते हुए।

# सिंगापुर शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव का कर रहा है मूल्यांकन

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रहा है। यह जानकारी द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के हवाले से गुरुवार को दी। रिपोर्ट में कहा गया कि संसद के पांच सदस्यों ने बालाकृष्णन से सिंगापुर को शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए अमेरिका द्वारा दिए गए स्थाई निमंत्रण के बारे में सवाल किया था। उल्लेखनीय है कि 16 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की

# बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के घर के बाहर हिंसक प्रदर्शन

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शुक्रवार को सरकारी कर्मचारियों और पुलिस के बीच जोरदार झड़प हो गई। ये कर्मचारी नौवें नेशनल पे स्केल को लागू करने की मांग कर रहे थे। ये झड़प मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के सरकारी आवास 'जमुना' के बाहर हुआ। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब आम चुनाव में सिर्फ छह दिन बचे हैं। अगस्त 2024 में हुई हिंसा के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद छोड़ना पड़ा था और वे भारत चली गई थीं। इसके बाद निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक केयरटेकर सरकार बनाई गई थी। शुक्रवार सुबह देश के अलग-अलग हिस्सों से आए प्रदर्शनकारी शहीद मीनार पर जमा हुए और वहां से जमुना की ओर मार्च करने लगे। वे नौवें नेशनल पे कमीशन की रिपोर्ट के आधार पर गजट तुरंत जारी करने और वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के दौरान लोग नारे लगा रहे थे कि पेट में चावल नहीं है, तो मुंह में विकास किस बात का। करीब साढ़े ग्यारह बजे प्रदर्शनकारियों ने शाहबाग इलाके में लगाए गए पुलिस बैरिकेड तोड़ दिए और आगे बढ़ने लगे। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए वाटर कैनन, आंसू गैस, साउंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया और लाठीचार्ज भी किया।

# अमेरिकियों को तुरंत ईरान छोड़ने की चेतावनी

## वर्चुअल एंबेसी बोलीः मदद का इंतजार करें, खुद निकलें, ओमान में परमाणु मुद्दे पर बातचीत जल्द

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सख्त चेतावनी दी है। वर्चुअल अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि देश में सुरक्षा की स्थिति बेहद खराब हो गई है। बढ़ती अशांति, पाबंदियां और यात्राा में रुकावटें लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं। एम्बेसी ने साफ कहा है कि जल्द से जल्द ईरान छोड़ दें। अपने निकलने का प्लान खुद बनाएं और इसमें अमेरिकी सरकार की मदद पर भरोसा न करें।

मौजूदा हालात में आधिकारिक सहायता बेहद सीमित है। ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और अशांति के कारण सुरक्षा व्यवस्था सख्त हो गई है। सड़कें बंद हैं, सार्वजनिक परिवहन ठप है, इंटरनेट और मोबाइल-लैंडलाइन सेवाएं बार-बार बाधित हो रही हैं। कई एयरलाइंस ने ईरान आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, जिससे बाहर निकलना और भी मुश्किल हो गया है। इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता आज ओमान की राजधानी मस्कट में शुरू हो रही है।

यह पिछले करीब नौ महीनों में दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बैठक है, जो जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद से निलंबित थी। जनवरी की शुरूआत में बढ़ती महंगाई के खिलाफ हजारों प्रदर्शनकारी ईरान की सड़कों पर उतर आए। ईरान में तनाव बना हुआ है। अमेरिकी चेतावनी में कहा गया है कि अगर तुरंत निकलना संभव न हो तो सुरक्षित जगह पर रहें। वहां खाना, पानी, दवाइयां और जरूरी सामान का स्टाक रखें। इंटरनेट ब्लैकआउट जारी रहने की संभावना है, इसलिए परिवार और दोस्तों से संपर्क के लिए दूसरे तरीके सोचें। यूएसै एम्बेसी ने अमेरिका-ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाले लोगों के लिए ज्यादा खतरा बताया है। ईरान दोहरी नागरिकता को मायूएसयता नहीं देता, इसलिए ऐसे लोग ईरानी पासपोर्ट से ही बाहर निकल सकते हैं। अमेरिकी पासपोर्ट दिखाना या अमेरिका से जुड़ाव जाहिर करना ईरानी अधिकारियों के लिए हिरासत में लेने का कारण बन सकता है। ऐसे में पूछताछ, गिरफ्तारी या लंबी हिरासत का खतरा है। जो अमेरिकी नागरिक बिना वैध अमेरिकी पासपोर्ट के हैं, उन्हें ईरान छोड़ने के बाद नजदीकी अमेरिकी दूतावास से पासपोर्ट बनवाने की सलाह दी गई है। अमेरिकी सरकार ने साफ किया है कि ईरान में कूटनीतिक और कांसुलर संबंध न होने की वजह से वह अपने नागरिकों की मदद करने की स्थिति में नहीं है। अमेरिका के हितों का प्रतिनिधित्व तेहरान में स्विट्जरलैंड दूतावास करता है। रूटीन कांसुलर सेवाएं बंद हैं और हालात में सुधार के कोई संकेत नहीं दिख रहे, इसलिए अमेरिकी नागरिकों से खुद ही सुरक्षित निकलने की ठोस योजना बनाने की अपील की गई है। सुरक्षा के लिए कुछ जरूरी सलाह भी दी गई है, जैसे प्रदर्शनों और भीड़-भाड़ वाली जगहों से दूर रहें, फोन हमेशा चार्ज रखें, परिवार से संपर्क बनाए रखें और स्थानीय मीडिया पर नजर रखकर हालात की जानकारी लेते रहें। हाई-लेवल वार्ता से पहले व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कूटनीति के पक्ष में हैं, लेकिन अगर बातचीत नाकाम होती है तो ताकत का इस्तेमाल करने के लिए भी तैयार हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने गुरुवार को पत्राकारों से कहा कि ट्रम्प ओमान में होने वाली बातचीत में देखना चाहते हैं कि क्या कोई समझौता हो सकता है। साथ ही उयूएसहोंने ट्रम्प की मांग दोहराई कि ईरान के पास जीरो परमाणु क्षमता होनी चाहिए। उयूएसहोंने चेतावनी भी दी कि अगर बातचीत से नतीजा नहीं निकला तो राष्ट्रपति के पास कई विकल्प मौजूद हैं।



■ यह पिछले करीब नौ महीनों में दोनों देशों के बीच पहली औपचारिक बैठक है, जो जून 2025 में हुए संघर्ष के बाद से निलंबित थी

## ईरान ने अमेरिका को दिया कड़ा संदेश

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अपनी नवीनतम लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'खोर्रमशहर-4' को एक सैन्य अड्डे पर तैनात कर दिया है। सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह मिसाइल आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स द्वारा संचालित एक नए सैन्य स्थल के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शित की गई। इसकी तैनाती को ईरान की रक्षा नीति में औपचारिक रूप से शामिल किए जाने का संकेत माना जा रहा है। प्रेस टीवी के मुताबिक, 'खोर्रमशहर-4' की मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर (करीब 1200 मील) है और यह 1500 किलोग्राम (लगभग 3300

■ 'खोर्रमशहर-4' बैलिस्टिक मिसाइल को सैन्य अड्डे पर तैनात कर किया तैनात

पाउंड) तक का वारहेड ले जाने में सक्षम है। आईआरजीसी के राजनीतिक मामलों के उप कमांडर ब्रिगेडियर जनरल यदोल्लाह जावानी ने कहा कि मिसाइल का प्रदर्शन अमेरिका को यह संदेश देने के लिए था कि ईरान अपनी रक्षा क्षमताओं से पीछे हटने का इरादा नहीं रखता। अल मायादीन से बातचीत में उन्होंने कहा कि ईरान 'अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा और युद्ध नहीं चाहता कि लेकिन यदि दुश्मन कोई गलती करता है तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा।

# अफगान तालिबान ने आतंकी समूहों की सहायता वाले आरोपों को किया खारिज

**काबुल।** अफगान तालिबान ने अफगानिस्तान में सक्रिय विदेशी आतंकवादी समूहों को किसी भी प्रकार की सहायता देने के आरोपों को खारिज कर दिया। उसने आरोप लगाया कि इस्लामिक स्टेट के लड़ाकों ने पड़ोसी देशों में ठिकाने स्थापित किए हैं, जो पाकिस्तान की ओर एक अप्रत्यक्ष इशारा है।

तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कई देशों द्वारा तालिबान-नियंत्रित अफगानिस्तान से कथित आतंकवादी गतिविधियों के बारे में व्यक्त की गई चिंताओं का जवाब देते हुए गुरुवार को कहा कि अफगानिस्तान सुरक्षित है और इस्लामी अमीरात में कोई विदेशी या दुष्ट समूह मौजूद नहीं है। अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट की हार का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश इस आतंकी समूह ने हमारे पड़ोसी देशों में अपने ठिकाने बना लिए हैं। मुजाहिद ने देशों द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं को बेबुनियाद करार देते हुए कहा कि ये चिंताएं संयुक्त राष्ट्र में तालिबान के प्रतिनिधित्व की कमी के कारण उत्पन्न हुई हैं। हालांकि उन्होंने किसी भी पड़ोसी देश का नाम नहीं लिया, जहां

■ पाकिस्तान के प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने तालिबान पर आतंकी समूहों की सहायता करने और उन्हें बढ़ावा देने का आरोप लगाया था

उनके अनुसार इस्लामिक स्टेट खोरासान ने कथित तौर पर शरण ली थी लेकिन तालिबान अधिकारियों ने एक से अधिक बार पाकिस्तान पर इस्लामिक स्टेट के गुर्गों को पनाह देने, सहायता करने, प्रशिक्षण देने एवं वित्तपोषण करने का आरोप लगाया है। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सत्र में, संयुक्त राष्ट्र के एक वरिष्ठ अधिकारी, अलेक्जेंडर जुएव ने चेतावनी दी कि इस्लामिक अमीरात में आईएस-केपी क्षेत्र और उससे परे दोनों जगह सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है, जो तालिबान द्वारा बार-बार किए गए उन दावों के विपरीत है कि उसने देश के भीतर इसे हरा दिया है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट का खतरा लगातार बना हुआ है और इसके लिए तत्काल समन्वित अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता है।

# अमेरिका की खूंखार अपराधियों की सूची में 89 भारतीय शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अवैध प्रवास और अपराध के खिलाफ अपनी सख्त नीति को और तेज करते हुए 89 भारतीय नागरिकों को **'Worst of the Worst'** यानी सबसे खतरनाक अपराधी की सूची में शामिल किया है।

यह सूची अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) द्वारा एक नई सार्वजनिक वेबसाइट पर जारी की गई है, जिसमें गंभीर अपराधों में दोषी पाए गए अवैध प्रवासियों का विवरण दिया गया है। विभाग की ओर से शुरू की गई इस वेबसाइट में अपराधियों के नाम, तस्वीरें, राष्ट्रीयता और उनके द्वारा किए गए अपराधों की जानकारी सार्वजनिक की गई है। विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य अमेरिकी नागरिकों को यह दिखाना है कि किन आपराधिक अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार कर उनके समुदायों से हटाया गया है। वेबसाइट के शुरुआती संदेश में बताया गया है कि इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) द्वारा गिरफ्तार किए गए सबसे गंभीर अपराधियों को प्राथमिकता के आधार पर चियूिएसहत किया जा रहा है। इसमें हत्या, यौन अपराध, ड्रग तस्करी और हिंसक अपराधों में शामिल लोगों को सबसे पहले सूचीबद्ध किया गया है। डीएचएस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी इस वेबसाइट की जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब आम लोग खुद देख सकते हैं कि किन अपराधियों को पकड़ा गया है, उयूएसहोंने क्या अपराध किए और उयूएसहें किन इलाकों से हटाया गया।

# मैंडेलसन की नियुक्ति पर स्टारमर ने सार्वजनिक मांगी माफी

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में पीटर मैंडेलसन की नियुक्ति को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ मैंडेलसन के कथित संबंधों को लेकर विवाद गहराने के बाद स्टारमर ने यह कदम उठाया। स्टारमर ने फरवरी 2025 में मैंडेलसन को अमेरिका में राजदूत नियुक्त किया था। बाद में एपस्टीन से उनके संबंधों को लेकर उठे विवाद के बीच सितम्बर में उन्हें पद से हटा दिया गया। रविवार को मैंडेलसन ने लेबर पार्टी से अपने इस्तीफे की भी घोषणा की। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्टारमर ने कहा कि एपस्टीन के पीड़ितों ने न्याय में देरी और जवाबदेही से वंचित होने का अनुभव किया है

# कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगाः शहबाज

## पाकिस्तानी पीएम बोलेः कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़े, यह इलाका पाक की लाइफ लाइन है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पीओके में कश्मीर को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। मुजफ्फराबाद में विधानसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा।' शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए।

शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्रा को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था। शहबाज ने यह भी कहा कि पाकिस्तान क्षेत्रा में शांति चाहता है, लेकिन यह शांति बराबरी और न्याय के आधार पर ही संभव है। हर साल की

■ पाक के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना ने इस क्षेत्र को पाकिस्तान की लाइफ लाइन बताया था



तरह इस साल भी 5 फरवरी को पाकिस्तान में कश्मीर एकजुटता दिवस (कश्मीर सालिडैरिटी डे) मनाया गया। इसमें रैलियां, प्रदर्शन और सेमिनार आयोजित किए गए। स्टेट रन रेडियो पाकिस्तान ने बताया कि संघर्ष में जान गंवाने वालों की याद में सुबह 10 बजे एक मिनट का मौन रखा गया। लोग बैनर और प्लेकार्ड लेकर आए थे। भारत ने पाकिस्तान के दावों को लगातार खारिज किया है। नई दिल्ली का साफ कहना है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे। शहबाज शरीफ ने कहा कि कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान की फारेन पालिसी का आधार है। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई 2025 में हुए चार दिवसीय सैन्य संघर्ष को भी याद किया। उन्होंने दावा किया कि इस संघर्ष के बाद कश्मीर मुद्दा एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पूरी ताकत के साथ उठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत अब प्राक्सी के जरिए आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। पाकिस्तान मिलिटेंट ग्रुप बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को भारत का समर्थन मिलने का दावा करता है, जबकि भारत ऐसे आरोपों को हमेशा खारिज करता रहा है। शहबाज ने सभा में कहा कि कश्मीर की लड़ाई फिलिस्तीन की तरह है। उन्होंने दोनों मुद्दों को न्याय और आत्म-निर्णय की लड़ाई बताया। पाकिस्तानी पीएम ने अलगाववादी और उग्रवादी आंदोलनों से जुड़े कई लोगों का भी जिक्र किया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी एक बयान जारी कर कश्मीरियों के लिए पाकिस्तान के नैतिक, कूटनीतिक और राजनीतिक समर्थन की बात दोहराई।

# तारिक रहमान आठ को बीएनपी की रैली को करेंगे संबोधित

**ढाका।** बंगलादेश में चुनाव प्रचार अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर रहा है, ऐसे में बंगलादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के अध्यक्ष तारिक रहमान आठ फरवरी को ढाका के नयापल्टन इलाके में पार्टी की अंतिम चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली दोपहर दो बजे शुरू होने वाली है, जिसमें रहमान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने गुरुवार को पार्टी के नयापल्टन केंद्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को यह जानकारी दी। रिजवी ने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और ढाका और आसपास के निर्वाचन क्षेत्रों से बीएनपी के उम्मीदवार रैली में शामिल होंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर से मिले सब को अमल में लाने की जरूरतः एयर मार्शल मिश्रा

**नई दिल्ली।** पश्चिमी वायु कमान के प्रमुख एयर मार्शल जीतेन्द्र मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से मिले सबकों को महत्वपूर्ण बताते हुए भविष्य के युद्धों और अभियानों में इनकी भूमिका पर बल दिया है।

कमान के सीनियर एयर स्टाफ ऑफिसर एयर मार्शल जे एस मान ने भी सेनाओं के बीच पारस्परिक संचालन क्षमता बढ़ाने, डोमेन-निरपेक्ष निर्णय प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने, 'सेंसर-टू-शूटर' संपर्कों को सुदृढ़ करने तथा अधिक दक्षता के लिए संचालन प्रक्रियाओं में सुधार को जरूरी बताया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि पश्चिमी वायु कमान मुख्यालय ने दो दिन के 'ऑल डोमेन जॉइंट ऑपरेशंस' अभ्यास के दौरान उच्चस्तरीय संयुक्त संचालन सम्मेलन का आयोजन किया। इसका उद्देश्य संचालन स्तर पर अंत सेना और अंतर-सेना समन्वय को सुदृढ़ करना था जिससे कि बढ़ते जटिल बहु-डोमेन माहौल में भारतीय रक्षा बलों की संयुक्त संचालन क्षमताओं को और अधिक मजबूत किया जा सके।

सम्मेलन में मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ , सेना, नौसेना, रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी तथा रक्षा खुफिया एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ वायु सेना के वरिष्ठ नेतृत्व ने भाग लिया। एयर मार्शल मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से प्राप्त महत्वपूर्ण सबकों तथा भविष्य के युद्ध संचालन पर उनके व्यापक प्रभावों को रेखांकित किया। उन्होंने निर्णायक रणनीतिक प्रभाव उत्पन्न करने में वायु शक्ति की केंद्रीय भूमिका, सतही युद्धाभ्यास को आक्रामक वायु अभियानों के साथ समन्वित करने की आवश्यकता तथा स्टैंड-ऑफ हथियारों के प्रयोग से प्राप्त रणनीतिक लाभ को विशेष रूप से उजागर किया। उन्होंने 1971 की लड़ाई की पारंपरिक क्षरण-आधारित युद्ध अवधारणाओं तथा पारंपरिक 'इफेक्ट्स-बेस्ड ऑपरेशंस' ढांचे से आगे बढ़ते हुए अधिक फुर्तीले, अनुकूलनीय एवं पूर्णतः एकीकृत संयुक्त युद्धक प्रतिमान को अपनाने का आह्वान किया।

# मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के अधिकारियों ने इजरायल की खुफिया एजेंसी 'मोसाद' के लिये जासूसी करने के संदेह में इस्तांबुल में दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। इस्तांबुल मुख्य लोक अभियोजक कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

संदिग्धों को 'मोनिटम' नामक एक जासूसी अभियान के तहत हिरासत में लिया गया। यह अभियान अभियोजक कार्यालय और इस्तांबुल पुलिस विभाग की आतंकवाद विरोधी शाखा के समन्वय में तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन द्वारा चलाया गया था। तुर्की के सरकारी समाचार चैनल टीआरटी की रिपोर्ट के अनुसार, जांचकर्ताओं ने बताया कि दोनों संदिग्धों ने मुख्य रूप से इजरायली नीतियों का विरोध करने वाले फिलिस्तीनियों के साथ सामाजिक और व्यावसायिक संपर्क स्थापित किये और फिर खुफिया जानकारियां एकत्र की। उन्होंने व्यक्तियों, स्थानों और नेटवर्क से संबंधित जानकारी इजरायली खुफिया एजेंसी को पहुंचाई। सुरक्षा स्रोतों के हवाले से टीआरटी ने बताया कि संदिग्धों में से एक ने कई यूरोपीय देशों में मोसाद के कई एजेंटों के साथ बैठकें की थीं। उस पर गाजा में प्रवेश करने की अनुमति प्राप्त करने की कोशिश करने का भी आरोप है, जहां उसने कथित तौर पर गोदाम के लिए रेकी की और उनकी तस्वीरें इजरायली खुफिया विभाग को भेजीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कानूनी प्रक्रिया जारी रहने तक दोनों संदिग्ध हिरासत में रहेंगे।

